आवश्यकता
दैनिक शुभ भास्कर
दैनिक अखबार के लिए
संपूर्ण राज्य से विज्ञापन प्रभारी एवं जिला ब्यूरो चीफ एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
बिहार झारखंड हेड संपर्क न0 =
7764978689/+919625958256

दैनिक
शुभ भास्कर
हर कदम आपके साथ...
झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित
• वर्ष : 1 • अंक : 138 • नई दिल्ली, गुरुवार, 24 अगस्त 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737

3 एलएस और सीडीपीओ के मिलीभगत से प्रति माह ....

चंद्रयान-3 के चांद पर पहुंचने की प्रोसेस

14 जुलाई 2023 को दोपहर 2 बजकर 35 मिनट पर आंध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से मिशन लॉन्च हुआ। 23 अगस्त को शाम 6.04 बजे ये मून पर पहुंचा। पृथ्वी से चांद की दूरी 3.84 लाख किलोमीटर है। चंद्रयान-3 का रास्ता कुछ ऐसा रहा...

चांद पर चंद्रयान बोला- मैं अपनी मंजिल पर पहुंचा

एजेंसी। बेंगलुरु



23 अगस्त की शाम को चांद पर जैसे ही सूरज उगा, इसरो के चंद्रयान ने उसके साउथ पोल पर लैंडिंग कर इतिहास रच दिया। भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर कामयाब लैंडिंग करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रयान-3 ने बुधवार शाम 5 बजकर 44 मिनट पर लैंडिंग प्रोसेस शुरू की। इसके बाद अगले 20 मिनट में चंद्रमा की अंतिम कक्षा से 25 किमी का सफर पूरा किया। शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान-3 के लैंडर ने चांद पर पहला कदम रखा। ISRO के डायरेक्टर एस. सोमनाथ ने कहा- अगले 14 दिन हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रज्ञान रोवर को बाहर आने में एक दिन का समय भी लग सकता है। प्रज्ञान हमें चांद के वातावरण के बारे में जानकारी देगा। हमारे कई मिशन कतार में हैं। जल्दी सूर्य पर आदित्य एल1 भेजा जाएगा। गगनयान पर भी काम जारी है। चांद पर पहुंचकर चंद्रयान-3 ने मैसेज भेजा- मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया हूं। वहीं साउथ अफ्रीका से प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को बधाई देकर कहा- अब चंदामामा दूर के नहीं।

चांद पर कामयाब लैंडिग करने वाला भारत चौथा देश - इस कामयाबी के साथ भारत चांद के किसी भी हिस्से में मिशन लैंड कराने वाला चौथा देश बन गया है। इससे पहले अमेरिका, सोवियत संघ और चीन ही ऐसा कर सके हैं।

कामयाब लैंडिंग के बाद रोवर के बाहर निकलने का इंतजार - अब सभी को विक्रम लैंडर से प्रज्ञान रोवर के बाहर आने का इंतजार है। धूल का गुबार शांत होने के बाद यह बाहर आएगा। इसमें करीब 1 घंटा 50 मिनट लगेगा। इसके बाद विक्रम और प्रज्ञान एक-दूसरे की फोटो खींचेंगे और पृथ्वी पर भेजेंगे। चंद्रयान मिशन को ऑपरेट कर रहे इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन यानी ISRO ने चंद्रयान को श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई को लॉन्च किया था। 41वें दिन चांद के साउथ पोल पर लैंडिंग की प्लानिंग की गई।

चंदा मामा के दूर के नहीं, एक टूर के : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़कर वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा- यह क्षण भारत के सामर्थ्य का है। यह क्षण भारत में नई ऊर्जा, नए विश्वास, नई चेतना का है। अमृतकाल में अमृतवर्षा हुई है। हमने धरती पर संकल्प लिया और चांद पर उसे साकार किया। हम अंतरिक्ष में नए भारत की नई उड़ान के साक्षी बने हैं।

दक्षिण अफ्रीका में 'ब्रिक्स लीडर्स रिट्रीट' में शामिल हुए पीएम मोदी

एजेंसी। जोहानिसबर्ग

पीएम नरेन्द्र मोदी दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में आयोजित ब्रिक्स देशों की बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पांच देशों के समूह के अन्य नेताओं के साथ वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया। वहीं डिजिटल भुगतान, बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्टार्टअप की दुनिया पर खुलकर बातचीत हुई। गौरतलब है कि मोदी दक्षिण अफ्रीका और यूनान की चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को जोहानिसबर्ग पहुंचे। पीएम मोदी जोहानिसबर्ग में वह दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति माटामेला सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर 22 से 24 अगस्त तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स नेताओं के 15वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। यह साल 2019 के बाद ब्रिक्स नेताओं का पहला आमने-सामने का शिखर सम्मेलन होगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल हैं। इस संबन्ध में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'ब्रिक्स लीडर्स रिट्रीट' में हिस्सा लेने के लिए समर पैलेस पहुंचे। मेजबान, दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। बागची ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ अन्य ब्रिक्स नेता अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर चर्चा करेंगे और वैश्विक चुनौतियों का समाधान तलाशने के लिए ब्रिक्स मंच का लाभ उठाएंगे। इससे पहले, प्रधानमंत्री ने जोहानिसबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग' को भी संबोधित किया। बैठक में शिरकत करने से पहले उन्होंने शहर में निर्माणाधीन स्वामीनारायण मंदिर का एक मॉडल देखा। मोदी ने कहा कि ब्रिक्स बिजनेस फोरम ने मुझे भारत के विकास पथ और व्यापार सुगमता एवं सार्वजनिक सेवा की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालने का अवसर दिया।

डिजिटल भुगतान, बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्टार्टअप की दुनिया पर खुलकर हुई बातचीत

भारत जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा : पीएम मोदी

आने वाले दिनों में दुनिया का ग्रोथ इंजन होता भारत

जोहान्सबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत आने वाले वर्षों में पूरी दुनिया की वृद्धि का इंजन बनेगा आने वाले दिनों में दुनिया का ग्रोथ इंजन होता भारत। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने 'मिशन के रूप में सुधारों को आगे बढ़ाया है जिससे देश में कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर हुई है। पीएम मोदी ने ब्रिक्स 'बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग को संबोधित कर कहा कि भारत जल्द ही पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था होगा। उन्होंने कहा कि भारत के पास वर्तमान में दुनिया की तीसरी बड़ी स्टार्टअप पारिस्थितिकी है और यहां पर 100 से भी अधिक यूनिकॉर्न मौजूद हैं। एक अरब डॉलर से अधिक राजस्व वाले स्टार्टअप यूनिकॉर्न की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भारत विश्व का ग्रोथ इंजन होगा और ये इसलिए है,क्योंकि भारत ने आपदा और मुश्किलों के समय को आर्थिक सुधार के अवसर में परिवर्तित किया। पीएम मोदी ने बताया कि आज एक क्लिक से भारत में करोड़ों लोगों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर किए जाते हैं, इससे सर्विस डिलीवरी में पारदर्शिता बढ़ी है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में लोगों की आय में लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भारत के आर्थिक विकास में महिलाओं की सशक्त भागीदारी रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स संवाद से पहले निर्माणाधीन स्वामीनारायण मंदिर के एक मॉडल का अवलोकन किया। जोहानिसबर्ग के उत्तर में नॉर्थ राइडिंग में इस मंदिर का निर्माण 2017 से चल रहा है और इसके अगले साल तक पूरा होने की उम्मीद है। यह मंदिर केन्या की राजधानी नैरोबी में स्थित इसतरह के एक मंदिर की तरह होगा जो पूरी तरह पत्थर से बना है और इसमें कक्षाएं तथा एक क्लिनिक भी होगा।

जिलाधिकारी श्रीमती इनायत ने आज सदर अस्पताल अररिया का औचक निरीक्षण किया

मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर प्रशासनिक प्रयास जारी है। इसे लेकर चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण व अनुश्रवण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने आज सदर अस्पताल, अररिया का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में निर्माणाधिन मॉर्डन अस्पताल भवन सहित बारी-बारी से उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सकीय इंतजामों को बारिकी से मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकाररियों को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार व इसकी बेहतरी से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मॉर्डन अस्पताल के निर्माण में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान :- मॉर्डन अस्पताल का निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिये। निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे विभाग को समर्पित करने का निर्देश उन्होंने संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को दिया। इसके बाद जिलाधिकारी नवजात बच्चों के विशेष देखभाल के लिये संचालित एसएनसीयू पहुंची। जहां पूर्व से 09 बच्चे इलाजरत मिले। सभी चिकित्सक व स्टॉफ भी ड्यूटी पर तैनात पाये गये। जिलाधिकारी ने बच्चों के परिजनों से उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सकीय इंतजामों की पड़ताल की। इसी तरह ओपीडी के निरीक्षण के क्रम में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक चिकित्सक व कर्मी ड्यूटी पर तैनात मिले। इमरजेंसी वार्ड व जीविका द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र का निरीक्षण के उपरांत अस्पताल परिसर में संचालित ऑक्सीजन प्लांट पहुंची। इसके क्रियान्वयन से संबंधित जरूरी पड़ताल स्वास्थ्य अधिकरियों से की गयी। बताया गया कि 200 एलपीएम क्षमता वाला प्लांट पूर्णतः क्रियाशील है। वहीं 600 एलपीएम क्षमता वाले प्लांट को भी जल्द क्रियाशील बनाने के लिए इसकी साप्ताहिक समीक्षा का निर्देश दिया गया।

दैनिक जागरण के पत्रकार विमल कुमार की हत्या करने वाले अपराधी कट्टा एवं मोबाइल के साथ अररिया पुलिस ने किया गिरफ्तार

मासूम राजा जिला संवाददाता दैनिक शुभ भास्कर

दैनिक जागरण अखबार पत्रकार विमल कुमार यादव की मूवी हत्या के मामले में रानीगंज थाना कांड संख्या 338/ 2023- दिनांक 18 .8 .2023/ धारा 302- 120/ (वि) /34मा०द०वि० एवं 27 शास्त्र अधिनियम अंतर्गत दर्ज किया गया है अनुसंधान एवं गिरफ्तार अभियुक्त के पास से प्राप्त मोबाइल के तकनीकी अनुसंधान में गिरफ्तार अभियुक्त उमेश यादव एवं विपिन यादव का मोबाइल के माध्यम से सुपौल जेल में बंद प्राथमिकी अभियुक्त रुपेश यादव पिता उगेन यादव बेलसारा रानीगंज तथा अररिया जेल में बंद क्रांति यादव पिता उमेश यादव दूसरे के नाम से निर्गत सिम नंबर एवं मोबाइल रखकर चोरी छिपे इस कांड के प्राथमिक की अप्राथमिक अभियुक्त से बातचीत करने का समक्ष मिला है साथ ही साथ घटना से पूर्व समय समय पर अररिया जेल में बंद अभी क्रांति यादव का भाई सेशव यादव जेल गेट पर मुलाकातों कर पत्रकार विमल यादव की हत्या करने की साजिश किया गया तथा साजिश के तहत ही सुपौल जेल में बंद रूपेश जब से भी मिलकर एवं मोबाइल फोन से बात कर हत्या को अंजाम देने की बात तय किया गया योजना के तहत अररिया जेल पर क्रांति यादव से जाकर मुलाकात करता है और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात भी करता है और रात्रि में अभियुक्त माधव यादव के बड़े पापा के श्राधकर्म समाप्त होने के उपरांत माधव यादव के दरवाजे पर मछली भात के भोज का आयोजन किया गया जिसमें अभियुक्त उमेश यादव माधव यादव विपिन यादव अर्जुन शर्मा संतोष कुमार भारती पूर्व संतोष राम आशीष यादव से 100 यादव भावेश यादव एवं अन्य लोग शामिल हुआ।

सिमराहा पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी फोर व्हीलर मैं 286 लीटर विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

जिला प्रभारी इस्तेखार आलम दैनिक शुभ भास्कर

पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 286 लीटर विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार । मंगलवार की शाम को अररिया जिले के सिमराहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 57 पर कार में छुपा कर ले जा रहे 286लीटर विदेशी शराब को पुलिस ने बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमराहा ओपी थाना क्षेत्र में मानिकपुर के पास एन एच 57 के किनारे स्थित एक चाय की दुकान के पास कार खड़ी कर दो शराब तस्कर चाय पी रहे थे, इसी क्रम में पुलिस गश्ती दल उस जगह पर पहुंची। पुलिस के पहुंचते ही दोनों व्यक्ति चाय छोड़कर भागने लगे इसके बाद पुलिस के द्वारा खदेड़कर एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरा भागने में सफल रहा। पुलिस के द्वारा कार में तलाशी लिए जाने पर कार के अंदर छुपाकर रखे हुए अलग-अलग ब्रांड के कुल 286 लीटर शराब बरामद हुआ। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान गुड्डू आलम, उम्र 40 वर्ष, पिता कलीम सकीम, सिमर मनाही, वार्ड नंबर 9, थाना साहिबगंज जिला मुजफ्फरपुर के रूप में हुई। गिरफ्तार शराब तस्कर को सिमराहा थाना लाया गया। जहां सिमराहा थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार तस्कर से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जाएगी ।

झारखंड के वित्त मंत्री उरांव के ठिकानों पर छापा

रांची। ईडी ने झारखंड राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के निजी आवास पर छापेमारी की है। ये छापेमारी वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव के शराब माफियाओं से कनेक्शन के कारण की गई है। बताया जा रहा है कि दारू माफिया योगेंद्र तिवारी के बिजनेस में रोहित उरांव का बड़ा निवेश है। ईडी की ये छापेमारी रांची के हरमू और बरियातू में हुई है। वहीं, इस बीच छत्तीसगढ़ शराब घोटाले में धनबाद, जामताड़ा समेत विभिन्न शहरों में शराब कारोबारी योगेन्द्र तिवारी के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है।

जिला के दैनिक शुभ भास्कर के संवाददाताओं के साथ ही अन्य कलमकारों द्वारा सम्मिलित हो किया गया समर्थन

पत्रकार की हुई हत्या के विरुद्ध नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट बिहार कैमूर जिला इकाई के तत्वाधान में निकाला गया आक्रोश मार्च

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता कैमूर

बिहार- प्रदेश के अररिया जिला में 18 अगस्त को सुबह 4:30 बजे अपराधियों द्वारा दरवाजा खटखटाया गया, दरवाजा खोलते ही अपराधियों द्वारा पत्रकार विमल यादव पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दिया गया, जिससे की मौके पर ही पत्रकार विमल यादव का मौत हो गया। जिसके विरुद्ध बिहार प्रदेश के कैमूर जिला इकाई नेशन लिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट बिहार के तत्वाधान में आक्रोश मार्च निकाला गया, जिसमें की जिला के दैनिक शुभ भास्कर के संवाददाताओं के साथ ही अन्य कलमकारों द्वारा सम्मिलित हो किया गया समर्थन।बुधवार को कैमूर जिला के पत्रकारों ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया, जिसमें मृत पत्रकार को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गयी।बैठक की अध्यक्षता नेशनलिस्ट यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट बिहार के अध्यक्ष उदय प्रताप शुक्ल के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपस्थित पत्रकारों ने आक्रोश जताते हुए, सभी अपराधियों की यथाशीघ्र फांसी की मांग, मृतक पत्रकार के परिजनों को सरकारी नौकरी के साथ ही उचित मुआवजा व सभी पत्रकार बंधुओ की सुरक्षा का मांग किया गया। इस दौरान एकता चौक से जिला समाहरणालय तक पैदल मार्च करते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया। समाहरणालय पहुंचकर मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन जिला पदाधिकारी एवं जिला पुलिस पदाधिकारी को सौंपा गया। पत्रकारों ने दिए ज्ञापन में कहा कि हत्या में शामिल अपराधियों का गिरफ्तार कर स्पीड ट्रायल चलकर फांसी की सजा दी जाए, मृत पत्रकार के परिवार को एक करोड रुपए का मुआवजा और आश्रित को सरकारी नौकरी व सुरक्षा प्रदान की जाए, अपराधी पत्रकारों को निशाना बना रहे हैं।पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है। अररिया में दैनिक अखबार के पत्रकार की अपराधियों ने घर में गोली मारकर हत्या कर दी।दो साल पूर्व उनके भाई की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।उस मामले में पुलिस ने कठोर कार्रवाई की होती तो आज दूसरे भाई और उस घटना के मुख्य गवाह विमल कुमार यादव की हत्या नहीं होती। इस मामले की गहन जांच होनी चाहिए।बैठक में मुकुल जायसवाल, रंजन त्रिगुण मनीष पांडेय, विकास कुमार ओमप्रकाश तिवारी, कुमार चन्द्र भूषण तिवारी, दिलीप चौबे, संदीप गुप्ता, सत्येंद्र शर्मा, शशिकांत शुक्ला, सूरज कुमार, राजेश सिंह उदय प्रताप शुक्ला इत्यादि सम्मिलित रहें।

ख़ास ख़बर

एसएसबी ने भारी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ युवक को किया गिरफ्तार

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। 48वी वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी कमला के जिम्मेवारी के इलाके मे एस एस बी के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है।डिप्टी कमांडेंट विवेक ओझा को गुप्त सूचना और निर्देशानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये सीमा चौकी कमला के द्वारा निरीक्षक समान्य भगवान सहाय मीणा ,व 09 अन्य कार्मिको, द्वारा की गयी कार्यवाही सीमा स्तभ 270/13 लगभग 1.5 किलो मीटर भारत के जयनगर में दुकान गौतम फार्मा एंड वेटनरी हाउस में एक व्यक्ति जिसका नाम अखिलेश कुमार पंजियार उर्फ अमित पिता सुशील पंजियर ,उम्र 29 वर्ष, निवासी- मारवाड़ी मोहल्ला वार्ड न.8, थाना जयनगर जिला- मधुबनी बिहार को भारी मात्रा में मादक पदार्थो नशीली के साथ गिरफ्तार किया गया अभी जप्ति और गिरफतारी की आगे की प्रक्रिया जारी है ।श्री चंद्रशेखर कार्यवाहक कमांडेंट, 48वी वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए एस एस बी के जवानो द्वारा लगातार अभियान चलाये जा रहे है और अभियान के दौरान कामयाबी भी मिल रही है, आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाये जाएंगे और सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा।

सभी शिक्षक मूल्यांकन कार्य को इबादत की तरह लें और हर स्तर पर स्वच्छता एवं पवित्रता बनाए रखें: डा. पूनम यादव

मधेपुरा। मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा डिग्री पार्ट वन मूल्यांकन केंद्र की निदेशिका डा. पूनम यादव ने मूल्यांकन केन्द्र निरीक्षण के क्रम में परीक्षकों से कहा कि सभी परीक्षक पूरी सतर्कता एवं गंभीरता से मूल्यांकन कार्य करें. परीक्षकों के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है. उनके दिए हुए अंक पर विद्यार्थियों का भविष्य निर्भर करता है. उन्होंने सभी परीक्षकों निर्देश दिये कि वे विद्यार्थियों के हितों का ख्याल रखें. किसी भी विद्यार्थी के साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए. उत्तर पुस्तिका पर सावधानी से साफ अक्षरों में अंक अंकित करें और निर्धारित स्थान पर अपना पूरा हस्ताक्षर करें.कुल अंकों का योग सही-सही अंक एवं अक्षर दोनों में दर्ज करें। उन्होंने इस बात का विशेष ध्यान रखने कहा कि एक भी रिजल्ट पेंडिंग नहीं हो।

परीक्षा से संबधित सारी तैयारियां पूरी,648 अभ्यर्थियों का बना है यहां परीक्षा सेंटर: डा. अरविंद

मधेपुरा। बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक,

माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर भूपेंद्र नारायण मंडल वाणिज्य महाविद्यालय साहुगढ़ मधेपुरा में कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. अरविंद कुमार ने वीक्षण कार्य से जुड़े प्राध्यापकों एवम कर्मियों के साथ ब्रीफिंग बैठक आयोजित की। बैठक में बताया कि 24 एवं 25 अगस्त 2023 को 10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्यान्ह तक परीक्षा होगी इस महाविद्यालय में 648 अभ्यर्थियों का परीक्षा होना है। परीक्षा को लेकर प्रिंसिपल ने कई अहम जानकारियां दी। इस मौक़े पर कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रभाकर बाबू, प्रो. शंभू बाबू ने इस परीक्षा को लेकर कई जानकारी दी। कहा गया कि बिहार लोक सेवा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देश के अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित करेंगे। बताया गया कि एक बेंच पर दो से अधिक उम्मीदवार नहीं बैठेंगे तथा एक बेंच से दूसरे बेंच की समांतर दूरी कम से कम तीन फीट अवश्य होगी।अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाली में अतिरिक्त ई-एडमिट कार्ड लेकर उपस्थित होना है जिसे परीक्षा अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है। किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल, फोन, कैलकुलेटर, ब्लूटूथ, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन पेजर, रिस्ट वॉच (सामान्य/स्मार्ट) इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर, इरेजर, ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। कदाचार करते हुए पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी पांच वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जाएगा

जिलाधिकारी ने किया सदर अस्पताल, अररिया का औचक निरीक्षण

अररिया। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार को लेकर प्रशासनिक प्रयास जारी है। इसे लेकर चिकित्सा संस्थानों के निरीक्षण व अनुश्रवण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने आज सदर अस्पताल, अररिया का औचक निरीक्षण किया। अस्पताल परिसर में निर्माणाधिन मॉर्डन अस्पताल भवन सहित बारी-बारी से उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध चिकित्सकीय इंतजामों को बारिकी से मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकाररियों को स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार व इसकी बेहतरी से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

मॉर्डन अस्पताल के निर्माण में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान :- मॉर्डन अस्पताल का निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने निर्माण की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण की गुणवत्ता से किसी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिये। निर्धारित समय पर निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे विभाग को समर्पित करने का निर्देश उन्होंने संबंधित एजेंसी के अधिकारियों को दिया। इसके बाद जिलाधिकारी नवजात बच्चों के विशेष देखभाल के लिये संचालित एसएनसीयू पहुंची। जहां पूर्व से 09 बच्चे इलाजरत मिले। सभी चिकित्सक व स्टॉफ भी ड्यूटी पर तैनात पाये गये। जिलाधिकारी ने बच्चों के परिजनों से उपलब्ध कराये जा रहे चिकित्सकीय इंतजामों की पड़ताल की। इसी तरह ओपीडी के निरीक्षण के क्रम में निर्धारित रोस्टर के मुताबिक चिकित्सक व कर्मी ड्यूटी पर तैनात मिले। इमरजेंसी वार्ड व जीविका द्वारा संचालित स्वास्थ्य सहायता केंद्र का निरीक्षण के उपरांत अस्पताल परिसर में संचालित ऑक्सीजन प्लांट पहुंची। इसके क्रियान्वयन से संबंधित जरूरी पड़ताल स्वास्थ्य अधिकरियों से की गयी। बताया गया कि 200 एलपीएम क्षमता वाला प्लांट पूर्णतः क्रियाशील है। वहीं 600 एलपीएम क्षमता वाले प्लांट को भी जल्द क्रियाशील बनाने के लिए इसकी साप्ताहिक समीक्षा का निर्देश दिया गया। साथ ही मॉर्डन अस्पताल के विभिन्न वार्डों के बेड को भी ऑक्सीजन सुविधा से लैश करने का आदेश उन्होंने दिया।

पार्किंग व जल निकासी सुविधा को बनाये बेहतर :- सदर अस्पताल के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर में वाहन पार्किंग को व्यवस्थित एवं जलजाव को जल जमाव की समस्या को अभिलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने परिसर में सुनियोजित ढंग वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित कराते हुए नगर परिषद अररिया से समन्वय स्थापित करते हुए जल निकासी के उत्तम इंतजाम सुनिश्चित कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। निरीक्षण के क्रम में सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह, डीपीएम संतोष कुमार, डीएमएनई संतोष कुमार, डीपीसी राकेश कुमार, अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद, अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद सहित अन्य स्वास्थ्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

प्रवासी भारतीयों के लिए भी चन्द्रयान-3 की सफलता गौरव का विषय होगा और ऐतिहासिक भी

अररिया। "चंदा मामा दूर के ,
पुआ पकाएं गुड़ के
आप खाए थाली में
मुन्ना को दे प्याली में
प्याली .... " बचपन में ये चंद लाइनें मां अक्सर अपने बच्चों को सुनाया करती थीं। चांद की बातें करते करते अब हमें चांद पर लैंडिंग होने का सपना पुरा होते देखना कितना रोमांचक होता है,इसे महसूस करना हर भारतीय के लिए ऐतिहासिक लम्हा के रूप में स्मरणीय रहेगा। जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया में चन्द्रयान-3 की सफलतापूर्वक चन्द्रमा की सतह पर लैंडिंग को लेकर विशेष कौतुक देखने को मिला। विद्यालय में प्रातः सभा में कला शिक्षक राजेश कुमार ने बच्चों को अस्सी के दशक का संगीत सुनाकर और उत्सुकता बढ़ा दी। "चलो चांद के पार चलो,हम है तैयार चलो... चांद पर जाने का सपना सच होने जा रहा है यह कहते हुए आज के दिन को अति विशेष बताया, नवोदय विद्यालय की प्रार्थना में ये पंक्तियां हमीं नवोदय हो,हम नव युग की नयी भारती,नयी आरती,नव सुर्योदय,नव चन्द्रोदय,हमीं नवोदय हो.... हममें नित नई उर्जा का सूत्रपात करता है। हर भारतीय बल्कि दूसरे देशों में रह रहे प्रवासी भारतीयों के लिए भी चन्द्रयान-3 की सफलता गौरव का विषय होगा और ऐतिहासिक भी। सारी दुनिया की निगाहें भारत की ओर है, इसे वर्तमान पीढ़ी और भावी पीढ़ी इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बने इसे ध्यान में रखते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा ने बच्चों को लाइव प्रसारण दिखाने की व्यवस्था कर बच्चों को प्रेरित किया। कला शिक्षक ने यह भी बताया कि कला और विज्ञान के महत्व को इस बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। इस अभियान की नेतृत्व कर रही भारतीय महिला वैज्ञानिक रितु करिधम और इसरो के सोमनाथ जी के बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग पर भाजयुमो ने आतिशबाजी के साथ तिरंगा लहरा कर खुशी का इजहार किया

फारबिसगंज । भाजयुमो फ़ारबिसगंज कार्यकर्ताओं ने मिशन मून के तहत चंद्रयान 3अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग होते ही स्थानीय अंबेढकर चौक पर जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार के अगुवाई में एकत्रित हो भारत माता की जय वंदे मातरम, भारतीय वैज्ञानिक जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे गगन भेदी नारों के साथराष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाते हुए पटाखा छोड़े और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर खुशी का इजहार किया। युवा कार्यकर्ताओं के गहमागहमी के बीच भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण कुमार ने कह कि देश के140 करोड़ जनों के आशा और आकांक्षा अनुरूप चंद्रयान 3 मिशन ने इतिहास रच भारत विश्व पटल पर अपने अकूत सामर्थ्य की नई गाथा लिखा है श्री कुमार ने वैज्ञानिकों के पुरुषार्थ व सफल तपस्या को नमन व भारत को श्रेष्ठ अर्थात विश्व गुरु बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चांद पर पहुँचने के सफल अभियान पर कृतज्ञतापूर्वक बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि हमारे वैज्ञानिकों ने देश का गौरव बढ़ाया है हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ और ऊँचे होते जाएंगे और देश के लिए जरूरी कठिन से कठिन लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। यह हमारे लिए ही नही संपूर्ण देश के लिए नई ऊर्जा, नई चेतना के साथ गौरव का क्षण है यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की महान उपलब्धि है। ,वही जिला उपाध्यक्ष संदीप कुमार, जिला मंत्री करण सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य विपुल सिंह,नगर अध्यक्ष किशन शर्मा,नगर महामंत्री चंचल सिंह नगर उपाध्यक्ष आनंद कुमार, नगर मंत्री सत्यप्रकाश, आदित्य शर्मा आदि ने यह भारत के लिए ना सिर्फ ऐतिहासिक क्षण है बल्कि यह दिन अविस्मरणीय गर्व का दिन है।हम कहते थे कि आकाश ही सीमा है लेकिन भारत ने साबित कर दिया कि बाहरी अंतरिक्ष मे आकाश ही वह सीमा नही है हम ऐसा करने वाले इसरो के साइंटिस्टों को बधाई देते है।

भरगामा: खजुरी बाजार की मुख्य सड़क जलमग्न

भरगामा। प्रखंड के खजुरी बाजार की मुख्य सड़क कई दिनों से जलमग्न है। हल्की वारिस में खजुरी बाजार स्थित मुख्य सड़क जलमग्न हो जाता है। इतना ही नहीं खजुरी बाजार स्थित मुख्य सड़क पर कहीं घुटने भर गड्ढा,तो कहीं तिरछी कटान,चार पहिया वाहन तो दुर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। खजुरी बाजार के मुख्य सड़क पर गड्ढा कटान जल जमाव रहने के कारण बराबर चार पहिया दो पहिया वाहन दूर्घटनाग्रस्त होती रहती है। खजुरी बाजार के व्यवसाई अशोक चौधरी,बेचन चौधरी,भुट्टो चौधरी,चुन्नु चौधरी,दिनेश चौधरी,ओमप्रकाश साह,विक्की चौधरी,राजेश्वर चौधरी,ओमप्रकाश चौधरी,सुनील चौधरी आदि का कहना है खजुरी बाजार में पानी निकासी के लिए नाला नहीं है। सड़क पर गड्ढा बना हुआ है। नाला नहीं रहने के कारण बरसात का पानी सड़क पर जमा हो जाता है। ऐसी स्थिति बराबर बनी रहती है। खजुरी बाजार में नाला निर्माण की मांग स्थानीय सांसद,विधायक से कई बार की गई। चुनाव के समय सांसद,विधायक वादा करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादा भुल जाते हैं। वर्षो पूर्व खजुरी बाजार में सड़क निर्माण कराया गया था। फिलहाल सड़क टूटी फूटी जर्जर अवस्था में है। उपरोक्त व्यवसाईयों का कहना है बरसात के मौसम में व्यवसाय पूर्णरुपेन ठप रहता है। बरसात का पानी घर में घूस जाता है। सड़क पर बरसात का पानी के जमा रहने से लोग विभिन्न बिमारीयों की चपेट में आ रहे हैं।

रोड के साइड में फोन पर बात कर रहे थे व्यक्ति को मिनी ट्रक ने मारी टक्कर, गंभीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर

जयनगर /मधुबनी दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर पेट्रोल पंप के पास रोड के साइड में फोन पर बात कर रहे व्यक्ति को मिनी ट्रक ने टक्कर मारी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।मानवता का परिचय देते हुए चंदन कुमार,विवेक कुमार,अनुरंजन सिंह ने घायल व्यक्ति को अनुमंडल अस्पताल में भर्ती करवाया।जिसे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देखते हुए डीएमसीएच रेफर कर दिया।घटना को लेकर घटना स्थल पर मौजूद विवेक कुमार ने बताया कि हमलोग जयनगर के पेट्रोल पंप के पास अपने दोस्तों के साथ बातचीत कर रहे थे। उसी समय आंख के सामने एक आदमी जो पेट्रोल पंप के पास रोड के साइड में गाड़ी रोक कर फोन पर बात कर रहे थे उसी समय सीधे एक गाड़ी 407 मिनी ट्रक सीधे बाइक में टक्कड़ मारते हुए भाग गया वह आदमी जयनगर शिलानाथ के निवासी सुनील कुमार मांझी है।जो एमआर का कार्य करते है । वो गाड़ी के ठोकर से बुरी तरह घायल हो गए उन्हें हमलोग जल्दीवाजी में टेंपू को रुकवाकर अनुमंडल अस्पताल ले गए । उसके बाद उनको वहां से आगे रेफर कर दिया गया वो काफी गंभीर स्थिति में थे । हमारे साथ चंदन कुमार जयनगर बस्ती के है और एक चंदन कुमार जो मेघबारी के है इस एक्सीडेंट का मुख्य कारण मोड़ पर ट्रक लगाना है।इसलिए हम जयनगर प्रशासन से निवेदन करते है कि मोड़ पर कहीं भी ट्रक नही लगाने देना चाहिए इसको लेकर एक सधन अभियान चलाना चाहिए ।भाई सुनील मांझी जल्द स्वस्थ हो यही भगवान से कामना करते है।

धरना | कार्यक्रम का नेतृत्व बैरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ब्रज किशोर यादव ने किया

सिंचाई विभाग के खिलाफ किसान मजदूर सभा प्रखंड जयनगर के द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम आयोजित

जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)। जयनगर आईबी में किसान मजदूर सभा प्रखंड जयनगर के द्वारा एक दिवसीय धरना कार्यक्रम 8 सूत्री मांगो को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बैरा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि ब्रज किशोर यादव ने किया।इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि ब्रज किशोर यादव ने कहा कि सिंचाई विभाग के खिलाफ 8 सूत्री मांगो को लेकर किसान मजदूर सभा प्रखंड जयनगर के बैनर तले यह धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया है।हमारी मांग है।कि जयनगर प्रखण्ड के सभी गैर सिंचित खेतों में मुआयना कर नहर का पानी पहुँचाने की व्यवस्था की जाए,धमियापट्टी रजौली के बीच फाटक का निर्माण की जाए ताकि सैकड़ो एकड़ भूमि में नहर का पानी पहुँच सके, बरही पंचायत में ईनरवा पूल के आगे स्लूस गेट एंव होम पाईप का निर्माण किया जाए,बरही पंचायत के मुसहरी पुल पर फाटक का मरम्मति करना सुनिश्चित की जाए,इनरवा पुल से बरही सलुस गेट तक दोनो तरफ कैनाल की सफाई कराई जाए,कमला नदी से दोनो नहर में नियमित रूप से पानी छोड़ा जाए एवं गाद की सफाई नियमित रूप से हो,सुरियाही से परसा तक नहर सफाई किया जाय ,परसा के निकट फाटक का निर्माण किया जाय।उपरोक्त मांग यदि एक सप्ताह के अन्दर पूरी नही की जाएगी तो संगठन उग्र आंदोलन करने हेतु वाध्य होगी जिसकी सारी जवाबदेही सिंचाई विभाग अधिकारियों की होगी।वही बरही पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि जामुन चौधरी व किसान मजदूर सभा प्रखंड जयनगर के सदस्यों ने 8 सूत्री मांग को लेकर कमलानहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता नवीन कुमार को मांग पत्र दिया।वही किसानों को सम्बोधित करते कमला नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता नवीन कुमार ने कहा कि सरकार का निर्देश है कि पानी हर केनल तक पहुंचाना है।इसलिए हमलोगों को आपलोगो की सहयोग की जरूरत है।ताकि हर केनल तक पानी पहुँच पाए ताकि किसान भाइयों को खेत मे सिचाई करने में सुविधा हो।अंत मे धरना को समाप्त किया गया।इस धरना कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थें।

बी एन मंडल विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच टीम ने की नैक एक्रेडिटेड मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा की औचक निरीक्षण

मधेपुरा। महामहिम राज्यपाल बिहार सह कुलाधिपति बी एन मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा एवं उच्च शिक्षा विभाग बिहार सरकार के निदेशानुसार बी एन मंडल विश्वविद्यालय द्वारा गठित जांच टीम द्वारा आज नैक एक्रेडिटेड मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा कौशल्या ग्राम मधेपुरा बिहार का औचक निरीक्षण डॉक्टर शशि भूषण कुमार परीक्षा नियंत्रक भू.ना. मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा एवं उनके साथ आये सहयोगियों द्वारा जांच की गई जांच के क्रम में शिक्षकों की उपस्थिति पंजी प्रतिदिन ऑनलाइन भेजी जाने वाली उपस्थिति पंजी जो बायोमेट्रिक एवं फेस मैट्रिक द्वारा बनाई जाती है ,की हार्ड कॉपी से मिलान किया गया। शिक्षक द्वारा ली जाने वाली अवकाश से संबंधित संचिका का भी निरीक्षण किया गया ।सामान्य शाखा के अभिलेखों का निरीक्षण , वित्त शाखा के वित्तीय पंजी एवं अभिलेख का निरीक्षण किया सभी प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय के साथ-साथ स्मार्ट क्लास ,स्टाफ रूम ,गर्ल्स कॉमन रूम बॉयज कॉमन ,रूम शौचालय की साफ सफाई ,पेयजल की व्यवस्था का गहन अवलोकन किया। अवलोकनोंपरांत उन्होंने बेहद संतुष्टि प्रदान की ।प्रधानाचार्य डॉक्टर पूनम यादव ने बताया कि अभी महाविद्यालय में स्नातक द्वितीय खंड की परीक्षा चल रही है साथ ही प्रथम खंड का मूल्यांकन भी यहां विश्वविद्यालय द्वारा कराई जा रही है। स्नातक प्रथम खंड की प्रायोगिक परीक्षा भी चल रही है ।अभी कोई भी वर्ग सत्र में नहीं है, चुकीं स्नातक प्रथम खंड में अभी नामांकन प्रारंभ ही होने वाली है । उपाचार्य डॉक्टर भगवान कुमार मिश्रा ने जांच टीम को पूरा सहयोग देने का कार्य किया ।वहीं प्रोफेसर सच्चिदानंद सचिव ,प्रधान सहायक अरुण कुमार सहायक अमल किशोर कुमार सहायक सौरभ कुमार आदि सभी अभिलेख दिखा कर संतुष्ट कर रहे थे। अंत में जांच टीम महाविद्यालय की व्यवस्था एवं अभिलेख के साथ साथ आगे नैक की तैयारी हेतु भूरि भूरि प्रशंसा की।

ख़ास ख़बर

अंतरजिला बाइक लूट गिरोह के चार बदमाश सहित लूट की गई बाइक भी बरामद

मो० नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पुलिस ने अंतरजिला बाइक लूट गिरोह के चार अपराधियों सहित लूटी गई बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। सुपौल पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बीते 3 अगस्त को निर्मली थाना अंतर्गत महुआ वार्ड नंबर 3 निवासी बलराम यादव से अज्ञात अपराध कर्मियों ने मारपीट कर उनकी बाइक और मोबाइल को लूट लिया गया था। जिस मामले में विगत 4 अगस्त को निर्मली थाना कांड संख्या 167/23 अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध कांड दर्ज किया गया। वही वैज्ञानिक अनुसंधान एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सहरसा जिले के नवहट्टा थाना अंतर्गत चंपापुर वार्ड नंबर 6 निवासी 22 वर्षीय घूरन कुमार, नवहट्टा थाना क्षेत्र के नारायणपुर वार्ड नंबर 5 निवासी 20 वर्षीय अनीश कुमार उर्फ अनीश यादव, सहरसा जिले के महिषी थाना अंतर्गत महापुरा वार्ड नंबर 12 निवासी 22 वर्षीय रणधीर कुमार और सुपौल जिले के निर्मली थाना अंतर्गत बेला सिंगार मोती वार्ड नंबर 9 निवासी 19 वर्षीय विपिन कुमार मेहता को हिरासत में लेकर पूछताछ की। एसपी ने बताया कि विगत 21 अगस्त को विशेष अभियान चलाकर चारों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ में इन सभी अपराधियों ने अपनी अपराध की घटनाओं में संलिप्तता स्वीकार की है। इस घटना से संबंधित घटना में प्रयोग में ले गए बाइक एवं लूट कांड की घटना में लूटी गई बाइक को भी बरामद किया है। छापामारी दल में निर्मली थाना अध्यक्ष पंकज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक वशिष्ठ मुनि राय एवं पुलिस बल शामिल रहे।

शिक्षक पस्त शिक्षा विभाग के अधिकारी मस्त



मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले में तीन माह से आवंटन के अभाव में वेतन से वंचित शिक्षकों का आवंटन राज्य से जारी हुए दस दिनों से ज्यादा होने के बाद भी भुगतान करने के लिए अधिकारियों को समय नही मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।यहां तक कि जिला शिक्षा कार्यालय की उदासीनता के चलते आवंटन रहने के बाद भी जनवरी से जुलाई तक का चार प्रतिशत डी ए ऐरियर का भुगतान नही हो पाया है।उक्त बातें बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह सुपौल जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कही।बताया कि त्रिवेणीगंज की शिक्षिका हुस्न आरा सहित दर्जनों शिक्षक/शिक्षिकाओं का बिना कारण कई वर्षों से वेतन बंद होने की समस्याओं के संबंध में विगत दिन जिलाधिकारी के वैश्म में संघ के प्रतिनिधियों से हुई वार्ता के आलोक में जिलाधिकारी महोदय ने डी पी स्थापना को भुगतान करने का आदेश दिया था। जिस पर वेतन तो चालू कर दिया गया लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान नही किया जाना चिंताजनक है। कहा कि छोटी -छोटी बातों पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार के आदेश का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है। कहा कि प्राधिकार के आदेश से बहाल दर्जनों शिक्षकों को बिना किसी कारण के चार-चार वर्षों से वेतन बाधित किए हुए है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायादेश के आलोक में अपर मुख्य सचिव ने पूर्व में ही सभी डी इ ओ को स्पष्ट पत्र प्रेषित कर कार्यरत शिक्षकों को भुगतान का आदेश दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि सभी विषयों पर संज्ञान लेते हुए अविलंब तीन माह से वेतन के लिए तरस रहे शिक्षकों का भुगतान सुनिश्चित करवाया जाए।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला सत्र न्यायाधीश श्री धर्मेंद्र कुमार जयसवाल की अध्यक्षता में कई गई बैठक

ब्यूरो/ दैनिक शुभ भास्कर ,सुपौल। जिले के व्यवहार न्यायालय, सुपौल में आगामी दिनांक 09.09.2023 को निर्धारित राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जिला सत्र न्यायाधीश, सुपौल, श्री धर्मेंद्र कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में श्री रणविजय कुमार, सचिव, डी0एल0एस0ए0, सुपौल तथा जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी यथा अनुमंडल पदाधिकारी सुपौल, श्री मनीष कुमार, भूमि सुधार समाहार्ता सुपौल, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, सुपौल, जिला जन संपर्क पदाधिकारी, सुपौल, श्री योगेंद्र कुमार लाल एवं सहायक अभियंता विद्युत, सुपौल तथा अन्य सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित मामलों की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत में मध्यस्थता, सुलहनामा, न्यायिक समझौता के आधार पर लंबित वादों को निष्पादित किया जाना है ।

एलएस और सीडीपीओ के मिलीभगत से प्रति माह लाखों का किया जा रहा है वसूली

संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर, सुपौल । जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बाल विकास परियोजना कार्यालय में पदस्थापित सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिका द्वारा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों के सेविका से मिलीभगत कर मनमानी पूर्वक केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। जिस कारण कुपोषण को दूर भगाने का सरकार का उद्देश्य उक्त प्रखंड क्षेत्र में पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा है। क्योंकि आंगनवाड़ी केंद्रों से हर माह कुपोषित, अतिकुपोषित बच्चे सहित, गर्भवती, धात्री महिला लाभुको को मिलने वाली टेक होम राशन की पूरे सामग्री उन्हें नहीं मिल पाता है। गौरतलब है कि मंगलवार को विभागीय निर्देशानुसार प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीएचआर का वितरण किया जा रहा था। वहीं लोगों की सूचना पर जब प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का पड़ताल किया गया तो सभी केंद्रों पर पूरी तरह अनियमितता साफ दिखाई दिया। बता दे कि आंगनवाड़ी केंद्रों से मिलने वाली टेक होम राशन में लाभुक के अनुसार सभी को अलग अलग मात्रा में दाल चावल, सोयाबरी, सोयाबीन तेल, मिक्स मसाला, और नमक दिया जाना है। लेकिन किसी भी केंद्र पर नमक, मिक्स मसाला और सोयाबीन तेल का वितरण नहीं किया जा रहा था। वही दाल, चावल और सोयाबरी भी सही अनुपात में नही दिया जा रहा था। पड़ताल के दौरान विभिन्न केंद्रों पर जाकर जब लाभुको से बात किया गया तो लाभुकों ने बताया कि उनलोगों को दाल, चावल और सोयाबरी तो हर माह मिल जाता है। लेकिन नमक, मिक्स मसाला और सोयाबीन तेल नहीं दिया जाता है। पड़ताल के दौरान जब फिंगलास पंचायत स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 66 का पड़ताल किया गया तो केंद्र की सहायिका सीता कुमारी ने बताई की हर माह टीएचआर पंजी पास कराने में ऑफिस को 2200 (बाइस सौ) रुपया देना पड़ता है तो कैसे वह नमक, मिक्स मसाला और सोयाबीन तेल का वितरण कर सकती है। पूछने पर उन्होंने बताई की उसका एलएस नीलम कुमारी है। वही उनसे हर माह पंजी पास करने के नाम पर रुपया लेती है। वही दिन के 12 बजे पिपराही स्थित आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 88 का पड़ताल करने पर सेविका रेखा देवी ने दो लाभुक को राशन दे रही थी। लाभुक से पूछने पर बताई की उनलोगों को दाल, चावल और सोयाबरी मिलता है। लेकिन तेल, नमक और मशाला नहीं मिलता है। सेविका ने बताई की उसके पति बाल विकास कार्यालय में काम करती है। इसलिए वह वितरण नहीं करती है।,आगे से दिया जाएगा। सेविका से स्टॉक दिखाने और स्टॉक पंजी मांगने पर असमर्थता जताई गई। वही करीब दिन के साढ़े 12 बजे सिमराही बाजार स्थित केंद्र संख्या 227 पर पहुचा तो सेविका तबस्सुम प्रवीण केंद्र पर मौजूद थी। लेकिन वहां टीएचआर वितरण का कार्य नही चल रहा था। उक्त केंद्र पर न कोई लाभुक था और न कोई पंजी मौजूद था,मांगने पर बताई की घर पर रखा है। पति को बुलाती हूं। वही पड़ताल के दौरान फिंगलास पंचायत के केंद्र संख्या 73 की सेविका रूपा कुमारी ने बताई की उसके केंद्र पर टीएचआर वितरण में लाभुक को तेल, नमक मसाला नही दिया था है। वही पड़ताल के दौरान रामबिशनपुर पंचायत स्थित केंद्र संख्या 231 का पड़ताल किया गया तो वहां तेल, नमक मसाला तो नही दिया जा रहा है, लेकिन चावल, दाल और सोयाबरी भी सरकरी मात्रा का आधा दिया जा रहा था। लाभुकों ने बताया की उनलोगों को तेल, नमक मसाला नही दिया जाता है। वहीं डुमरी पंचायत का भी सभी केंद्रों पर वही हाल देखने को मिला। आलम यह है। कि राघोपुर प्रखंड क्षेत्र में कुल 283 आंगनवाड़ी केंद्र है।, जिसमें लगभग 275 केंद्र संचालित है। संचालित केंद्रों में 218 अतिरिक्त और 57 मिनी केंद्र शामिल है। जिसमें कुल 24 हजार 157 लाभुको को टीएचआर के माध्यम से लाभ पहुंचाना है। लेकिन प्रखंड क्षेत्र के किसी भी केंद्रों पर टीएचआर से मिलने वाली सामग्री नमक, तेल और मसाला नही मिलने से केंद्र की सेविका और बाल बिकास परियोजना कार्यालय में पदस्थापित एलएस और सीडीपीओ के मिलीभगत से प्रति माह लगभग 14 लाख का गबन किया जाता है। इस बावत प्रभारी सीडीपीओ रजनी गुप्ता ने बताई की तेल नमक मसाला मिलाकर देना है। वही पंजी पास करने के बदले 2200 रुपया ऑफिस खर्च के बात पर उन्होंने बताई की आपलोग क्या बात करते है। जब सेविका का वीडियो बयान के बारे में बताया गया तो बोली को जांच किया जाएगा।

प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित मदरसा परिसर में कारवाएं इत्तेहाद व भाईचारा कार्यक्रम का आयोजन

राजकुमार झा ,/ दैनिक शुभ भास्कर ,छातापुर ,सुपौल । जिले में छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित मदरसा अजवरूल उलूम परिसर में मंगलवार को जदयू के बैनर तले कारवाएं इत्तेहाद व भाईचारा कार्यक्रम का आयोजन । मुख्यालय पंचायत के मुखिया पति मक़शुद मसन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में एमएलसी सह बिहार मदरसा बोर्ड के सदस्य डा खालिद अनवर के अलावे प्रदेश व जिला के कई वरिष्ठ नेता सामिल हुए, कार्यक्रम का आगाज डा श्री अनवर सहित सभी आगत अतिथियों का फूलमाला व शॉल से स्वागत कर किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते एमएलसी डा श्री अनवर ने कहा कि देश मे नीतीश कुमार से बडा कोई सेकूलर नेता देश में नहीं हो सकता, नीतीश कुमार का विजन बिहार ही नहीं पुरे देश में आपसी भाईचारा व अमन चैन स्थापित करने की है । उन्ही के सलाहियत पर बीते एक अगस्त से कारवाएं इत्तेहाद व भाईचारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, ताकि हिंदु, मुस्लिम ,सिख और इसाई के बीच भाईचारा को मजबूत किया जा सके ।उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार वोटबैंक की राजनीति नहीं करते हैं, वोटबैंक की राजनीति करते तो बिहार में शराबबंदी कानून लागू नहीं करते, बिहार के लोग जातीय हिंसा व दंगा कराने की सोच नहीं रखती, वही अन्य प्रदेशों से लोगों को लाकर बार- बार हिंसा फैलाने का प्रयास होता है, कहा कि भाजपा की सरकार हिंदुस्तान में नफरत फैलाने का काम कर रही है, बीते नौ साल से भारतीय संविधान व लोकतंत्र को खत्म करने पर तुली हुई है । मस्जिद को खोदकर भगवान की मूर्ति को निकला जा रहा है, भाजपा सरकार पुरे हिंदुस्तान में जातीय जहर घोलकर एक दुसरे से लड़ाना चाहती है, येसे में भाजपा सरकार को देश की गद्दी से हटाना जरूरी हो गया है । यह तब संभव है जब हम एकजुट होकर इसका मुकाबला करें । उन्होने इस्लाम धर्मावलंबियों से नारा ये तकवी का नारा को रिजेक्ट करने का अनुरोध किया, कहा कि भाजपा के नफरत की राजनीति का जबाव प्यार और मुहब्बत से देने को कहा, इस्लाम धर्म ही प्यार और मुहब्बत से जीने की कला सिखाती है, धर्म के विपरीत कोई काम नहीं करें, जिससे की भाजपा को नफरत की राजनीति करने का मौका मिले ।मस्जिद की तरह मंदिर को भी हिफाजत करें और एक दूसरे के पर्व त्योहार में बढ - चढ़कर हिस्सा लें, डा श्री अनवर ने उपस्थित जनों से सभी मस्जिदों में भाईचारा कमेटी बनाने तथा सभी धर्म व समुदाय के बीच रिस्ते को कायम रखने का आग्रह किया ।वही अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश महासचिव फिरोज सल्फी ने मिडिया को आडे हाथों लेते हुए मुस्लिम समुदाय को बदनाम करने का आरोप लगाया, कहा कि मिडिया समाज में जहर बोने का काम कर रही है, मुस्लिम को बदनाम करने के लिए पुरे हिंदुस्तान में साजिश की हवा फैलाई जा रही है, जदयू के जिला महासचिव खुर्शीद आलम, मकशुद मसन, मो हासिम, मोती अहमद, साबीर कौसर, करीमन साफी, रफी अहमद, डा अजय कुमार आनंद , एकलाख अहमद, रफी अहमद, गुलाम सरवर सहित अन्य वक्ताओ ने सीएम नीतीश कुमार को मुसलमानों का सबसे बडा हिमायती बताते समाज में आपसी भाईचारा व अमन चैन स्थापित करने के लिए अपने सुझाव दिये, मौके पर मदरसा के सेक्रेटरी मो सगीर, मौलवी सदरे आलम, मो सोहराब, खुर्शीद खान, मो अबूजर गफ्फारी, मो नवीन, मो सादिक, मो कलीम, मो जियाउल, मो हारूण, मो रकीब पिंकु, मो समशुल उर्फ मंगला सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य व प्रबुद्धजन भारी तादाद में सामिल हुए ।

बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा 24 एवं 25 अगस्त को अध्यापक नियुक्ति परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा किया गया पुख्ता इंतजाम

सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर ,किशनपुर ,सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय में बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा 24 तथा 25 अगस्त को अध्यापक नियुक्ति परीक्षा 2023 का आयोजन किया जा रहा है। केंद्राधीक्षक डॉ राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि इस परीक्षा केंद्र पर कुल 672 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा कदाचारमुक्त एवं व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी कमरों में सीसीटीवी कैमरा तथा जैमर लगाया गया है। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे के बीच आयोजित होगा परंतु परीक्षार्थियों को सुबह 7.30 से 9.00 बजे तक ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। केंद्र पर बिहार परीक्षा अधिनियम 1981 लागू है। अगर कोई परीक्षार्थी अपने साथ मोबाइल, ब्लूटूथ, कोई चिट पुर्जा, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि लाते हैं तो उनके ऊपर विधि सम्मत करवाई करते हुए परीक्षा से निष्कासित किया जा सकता है। सभी परीक्षार्थियों के लिए बायोमैट्रिक अटेंडेंस तथा वोडियोग्राफी की भी व्यवस्था किया गया है। वीक्षण कार्य में कुल 40 वीक्षको को लगाया गया है। वहीं केंद्र पर स्टेटिक दंडाधिकारी के रूप में अंचलाधिकारी सुपौल प्रिंस राज तथा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी पिपरा मणिकांत कुमार को तैनात किया गया है। वहीं जोनल दंडाधिकारी के रूप में सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय सुपौल अनुराग कुमार तथा पुलिस अवर निरीक्षक हंसराज मुकुल को तैनात किया गया है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला प्रशासन की टीम भी लगातार नज़र रख रही है वहीं विभाग से भी पल पल की ख़बर ली जा रही है।

एक कार में लावारिस अवस्था मे 45 वर्षीय अज्ञात शख्स का मिला शव ,पुलिस जुटी जांच में

मो0 नजीर/ दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल। जिले के सदर थाना अंतर्गत करिहो जमुआ टोल में 45 वर्षीय अज्ञात शख्स का शव एक कार में लावारिस अवस्था में मिला है। शव मिलने की सूचना पर लोगो की भीड़ जुट गयी। वही ग्रामीणों ने सदर थाने की पुलिस को फोन कर सुचना दीं तो पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। अब तक अज्ञात व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। वैगनआर कार सुपौल सदर थाना अंतर्गत करिहो जमुआ टोल से उतर सड़क किनारे धान के खेत में पलटी हुई थी। स्थानीय ग्रामीणों ने गाड़ी में झाँक कर देखा तो एक व्यक्ति मृत पड़ा देख इसकी सुचना सदर थाने की पुलिस को दीं। जँहा मौके पर पहुंची सदर पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में लगी है। सदर एसडीपीओ कुमार इंद्र प्रकाश ने बताया की ग्रामीणों द्वारा एक कार बीच खेत में पलटने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर दल बल के साथ पहुंचे तो वहां एक पटना से रजिस्टर्ड कमर्शियल कार बीच खेत में पलटी थी। जिस कार की गाड़ी के बीच वाली सीट पर एक युवक की लाश पड़ी थी। पुलिस बल द्वारा शव को गाड़ी से बाहर निकाला गया। मृतक के शरीर पर चेहरा सहित कई जगह पर गहरे जख्म के निशान है। पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया। पुलिस द्वारा अभी तक मामले में की गई छानबीन के अनुसार कार किसी रोहित आजाद के नाम से कमर्शियल नंबर से रजिस्टर्ड है। संभावना जताई जा रही है कि भाड़े पर लेकर किसी ने गाड़ी में हत्या कर शव को बीच खेत में फेंक दिया।पुलिस तमाम बिन्दुओ पर जाँच कर रही है।अब देखना लाजमी होगा कि पुलिस जांच के बाद क्या निकाल कर आती है ।

परेशानी 24 घंटे में 20 परिवार के 40 घर कट कर नदी में विलीन हो गए

मोजहा पंचायत में कोसी नदी के जल स्तर घटने से कटाव हुआ तेज

सरोज कुमार/ दैनिक शुभ भास्कर, किशनपुर, सुपौल। जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत मौजहा पंचायत के वार्ड नंबर 8 में कोसी नदी में जलस्तर घटने के बाद कटाव तेज हो गया है। जहां 24 घंटे में 20 परिवार के 40 घर कट कर नदी में विलीन हो गए है। विस्थापित परिवारों ने बताया कि घर कटने से हम लोग बेघर हो गए हैं। 24 घंटा बीत जाने के बाद भी अभी तक सरकारी स्तर से हम लोगों को कोई राहत सामग्री नहीं मिला है। पिछले 24 घंटे से रुक-रुक कर हो रहे बारिश होने के कारण परेशानी और ज्यादा बढ़ गई है। मौके पर ग्रामीण पप्पू कुमार यादव,संतोष यादव ,रमेश यादव ,रविंद्र साह,गुलाब साह ,सुधीर यादव, सुरेंद्र यादव, बैजु मुखिया, गणेश मुखिया, संमपेत मुखिया आदि ने बताया कि बीते दिन कोसी नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने के बाद तटबंध के भीतर कई गांव जलमग्न हो गए। इसी दौरान मौजहा - दुबियाही मुख्य सड़क चार जगह 25 फीट कट कर नदी में ध्वस्त हो गया है। जिसके कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पर रहा है। सरकारी अस्तर से नाव की व्यवस्था नहीं रहने से परेशानी और बढ़ गई है। कटाव की तेज रफ्तार देखकर लोग दहशत में हैं। कटाव की तेज धार में सतनारायण महतो, मुसहरु महतो ,नारायण महतो, नागौ महतो ,राम महतो,पंची महतो सुंदर महतो,रमेश महतो ,सुरेश यादव,चन्देस्वरी यादव,बचकेन यादव, जोगी महतो, वासुदेंव सदा,मदन सदा, रमेश सदा, राम महतो,मशहरू महतो सहित दो दर्जन लोगों कि 40 घरों का नामोनिशान मिट गया है। कटाव कि तेज रफ्तार देखकर लोग अपने अपने घर को ऊंचे स्थान पर ले जाने का प्रयास किया । कोशी का तांडव देखकर लोगों को अपना जान बचाना मुश्किल हो गया। मंगलवार की रात कोसी की अकर्मक रूप देखकर लोग भयभीत हो गए हैं। इसी दौरान बुधवार की सुबह कटाव स्थल से विस्थापित परिवार समान लाधकर निकल रहे ।एस्टीमर कोसी के तेज धारा में डुबा स्टीमर नाव पर सवार दो लोग तैरकर किसी तरह निकले बाहर । कोसी नदी में डुबें स्टीमर नाव का अभी कोई पता नहीं है । कटाव स्थल से पीड़ित परिवार घरों से सामान निकाल कर नाव के अभाव में लोग गर्दन भर पानी में अपनी जान जोखिम में डालकर निकल रहे हैं । घर से निकल कर खुले आसमान के नीचे लोगों ने रात बिताई। 16 घंटे बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी पीड़ित परिवार को देखने तक नहीं पहुंचे। इस बाबत प्रभारी सीओ ने बताया कि राजस्व कर्मचारी को स्थल जांच के लिए भेजा गया है।

रेफरल अस्पताल में बन रहे 50 बेड का नया अस्पताल जहां घटिया सामग्री से कर रहे निर्माण जनता ने लगाई रोक

संवाददाता /दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल। जिले के राघोपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत रेफरल अस्पताल में बन रहे नए 50 बेड के नया अस्पताल भवन निर्माण में उठा अनियमितता का मामला। जिसको लेकर बुधवार को स्थानीय लोगों ने कार्य स्थल पर पहुचकर घटिया सामग्री से हो रहे निर्माण कार्य पर रोक लगा दिया। लोगों ने कहा जब तक निर्माण स्थल पर सूचना पट्ट नहीं लगाया जाएगा यह घटिया निर्माण बंद रहेगा। मामले को लेकर जानकारी देते स्थानीय लोगों ने बताया कि सिमराही स्थित रेफरल अस्पताल राघोपुर में काफी दिनों से भवन के अभाव में मरीजों और अस्पताल प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसे लेकर विभाग के द्वारा उक्त अस्पताल परिसर में 50 बेड का भवन तैयार करने का योजना दिया गया है। लेकिन उक्त भवन निर्माण के शुरुआत में ही संवेदक द्वारा भारी मात्रा में अनियमितता बरती जा रही है। लोगों ने बताया कि संवेदक द्वारा निर्माण कार्य में खुलेआम लोकल उजला बालू और घटिया किस्म का ईंट का प्रयोग किया जा रहा है। जिसके कारण निर्माण से पहले ही यहां लूट खसोट का दौर शुरू हो चुका है। स्थानीय लोगों ने बुधवार को कार्यस्थल पर पहुंचकर जब देखा कि बिना किसी प्राकलन और योजना का सूचना पट्ट के बिना ही कार्य करवाया जा रहा है तो लोग आक्रोशित हो उठे और कार्य को बंद करवा दिया। लोगों ने बताया कि जब वहां मौजूद मुंशी से बिना सूचना पट्ट का घटिया निर्माण के बारे में पूछा गया तो मुंशी द्वारा बताया गया कि किसी नवीन सिंह द्वारा यह कार्य करवाया जा रहा है और वही कुछ बता सकते है। वहीं स्थानीय लोगों ने कहा कि इस तरह के घटिया निर्माण कार्य को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। कहा कि अस्पताल सार्वजनिक है और इससे इस क्षेत्र के लाखों लोग लाभान्वित होते हैं, इससे खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वही संवेदक मुंसी राधेश्याम झा ने बताया कि जिस मेटेरियल से निर्माण हो रहा है सबके सामने है। बताया कि संवेदक ही कुछ बता सकते है।

ख़ास ख़बर

बीस लीटर महुआ शराब साथ दो गिरफ्तार

नोखा (रोहतास)। थाना क्षेत्र के महापुर गांव से पुलिस ने छापेमारी कर बीस लीटर महुआ शराब के साथ बाप-बेटा को गिरफ्तार किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि महापुर गांव से गुप्त सूचना मिलते ही अवैध 20 लीटर महुआ शराब के साथ रामलाल राम सहित उसके बेटा ओमप्रकाश कुमार को गिरफ्तार करते हुए प्रथामिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

शार्ट सर्किट आग से फार्म की दो दर्जन बकरियां सहित मुर्गे की मौत

करहगर (रोहतास)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की देर रात बाउर गांव के बधार में स्थित फार्म हाउस में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे रखी गई दो दर्जन बकरियां व दर्जनों मुर्गे जलकर राख हो गए।बताया जाता है कि बाउर निवासी दिनेश राय गांव स्थित बधार में फार्म हाउस बना रखा था। जहां देर रात विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिस हादसे में फार्म हाउस में मौजूद दो दर्जन बकरियां सहित सैकड़ों मुर्गे भी आग में झुलसकर मर गये। जबकि एक दुधारू गाय भी बुरी तरह झुलस गई। जिस घटना की जानकारी मिलते ही लोगों की फार्म हाउस पर भीड़ उमड़ पड़ी। व्ही पीड़ित संचालक प्रशासन से मदद के लिए गुहार लगाया हैं।

शराब कांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

करगहर (रोहतास)। मंगलवार की देर रात पुलिस ने बकसड़ा गांव के फरार अभियुक्त शेर बहादुर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया मामले की जानकारी थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध एवं संशोधित उत्पाद अधिनियम के तहत गिरफ्तार आरोपी पर प्राथमिकी दर्ज था। जो कई दिनों से फरार चल रहा था। जहां एक गुप्त सूचना के आधार पर शराब बेचने के धंधे में संलिप्त उक्त आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

पांच घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी आज

केसठ (बक्सर)। विद्युत आपूर्ति 132 केबी के तार के मेंटेनेश करने के कारण 24 अगस्त को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।वीइस संबंध में जानकारी देते हुए बिजली जेई संदीप कुमार शुक्ल ने बताया की डुमरांव फीडर से प्रखंड तक 132 केबी के तार को मेंटनेश करने हेतु पूरे क्षेत्र में लगभग 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

आवास योजना राशि गबन मामलें में लाभार्थियों पर होगी एफआईआर

केसठ (बक्सर)। बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना के कई लाभुक ऐसे है जो राशि प्राप्त करने के बाद भी आवास बनाने में रुचि नहीं ले रहे हैं।ऐसे में लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई करने का सिलसिला शुरू हो चुका है।इसी क्रम प्रखंड के केसठ में पैसा लेकर आवास नहीं बनाने वाले छः लाभुकों के विरुद्ध सर्टिफिकेट केस दर्ज कराया जायेगा। जहां इन लाभुकों से योजना के पैसा वसूलने की कार्रवाई होगी।इसको लेकर बीडीओ सक्रिय हैं। उन्होंने प्रखंड में सभी आवास सहायकों और प्रवेक्षकको के साथ प्रखंड कार्यालय में एक समीक्षा बैठक की गई।आवास बनाने में रुचि नहीं लेने वाले लाभुकों पर नकेल कसने के लिए कई निर्देश दिये हैं। इस मामलें में छह लाभुकों के विरुद्ध कार्रवाई का आदेश जारी हो गया है। इस संबंध में बीडीओ मिथिलेश बिहारी वर्मा ने बताया कि पीएम आवास योजना के तहत हर योग्य गरीब तबके के लोगों का पक्का मकान बने इसके लिए अग्रेतर प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, योजना के अंतर्गत कुछ हठी लाभुक ऐसे भी हैं, जो तमाम प्रयासों से जागरूक करने के पश्चात भी आवास निमार्ण में रुचि नहीं ले रहे हैं। ऐसे लाभुकों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अब तक पीएम आवास योजना की राशि निकाल आवास नहीं बनाने वाले करीब 6 लाभुकों देवंती देवी,टोढि देवी,पुलिस डोम,धर्मशिला देवी,लाल चंद्र शर्मा,अनोजा बीबी,रिंकी देवी,पिंकी देवी विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा की हठी व लापरवाह लाभुकों पर कार्रवाई करने के लिए नोटिस भेजने की प्रक्रिया जारी है। इसके लिए संबंधित कर्मी को निर्देश दिया गया है।

अवैध रूप से बिजली चोरी में पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

बिक्रमगंज (रोहतास)। कनीय विद्युत अभियंता दावथ प्रखंड कौशलेंद्र कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर एक जांच दल का गठन कर पंचायत-डेढ़गॉव के ग्राम-तिलकपुरा में विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर छापेमारी की गई। बताते चले कि मीटर बाईपास कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर नागेंद्र सिंह पर 20665 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। उक्त उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बाईपास कर एक अलग से तार खींचकर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी, जिससे की वास्तविक मान पठन अवरुद्ध हो रहा था। आगे बताते चलें कि बीना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से कृषि कार्य हेतु बिजली चोरी करने को लेकर विक्की चौधरी पर 97855, सुधीर सिंह पर 36351, वकील सिंह पर 35370 एवं ललन सिंह पर 16545 रुपये दंडित राशि लगाई गई है। ऊक्त व्यक्तियों के परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नही था तथा विद्युत कनेक्शन से संबंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी नहीं दिखाई गई, जिसके कारण सभी अभियुक्तों पर विद्युत ऊर्जा चोरी के खिलाफ दावथ थाना में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कौशलेंद्र कुमार के द्वारा बकायेदारों से अपील करते हुए बताया गया की बिजली बिल समय रहते जमा करा दें अन्यथा विभाग के कर्मी घर-घर जाकर बकायेदारों का लाइन काट रहे हैं। लाइन कटने के बाद अनावश्यक होने वाली परेशानी से बचने के लिए समय पर बकाया बिल जमा करा दें। लाइन क़टने के बाद बिना बकाया राशि और रिकनेक्शन चार्ज जमा किये लाइन जलाते पाए जाने पर आर्थिक जुर्माने के साथ सम्बंधित थाना मे प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है।

खेतों में जंगली सूअर के आतंक से किसान परेशान

संझौली (रोहतास)। प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली काव नदी के तटीय,जंगली क्षेत्र में सूअरों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि जंगल के रास्ते गुजरने वाले राहगीर हो या किसान खासा परेशान व डरे डरे देखे जा रहे है। काव नदी के दूसरे किनारे अवस्थित बाजितपुर,बेनसागर गांव के किसान सूअरों द्वारा गरमा,खरीफ व अगहनी फसल को नुकसान पहुंचने से किसान त्राहिमाम करने लगे हैं। वर्तमान में खरीफ फसल मक्का व सब्जी को सूअर इस कदर बर्बाद कर रहे हैं की किसान सूअरों के आतंक से खेत की रखवाली करना राम भरोसे छोड़ दिए हैं। किसान सुनील कुमार,ललन सिंह,राम सुरेश सिंह,राम जग सिंह,गुदर सिंह उर्फ श्री किशून सिंह,अर्जुन सिंह, मोतीलाल सिंह सहित दर्जनों किसानों ने बताया कि काफी राशि खर्च व मेहनत करने के बाद मक्का की फसल जब तैयार

हुई तो, जंगली इलाके से सूअर रात में काव नदी पर कर, गांव के समीप खेत में लगे मक्का व सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा रही है. कई बार सूअर की हमलों से खेत की रखवाली करने वाले किसान घायल हो चुके हैं। किसानों की माने तो खेत में लगे मक्का फसल को जंगली सूअर इस तरह बर्बाद कर दे रही है कि किसान आर्थिक रूप से टूट जा रहे हैं। कहते हैं मक्का की एक बीघा खेती करने में कुल खर्च लगभग 15 से 16 हजार रुपए आता है. अगर मक्का की खेती बेहतर हुई तो खर्च काटकर, किसानों को एक बीघे में बचत लगभग 40 हजार रुपए की हो जाती है. सूअरों की आतंक से किसान बोदी,नेनुआ, झिंगी,करेला,खीर,कद्दू इत्यादि की खेती छोड़कर मक्का की खेती करने लगे हैं। लेकिन वर्तमान में सूअर मक्की की फसल को भी काफी छाती पहुंच रही हैं। अगर इसी तरह जंगली जानवरों का फसलों पर आक्रमण होता रहा तो किसान खेती से तौबा कर लेंगे।

बोले फॉरेस्ट गार्ड- सुअरों से फसल बचाव के लिए फॉरेस्ट गार्ड सुभाष कुमार बताते हैं। किसान भाई सावधानी से खेत में लगे फसल की ओर आएं जाएं, क्योंकि सूअर लगाकर हमला कर सकता है. सावधानी बरतते हुए, फसल लगे खेत के इर्द-गिर्द पटाखा का प्रयोग करें साथ ही पटाखा छोड़ने से सूअर आवाज सुनकर फसल की ओर आने से डरेगा। यह उपाय अपनाकर फसल के रखवाली जंगली जानवरों से किसान कर सकते है।

चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर सफल लैंडिंग को ले द डीपीएस परिसर में पूजन हवन सम्पन्न

बिक्रमगंज। भारत का मून मिशन यानी चंद्रयान-3 के लैंडर की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग के लिए द डिवाइन पब्लिक स्कूल परिसर में पूजन एवं हवन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।चंद्रयान -3 के पास साउथ पोल पर सबसे पहले उतरने का मौका है।यहां अबतक कोई नहीं उतर पाया है।मिशन की सफलता के लिए देश में जगह-जगह पर हवन कराए जा रहे हैं।विदित हो कि 23 अगस्त की शाम 6 बजकर 4 मिनट पर चंद्रयान 3 चांद के साउथ पोल की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करेगा।अबतक कोई भी देश चाँद के साउथ पोल पर नहीं उतरा है।ISRO के वैज्ञानिकों का दावा है कि चाहे कुछ भी हो जाए लैंडिंग होकर रहेगी।यही भरोसा भारत को चाँद के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने वाला दुनिया का इकलौता देश बना सकता है। इस ऐतिहासिक अवसर पर द डिवाइन पब्लिक स्कूल के सह निदेशक अखिलेश कुमार ने भी चंद्रयान -3 की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।उन्होंने बताया कि इस ऐतिहासिक घड़ी में हम सभी भारतीय एकजुट होकर इस मिशन की सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।आज हमारे वैज्ञानिक ऐसा इतिहास रचनेवाले हैं जिसकी गूंज न सिर्फ धरती बल्कि पूरे ब्रह्मांड में सुनाई देगी।चंद्रमा और ब्रह्माण्ड के रहस्यों को खोलने के लिए इस मिशन की सफलता बहुत जरूरी है।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकाओं ने हवन किया।

शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध

सासाराम। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति को लेकर बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा को देखते हुए सदर एसडीओ मनोज कुमार ने जिला मुख्यालय सासाराम में अनावश्यक एवं भारी वाहनों के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध लगा दिया है। यह प्रतिबंध आगामी 24 एवं 25 अगस्त को होने वाले परीक्षा के दौरान सुबह 7:00 बजे से लेकर शाम 6:00 बजे तक लागू रहेगा। जिससे परीक्षा के पूर्व परीक्षार्थियों को अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों पर ससमय पहुँचने में जाम की समस्या का सामना नहीं करना पड़े तथा प्रश्न पत्रों को भी सभी परीक्षा केन्द्रों पर ससमय पहुंचाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही आम लोगों की परेशानी एवं यातायात नियंत्रण के मद्देनजर शहर में प्रवेश करने वाले चिन्हित चार मार्गों पर चेक पोस्ट बनाए गए हैं। ताकि लालगंज नहर, बेदा, एसपी जैन मोड़ तथा मुरादाबाद में हीं सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक एम्बुलेंस, सरकारी वाहन, स्कूल वाहन, परिक्षार्थियों के वाहन इत्यादि को छोड़कर भारी व अनावश्यक वाहनों को शहर में प्रवेश करने से रोका जा सके। वहीं एसडीएम ने सासाराम अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत बीपीएससी द्वारा बनाए गए सभी 18 परीक्षा केंद्रों के आसपास सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक फोटो स्टेट, साइबर कैफे, कोचिंग सेंटर, खाद्य सामग्री की दुकानें आदि को बंद रखने सहित 100 मीटर की परिधि में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्र होने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा है कि यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। जिससे विधि व्यवस्था की समस्या न उत्पन्न हो और परीक्षा केंद्रों के आसपास आवागमन सुचारू रूप से जारी रहे।

भूमि विवाद संबंधित बैठक में दो गंभीर मामलों पर हुई सुनवाई

सासाराम। जिले के चेनारी थाना परिसर में बुधवार को सदर एसडीओ मनोज कुमार ने भूमि विवाद से संबंधित लंबित मामलों के निष्पादन हेतु एक संयुक्त बैठक की। इस दौरान उन्होंने भूमि विवाद से संबंधित गम्भीर मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश जारी किए तथा रैयत भूमि के बंटवारे व दखल कब्जे को लेकर दो मामलों में सुनवाई की। एसडीएम ने मापी से सम्बंधित अन्य मामलों में भी अंचल अधिकारी चेनारी को निर्देशित किया तथा कहा कि प्राथमिकता के आधार पर भूमि विवाद के लंबित मामलों का तत्परता से निष्पादन करें अन्यथा शिथिलता एवं लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ हीं थाना परिसर में चौकीदारी परेड भी किया गया तथा सभी चौकीदारों को निर्देश दिया गया कि अपने क्षेत्र से सम्बंधित भूमि विवाद तथा शराब से सम्बंधित सूचनाओं के बारे में गुप्त

रूप से अपने वरीय अधिकारियों को सूचित करेंगे। बैठक के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार राय, अंचल अधिकारी निशांत कुमार, सर्किल इंस्पेक्टर, चेनारी थानाध्यक्ष सहित राजस्व अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, अंचल अमीन आदि उपस्थित रहे।

ट्रक की चपेट में आकर 18 वर्षीय युवक की मौत

संझौली (रोहतास)। थाना क्षेत्र के आमाडाढ़ गांव में मंगलवार की शाम 6 बजे ट्रक की चपेट में आने से 18 वर्षीय एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को स्थानीय लोगों द्वारा बिक्रमगंज के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जिसका उपचार के दौरान मौत हो गई। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया की ट्रक की चपेट में मृत युवक पहचान बरौली गांव निवासी 18 वर्षीय बंगाली गौतम कुमार यादव बताया जा रहा है। शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया गया है। साथ ही ट्रक को जब्त कर पता किया जा रहा है की ट्रक किस व्यक्ति का है। घटना के बाद ट्रक छोड़कर चालक फरार हो गया था। स्थानीय लोगो की माने तो ट्रक चालक आरा-सासाराम मुख्य पथ सोनी गांव से संपर्क पथ से आमाडाढ गांव की ओर जा रहा था की इसी बीच एक व्यक्ति को घायल करते हुए, कुछ ही दूरी पर 18 वर्षीय युवक को रौंद डाला। फिर चालक भागने के चाकर में असंतुलित होकर राय बहादुर राम के मकान में ठोकर मार कर छतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों की हो हल्ला करने पर ट्रक छोड़ कर भाग निकला। स्थानीय लोग बताते है कि मृत युवक के पिता अरविंद सिंह 40 वर्षीय की निधन कुछ वर्ष पूर्व ट्रेन की चपेट में आने से हो गई थी। मृतक दो भाई थे, जिसमें एक भाई की मौत मंगलवार की शाम ट्रक की चपेट में आने से हो गई।

डाक अधीक्षक ने नोखा पोस्ट ऑफिस का किया औचक निरीक्षण

नोखा (रोहतास)। नगर परिषद स्थित बुधवार को गढ़ नोखा पोस्ट ऑफिस का डाक अधीक्षक ने औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर अधीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने डाक उपभक्ताओं के लिए विशेष सुविधा के लिए कर्मियों को दिशा निर्देश दिया। साथ ही साथ बताया कि जर्जर पोस्ट ऑफिस भवन जल्द ही दुरुस्त होगी। वही पोस्ट ऑफिस अंतर्गत बन रहें आधार कार्ड कार्यालय का भी निरीक्षण करते हुए लोगों से असुविधा की जानकारी लिया। इस मौके पर सुबोध कुमार सहित समस्त कर्मी उपस्थित थें।

बाइक और कार की जोरदार टक्कर में एक वृद्ध की मौत

कोचस (रोहतास)। आरा-मोहनिया सड़क के राष्ट्रीय राजमार्ग तीस पर पेट्रोल पंप के समीप बाइक और कार मे सीधी भिडंत हो गई। जिसमें चार लोग बुरी तरह घायल हो गए। जिसमें जख्मी 50 वर्षीय एक वृद्ध को ईलाज के बनारस रेफर कर दिया गया। जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। इसकी जानकारी देते हुए परसथुआ ओपी अध्यक्ष नीरज कुमार ने बताया कि मंगलवार के दिन ओपी थाना क्षेत्र स्थित सोहसा गांव के समीप कार व बाइक में जोरदार भिडंत हुई थी। जिसमें तीन महिला तथा एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों में सबसे ज्यादा बाइक सवार पिता पुत्री थे जिनकी स्थिति चिंताजनक थी। चिकित्सको ने ग्राम परसिया, थाना कुढ़नी, जिला कैमूर निवासी 50 वर्षीय बीरबल पासवान को स्थिति चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज के लिए बनारस रेफर कर दिया गया था, जिसमे इलाज के लिए ले जाने के दौरान उनकी रास्ते में ही मौत हो गई। वहीं गांव में मृतक की शव पहुंचते ही मातम सा छा गया तथा परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

जदयू ग्राम संसद सदभाव कार्यक्रम में विकास कार्य पर हुई चर्चा

केसठ (बक्सर)। बुधवार को जनता दल यूनाइटेड के राज्यब्यापी अभियान ग्राम संसद सदभाव की कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के रामपुर व केसठ में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कमलेश गुप्ता व संचालन नागेश्वर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमलेश गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए जाती धर्म, हिंदुस्तान-पाकिस्तान, मंदिरजी-मस्जिद राजनीति कर रही है।भाजपा सता में आने के लिए जो वादा किया। जिसमें एक भी पूरा नही कर सकी। देश के युवा रोजगार मांग रहे है। देश वासियों से किए वादे को पूरा नहीं कर सकी। अब आईएनडीवाईए गठबंधन से घबराई हुई है साथ ही साथ हमारे सरकार को बदनाम कर रही है। वही राजीव रंजन ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने आदर्श गांधी, लोहिया, जयप्रकाश के सपनो को साकार कर रहे है।मणिपुर में बेटियों की अस्मत लुटा जा रहा है और प्रधानमंत्री एक शब्द बोलने के लिए तैयार नही है। नीतीश कुमार न्याय के साथ विकास की अवधारणा निभा रहे है। मौके पर मुख्य रूप से श्रीकांत यादव, अर्जुन पासवान, मो इशहाक, शिवलाल केशरी ,सरोज सिंह सहित अन्य उपास्थित थे।

बोलबम श्रद्धालु भगवा भेष-भूषा में बोलबम के जयकारे लगाते हुए प्रस्थान किए

काराकाट व चिकसिल पंचायत से दो दर्जन कांवरियों का जत्था बोलबम के लिए रवाना

बिक्रमगंज(रोहतास)। निज संवाददाता बुधवार को पवित्र माह श्रावण में देवघर बाबा बैजनाथ धाम में जलाभिषेक को लेकर काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत काराकाट एवं चिकसिल से लगभग दो दर्जन कांवरियां रवाना हुए । काराकाट प्रखंड के ग्राम पंचायत काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह के नेतृत्व में बोलबम के लिए लगभग दो दर्जन कांवरियों का जत्था रवाना हुआ । श्रद्धालु भगवा भेष-भूषा में बोलबम के जयकारे लगाते हुए प्रस्थान किए । मुखिया संघ सह जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि सभी श्रद्धालु सुल्तानगंज स्थित मां गंगा से जल उठाएंगे और बाबा के मंदिर में पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे । उन्होंने कहा कि लगभग दो दर्जन की संख्या में सभी शिव भक्त बाबा धाम नगर

के लिए प्रस्थान किए है । उन्होंने कहा कि सभी कांवरियां सर्वप्रथम अपने गांव के सभी देवी- देवताओं के मंदिर में जाकर पूजा- अर्चना की । उक्त दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बोलबम का जयकारा लगाया तो वहीं दूसरी ओर महिला श्रद्धालुओं ने भी देवी- देवताओं सहित शंकर भगवान की गीत प्रस्तुत की । इसके बाद बोलबम के जयकारों के साथ देवघर के लिए रवाना हुए । बैजनाथ धाम के लिए काराकाट मुखिया सह मुखिया संघ जिलाध्यक्ष योगेंद्र सिंह के साथ ग्राम पंचायत चिकसिल उपमुखिया अमिता सिंह , बलवंत सिंह उर्फ छोटू , सुरेश सिंह , विनोद सिंह , उमेश सिंह , अशोक सिंह, अजीत सिंह , सत्यम साह , विकाश सिंह , वंशीधर सिंह , गुड्डू बारी , भानु यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

चंद्रयान-3 के इतिहास रचते ही विश्व में भारत ने लिखा सौर गाथा की मिसाल : डॉ0 मनीष

बिक्रमगंज (रोहतास)। चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पूरी होते ही भारत ने अंतरिक्ष में विश्व इतिहास रच दिया। जिसकी खबर सुनते ही पूरा भारत खुशियों में झूम उठा।इस मौके पर बिहार भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री व सीनेट सदस्य वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा सह काराकाट विधानसभा क्षेत्र भावी प्रत्याशी डॉ० मनीष रंजन ने भावुक हो खुशी जाहिर करते हुए देशवासियों सहित देश के इसरों वैज्ञानिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 23 अगस्त 2023 का यह पल भारतीय इतिहास में गौरव करने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि भारतीय स्पेस सेक्टर में आज का दिन नया इतिहास रचा दिया। जो क्षण जीत के चंद्रपथ पर चलने के युग को दर्शाता हैं। यह क्षण अभूतपूर्व है। यह भारत के संखनाद का दिन है यह नए भारत के जयघोषणा का है। जिसमें देश के पीएम नरेंद्र मोदी ने देश के इसरों वैज्ञानिकों के साथ हौसला अफजाई करते हुए भारत के लिए ऐतिहासिक इतिहास रचने का अदभुत कारनामा कर दिखाया है।

चंद्रयान-3 के सफलता पर लोगों ने मनाया खुशी

नोखा (रोहतास)। इसरो द्वारा चंद्रयान-3 की सफलता पर पटाखे छोड़े गए और खुशी व्यक्त की गई। पटाखे छोड़कर की मिठाई बांटे गए या नजारा देखने को मिला नगर परिषद नोखा के मुख्य बाजार में स्थित थाना मोड़ के पास जहां पर के दलीय राजनीति से ऊपर उठकर के लोगों ने पटाखे छोड़े और भारत को अंतरिक्ष की दुनिया में एक और सफल कदम बताया। इस मौके पर मिठाई बांटी गई। मौके पर चाहू ओर उत्साह देखा गया। अंतरिक्ष में भारत की एक और मजबूत कदम बताया गया। भारतीय वैज्ञानिकों को बधाई दी गई। इससे पूर्व चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर के रामधनी साह के मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जहां उपस्थित लोगों ने पूजा अर्चना करते हुए चंद्रयान 3 की सफलता को लेकर के भगवान से आशीर्वाद मांगा। उसके बाद सभी लोग टीवी पर चिपके रहे। जहां पर

की लाइव टेलीकास्ट देखते रहे। कि मिशन चंद्रयान कब सफल हो रहा है। जैसे मिशन चंद्रयान सफल हुआ इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए पटाखे छोड़े गए और मिठाइयां बांटी गई। इस मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह, पूर्व मुखिया बिंदेश्वरी सिह, राष्ट्रीय लोक जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बिन्दे लाल कुशवाहा, श्री भगवान सिह, सत्येंद्र सिंह, परशुराम सिंह, राजू कुमार, जवाहर प्रसाद चौरसिया सहित भाजपा राष्ट्रीय लोक जनता दल सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्कार्पियो एक बैठे सांड को धक्का मारते हुए फरार हो गया

दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर। कैमूर के चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के मुंडेश्वरी मंदिर का है जहां अज्ञात स्कार्पियो ने बिना नंबर प्लेट का उजले कलर की गाड़ी मुंडेश्वरी दर्शन करके नीचे आ रही थी की बाए साइड के किनारे गंगा सिंह कुशवाहा के दुकान के सामने बैठा हुआ था और स्कॉर्पियो मुंडेश्वरी मंदिर से नीचे आई और भगवानपुर रोड की तरफ जा रही थी कि गंगा सिंह कुशवाहा के सामने बाए साइड में बैठे साढ़ के ऊपर स्कॉर्पियो चढ़ा दिया जहां साढ़ घायल हो कर बेहोश अवस्था में पड़ा था लोग उठा रहे थे बैठा रहे थे लेकिन वह बैठकर लोट जाता था देखने से मालूम पड़ता था कि सांड को काफी अंदर से गहरा चोट लगा हुआ था वही साढ़ को चोट लगते हैं लोगों की भीड़ लग गए और स्कॉर्पियो वाला भागने में सफल रहा देखने से लगता था कि नई गाड़ी का स्कॉर्पियो चलने वाला बिल्कुल नया ड्राइवर था जो की साड रोड से अलग बैठा हुआ था जहा धक्का मारते हुए गाड़ी लेकर भाग गया सूत्रो से जानकारी मिला कि गाड़ी मुंडेश्वरी में सैकड़ो दर्शन करने के लिए गाड़ियां आते रहती हैं और दर्शन कर वापस चली जाती हैं लेकिन एक उजली कलर की स्कॉर्पियो बिना नंबर प्लेट की थी और मुंडेश्वरी मंदिर पूजा कर कर लौट रही थी और वहा कोई भीड़ भाड़ की जगह नहीं थी रोड खाली था लेकिन ड्राइवर के लापरवाही से साढ़ को धक्का मार करके भाग गया और थोड़े देर बाद पता चला की साढ़ मार गाय। वही इसकी जानकारी मैं पत्रकार सिंगासन सिंह यादव ने थाना के सरकारी नंबर से बात किए तो फोन को काट दिए और उधर से फोन भी नही किए पुनः दुबारा 27मिनट में फोन किए तो बात में बताए की मैं कोर्ट में जज साहब के सामने खड़े थे। और फोन नही और उठाए। और अपना नाम एडिशनल एसएचओ रंजय कुमार थाना भगवानपुर बताए।

खास ख़बर

प्रशिक्षक की ना आने की वजह से वार्ड सदस्यों का नहीं हुआ प्रशिक्षण

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता । रामपुर (कैमूर) प्रखंड अंतर्गत तीन पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रशिक्षक की ना आने की वजह से नहीं हो पाया। आपको बताते चलें की बुधवार से प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन पंचायत अमांव, बेलगांव व बड़कागांव के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण होने वाला था। लेकिन वार्ड सदस्यों का कहना है, कि प्रशिक्षण देने वाले कर्मी की ना आने की वजह से हम लोगों ने प्रशिक्षण नहीं लिया। बड़का गांव पंचायत कु वार्ड सदस्य सुरेश राम ने बताया कि हम लोग अमॉव से आए हुए हैं। 10:00 बजे से यहां उपस्थित हैं 1:00 बज गया, हम लोग अपना काम धंधा छोड़कर, गाड़ी भाड़ा लगाकर आए हुए हैं। लेकिन यहां प्रशिक्षक नहीं है। ऐसे में जब प्रशिक्षण देने वाले कर्मी ही नहीं है तो फिर हम लोगों को बुलाने की क्या जरूरत था। यही इस विषय पर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी दिव्य शक्ति से पूछा गया, तो उनके द्वारा जवाब दिया गया कि 16 से ही प्रशिक्षण चल रहा था, जो की वार्ड सदस्य अध्यक्ष अभय सिंह के द्वारा बहिष्कार कर दिया गया। प्रशिक्षणार्थियों के लिए खाना भी बनवाया गया था पर फेंकना पड़ा। यदि अब सभी वार्ड सदस्य प्रशिक्षण लेने के इच्छुक हैं तो आगे खाने-पीने की व्यवस्था करवाने के बाद कर्मियों को बुलाया जाएगा।

बेलॉव थाने की पुलिस ने शराब बेचते पति-पत्नी सहित चार लोगों को किया गिरफ्तार

रामपुर (कैमूर) । रामपुर प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय के सामने से पति-पत्नी सहित चार लोगों की किया गिरफ्तार बेलॉव थाना अध्यक्ष विनय कुमार से मिली जानकारी मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर प्रखंड मुख्यालय के सामने ही एक झोपड़ी में चाय नाश्ते की दुकान की आड़ में शराब का भी बिक्री कर रहा था छापेमारी में 15 लीटर देसी शराब पकड़ा तो वही बगल में एक बाइक के डिक्की में से 5 लीटर शराब पकड़ा गिरफ्तार की पहचान खजुरा के राजू चौधरी इनकी पत्नी सरस्वती देवी बताया जाता है इन्हीं के निसान देह पर शराब सप्लायर मल्हीपुर थाना चेनारी रोहतास निवासी जयप्रकाश चौधरी के अनिल पासी अनुसार चाय नाश्ते के दुकान एक एक झोपड़ी में कर रहा था उसी में शराब का भी बेच सभी कानूनी प्रक्रिया कर जेल भेज दिया गया है इस बात की जानकारी बेलॉव थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने दी।

सत्याग्रह एक्सप्रेस में दो यात्रियो के बीच हुई कहासुनी

शुभ भास्कर संवाददाता नरकटियागंज । आनंद विहार से रक्सौल जाने वाली डाउन सत्याग्रह एक्सप्रेस् में बुधवार को कतिपय युवको ने हंगामा किया। युवको ने ट्रेन में चढ़ कर मारपीट की और ट्रेन के एसी कोच का शीशा तोड़ डाला और घटना को अंजाम देने के बाद चलती ट्रेन से कूद कर भाग गये। हालाकि ट्रेन में डयूटी कर रहे आरक्षी ने इनमें से एक युवक को पकड़ लिया। गिरफ्तार युवक धुमनगर मटियरिया का सन्नी कुमार है। धराये सन्नी कुमार ने घटना के बारे में बताया है कि उसके फेशबुक फ्रेंड और लौरिया के सुधीर कुमार निषाद के एक रिश्तेदार सफर कर रहे थे। उसके साथ ट्रेन में एक अन्य यात्री के बीच कहा सुनी हुई और मारपीट हुई। सुधीर ने उसे फोन कर नरकटियागंज स्टेशन बुलाया। उसके साथ 10 – 15 अन्य युवक भी थे। सभी ने ट्रेन आने से पहले विडियो भी बनाया। उसके साथ गदियानी टोला धुमनगर के दोस्त रंजन कुमार राम व पप्पु आलम भी थे। सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन नरकटियागंज पहुंचने के दौरान सुधीर ने बताया कि उसका बहनोई इसी गाडी से आ रहे है जिनके साथ किसी का झगड़ा हो गया है। ट्रेन आने के दौरान सभी ट्रेन में चए गए। सुधीर उस यात्री से मारपीट करने लगा जिसने उसके बहनाई के साथा झगड़ा किया था। इस बीच गाड़ी खुल गयी। सभी लोग आरओबी के निकट उतर गये।

पुलिस ने तीन वारंटी के साथ एक वर्षों से फरार चल रहे अभियुत को किया गिरफ्तार

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया । साठी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को अलग अलग जगहों से छापेमारी कर चार लोगो को किया गिरफ्तार भेजा जेल।जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि माननीय न्यायालय के आदेश के आलोक में पूर्व के कांड में तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार वारंटी बुचो सहनी ,बिकांत सहनी,धनपत सहनी तीनों परोराहा निवासी के रूप में पहचान की गई है एवं 2013 के कांड में फरार चल रहे जीउत साह धर्मपुर निवासी को गिरफ्तार कर बुधवार को बेतिया न्यायालय भेज दिया।

पहले बच्चे के रूप में माता ने दिया तीन बच्चे को जन्म पिता ने रखा ब्रह्मा विष्णु महेश नाम

दुर्गावती कैमुर। जी हां आपको सुनकर आश्चर्य तो जरूर होगा एक माता ने तीन बच्चों को एक ही साथ जन्म दिया और उसके पिता ने तीनों बच्चों का नाम ब्रह्मा विष्णु और महेश रख दिया। एक तरफ सरकार के द्वारा दो बच्चों के पहल पर जनसंख्या नियंत्रण के लिए विचार किया जा रहा है तो वही ईश्वर के करिश्मा को क्या कहा जाए एक ही मां के गर्भ से तीन बच्चे हुए और तीनों बेटा। मामला दुर्गावती थाना क्षेत्र के दहियाव गांव का है जहां गुप्तेश्वर चौबे की पत्नी ज्योति देवी ने अपने गर्भ से तीन बच्चों को जन्म दिया। बता दे की डेढ़ साल पहले गुप्तेश्वर चौबे की शादी भभुआ के बगल में कोचाडि गांव में हुआ था। ज्योति देवी के ससुराल आने के बाद ईश्वर की करिश्मा को क्या कहा जाए कुछ समय के बाद की ज्योति देवी गर्भवती हुई जिनका इलाज डॉक्टरों की देखरेख में चल रहा था। अचानक मंगलवार की रात ज्योति देवी के पेट में दर्द हुआ जिसे तुरंत लेकर पति ने वाराणसी के भिखारीपुर मधुकर केयर हॉस्पिटल में पहुंचे। जब डॉक्टरों ने ज्योति देवी का पेट खोला तो दंग रह गए एक साथ एक-एक बच्चों को बाहर निकला गया । उसके बाद सभी बच्चों का वजन कराया गया तो तीनों बच्चे ढाई ढाई किलो के हुए। विचारणीय विषय यह है की तीनो का वजन और तीनों बच्चों का अलग-अलग खेड़ी सब कुछ परमात्मा ने कैसे मां के गर्भ में सजों पर रखा था। वही गुप्तेश्वर चौबे पैत्रिक गांव उनके घर पर गीत गाने वाली महिलाओं का जमावडा लगा रहा और खुशी से मिठाइयां बाटी गए। गुप्तेश्वर चौबे के पिता श्री जगन्नाथ चौबे रिटायर्ड इंस्पेक्टर ने सकुशल बच्चों को पैदा होने पर खुशियां जाताई और अपनी बहु को बधाइयां भी दी।

जन उपयोगी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने का काम करना है: सांसद

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया । आगामी चुनाव को देखते हुए महागठबंधन ने कसी कमर। जिसमें प्रत्येक सांसद और विधायक अपने क्षेत्र में जोर शोर से लगे हुए हैं। जो भी सरकार द्वारा जनउपयोगी क्रियाकलाप है उन्हें जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इधर इसी कड़ी में मंगलवार को जनता दल(यूनाइटेड) का राज्यव्यापी अभियान के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जन उपयोगी कार्यों को जन जन तक पहुंचाने के निर्देश पर ग्राम संसद सदभाव की बात राज्य सरकार की उपलब्धियों पर ग्राम पंचायत राज तौलहा के ग्राम तौलहा में, महुई पंचायत के ग्राम महूई में, डैनमारवा पंचायत के ग्राम डैनमारवा में एवं बैकुंठपुर समेत धनरपा में बाल्मीकिनगर लोक सभा सांसद सुनील कुमार कुशवाहा, तिरहुत प्रमंडलीय विधान सभा प्रभारी रोबिन सिंह, राज्य से विधान सभा प्रभारी राजेश तिवारी, जिला से नियुक्त रामनगर विधान सभा प्रभारी सुरेंद्र बैठा तथा श्रीमति पलक भारती, श्रीमति शिवरानी देवी, बच्चा खान, अलखदेव पासवान, श्रीमति आरती देवी के द्वारा बिंदुवार चर्चा किया गया। इसकी अध्यक्षता पंचायत अध्यक्षों के द्वारा किया गया तथा इस कार्यक्रम का संचालन जदयू प्रखण्ड अध्यक्ष संजय मिश्र के द्वारा किया गया।

नगर पंचायत हाटा में किशोरी जी के प्रवचन में भगवान श्री कृष्ण के बाल लीलाओं में सुनने के लिए पहुंचे श्रोता

दैनिक भास्कर संवाददाता चैनपुर । चैनपुर कैमूर के नगर पंचायत हाटा के प्रजापति वाटिका में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथावाचक शिवांगी किशोरी जी ने प्रभु श्री कृष्ण के बाल लीलाओं का अद्भुत वर्णन करते हुए माखन चोरी चीर हरण गोवर्धन पूजा के रहस्यों को अति सुंदर तरीके से वर्णन किया। वाराणसी के कैलाश मठ के आशुतोषानंद जी महाराज के शिष्या शिवांगी किशोरी जी ने संगीतमय प्रवचन से हर किसी को मंत्र मुग्ध कर दिया।इस दौरान उनके द्वारा कई भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए जिससे उपस्थित लोग झूम उठे। भव्य कार्यक्रम का शंभू शरण उपाध्याय, दिलीप कुमार उपाध्याय संदीप कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यक्रम किया जा रहा था जिसमें,ध्रुव नारायण सिंह नगर पंचायत हाटा के , चेयरमैन रमेश जायसवाल, डिंपल जायसवाल सहित सैकड़ों लोग बहमुल्य समय निकाल कर भागवत कथा सुन रहे हैं।

श्री 1008 गातोड़ी श्याम मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए

दैनिक शुभ भास्कर के प्रकाशक/संपादक सुनील कुमार। जय श्री गातोड श्याम जय जय वीरपुरा धाम 15 अगस्त 2023 के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजस्थान उदयपुर जयसमंद वीरपुरा गांव में विराजमान श्री गातोड श्याम के मंदिर में नाग देवता स्वरूप भगवान शिव शंकर की पूजा अर्चना दैनिक शुभ भास्कर के प्रकाशक संपादक सुनील कुमार मिश्रा(बद्री) की मंदिर के पुजारी जी ने विधि विधान मंत्र उच्चारण करके पूजा संपन्न कराई सहयोगी उदयपुर एडिशन के संपादक राकेश जैन देवीलाल जी कीर दैनिक शुभ भास्कर का अन्य स्टाफ उपस्थित रहे और भगवान श्री श्री गातोड़ी श्याम से प्रार्थना की जनमानस सुखी रहे और दैनिक शुभ भास्कर अखबार देश और दुनिया में सच्चाई के साथ अपनी बात रखना रहे ॐ नमः शिवाय हर हर महादेव जय जय श्री श्याम गातोड़।

नर्सेज की महारैली 25 अगस्त को जयपुर में

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/उदयपुर/ राजस्थान। नर्सिंग संयुक्त संघर्ष समिति उदयपुर द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश व्यापारी आंदोलन के तहत 18 जुलाई से निरंतर धरना प्रदर्शन एवं गेट मीटिंग आयोजित की जा रही है। जिलाध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष ने बताया कि आज 36वें दिन गेट मीटिंग ओपीडी परिसर के बाहर आयोजित की गई, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा की गई और 25 अगस्त को जयपुर में होने वाली महा रैली की तैयारी के बारे में अवगत कराया गया। महा रैली में राजस्थान के गांव गांव ढाणी ढाणी से लगाकर जिला अस्पताल तक के करीब 50 हजार नर्सेज इस महारैली में भाग लेंगे। संभागीय अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि गेट मीटिंग में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत आमेटा, जिला अध्यक्ष पवन कुमार दानाध्यक्ष, संरक्षक रमेश मीणा ने संबोधित किया। ग्रामीण जिला अध्यक्ष कुंदन मेनारिया के सानिध्य में पीएचसी,सीएचसी एवं सैटेलाइट अस्पतालों में गेट मीटिंग आयोजित की जा रही है और 25 अगस्त को जयपुर महा रैली की तैयारी जोरों पर है।

बीटी कॉटन के निराश्रितों पर प्रकाशित बैनर को मिली सफलता

विशाखा व्यास /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/उदयपुर । प्रशासनिक अधिकारियों ने दी तवज्जों-लवीना विकास सेवा संस्थान द्वारा बीटी कॉटन के निराश्रितों के संघर्ष पर प्रकाशित बैनर का शुभारंभ आई जी उदयपुर रेंज अजयपाल सिंह लाम्बा ने किया।जिस पर लगभग अभी तक नब्बे प्रशासनिक अधिकारियों के हस्ताक्षर हो चुके है।संस्थान निदेशक भरत कुमार पूर्बिया ने बताया कि हस्ताक्षर अभियान की ये मुहिम जारी रहेगी।वर्तमान जिला कलेक्टर अरविन्द कुमार पोसवाल ने भी बैनर पर हस्ताक्षर कर जानकारी ली है।व्यवस्थापिका प्रमीला पूर्बिया ने बताया कि संस्थान द्वारा बीटी कॉटन के निराश्रितों के पालनहार के रूप में किये गए अब तक के संघर्ष का संक्षिप्त विवरण बैनर पर मौजूद है।

राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना

सुनील कुमार मिश्रा /दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान / उदयपुर/(रुडिप) । के चतुर्थ चरण के अन्तर्गत

खेतड़ी शहर में चल रहे सींवरेज व पानी की लाईन डालने का कार्यो के अन्तर्गत विभाग द्वारा आयोजित महिला बैसिक कम्प्युटर प्रशिक्षण (1माह) व परियोजना में कार्यरत महिला श्रमिको को राजमिस्त्री (मिस्त्री) व प्लम्बर का प्रशिक्षण (14दिवसीय) को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले प्रशिक्षार्थियो को आज विभाग के जय निवास कोठी के पास स्थित कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन कर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र अधिशाषी अभियन्ता श्री दिनेश कुमार वर्मा व कनिष्ठ अभियंता संजू कुमारी पुनिया के मार्गदर्शन में आज वितरित किये गये। कार्यकम में अधिशाषी अभियन्ता श्री दिनेश कुमार वर्मा ने महिला श्रमिको को सफलता पूर्वक पूर्ण करने पर बधाई देते हुए प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवो का अपने भावी जीवन में लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। महिला प्रशिक्षार्थियो को संबोधित करते हुये बताया कि जीवन की प्रत्येक क्षण हमे कुछ सिखाता है, हमे बस सिखे हुए अनुभव का लाभ अपनें जीवन में लेना चाहिये।सीएमसी के सहायक निर्माण प्रबन्धक विजयपाल ने महिला श्रमिको को इस प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए सभी प्रशिक्षणार्थीयो को धन्यवाद दिया। सामाजिक विकास अधिकारी सौरभ शर्मा ने ने प्रशिक्षणार्थियो को बताया कि हर प्रशिक्षण हमारे जीवन में एक नया सकरात्मक बदलाव लाता है। जीवन के विकास के लिए निरन्तर व्यक्ति को कुछ ना कुछ नया सीखना चाहिये। सिखने की कोई आयु नही होती तथा जीवन में स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में सीएमसी के सीनियर निर्माण अभियंता चंदनलाल, सहयोगी अभियंता अविनाश, सुनील, निविदा फर्म के प्रोजेक्ट मनैजर अनिल कुमार मीणा, वेंकटेश नरसी व एसओटी टीम के, मोनिका कुमारी, उमेश सहित निविदा फर्म के कार्मिको ने सहभागिता निभाई।

ट्रेन की चपेट में आने से एक वृद्ध व्यक्ति की हुई मौत

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया। साठी नरकटियागंज-मुजफ्फरपुर रेल खंड पर बुधवार को रामेश्वर नगर हाल्ट और सिकरहना नदी के बीच पिलर संख्या 229 के पास एक वृद्ध अज्ञात व्यक्ति की मौत अज्ञात ट्रेन के चपेट में आने से कट कर हो गई है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल बेतिया भेज दिया गया है। अज्ञात व्यक्ति की उम्र लगभग 60 वर्ष के आसपास बताया जा रहा हैं। वहीं मृतक धोती और कुर्ता पहना था। जिसका शव क्षत-विक्षत की अवस्था में रेलवे ट्रैक पर पड़ा था। खबर लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं की गई थी हलाकी सोसल मीडिया के माध्यम से मृतक की शव को पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।

आंगनबाड़ी आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति बहुत कम थी

आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 188 का निरीक्षण के क्रम में पाया गया भोजन के उपरांत बच्चे अपनी जूठी थाली स्वयं धो रहे हैं

भभुआ कैमुर शुभ भास्कर । 23/08/2023 को जिला पदाधिकारी कैमूर श्री सावन कुमार द्वारा मोहनिया प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भरखर में संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण किया गया। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी मोहनिया को ग्राम भरखर के तैयार पंचायत सरकार भवन में अवशेष सभी प्रक्रियाओं को पूर्ण कर 15 दिनों के अंदर भवन का उद्घाटन कराने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में नवनिर्मित लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत WPU में शौचालय निर्माण नहीं पाया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड समन्वयक लोहिया स्वच्छ बिहार मोहनिया को 15 दिनों के अंदर शौचालय निर्माण कराकर प्रतिवेदित करने का निर्देश दिया गया गया। भरखर ग्राम में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र कोड संख्या 188 का निरीक्षण के क्रम में पाया गया भोजन के उपरांत बच्चे अपनी जूठी थाली स्वयं धो रहे हैं जो सहायिका रिंकू कुमारी के दायित्व निर्वहन के प्रति बरती जा रही लापरवाही को परिलक्षित करता है । जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा DPO ICDS को सहायक श्रीमती रिंकू कुमारी को तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त करने का निर्देश दिया गया । आंगनबाड़ी निरीक्षण के दौरान छात्रों की उपस्थिति बहुत कम थी। प्राथमिक विद्यालय भवन के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि विद्यालय भवन के सामने गड्ढा होने के कारण पानी लगा था जिससे बच्चों को आने जाने में काफ़ी कठिनाई होती होगी। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा विद्यालय के विकास मद से मिट्टी और रावीश गिराकर गड्ढा भरने का निर्देश दिया गया। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में वार्ड संख्या 10 के महादलित बस्ती की कैलाशी कुँवर पत्नी स्वर्गीय राम कवल राम द्वारा जिला पदाधिकारी से संपर्क किया गया और अपना आवास दिखाया गया कैलाशी कुँवर के पास केवल एक कुस की मड़ई थी जो जीर्णशीर्ण अवस्था में थी। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा तत्काल मुख्यमंत्री आवास योजना से आवास आवंटित करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी मोहनिया को दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के जाँच के क्रम में मुखिया द्वारा बताया गया कि इन्द्रा आवास सहायक श्री जैलेन्द्र कुमार सिंह पंचायत में न के बराबर आते हैं जिससे आवास योजना का कार्य प्रभावित होता है। जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा उप विकास आयुक्त को जाँचोपरांत नियमानुकूल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

नप सभागार में स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर व्यापारी संघ के साथ हुई बैठक

शुभ भास्कर संवाददाता बेतिया,रामनगर । नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ऋषिकेष अवस्थी की अध्यक्षता व नगर परिषद के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसडर सदाकान्त शुक्ला के नेतृत्व में नगर परिषद रामनगर के सभागार में व्यापारी संघ के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभापति प्रतिनिधि नागेन्द्र साह, उप सभापति प्रतिनिधि सुजल सिंह के उपस्थिति में व्यापारी संघ के पूर्व अध्यक्ष चिन्तामणि तिवारी व नये अध्यक्ष रामबाबू प्रसाद से दैनिक बाजार में साफ सफाई के साथ प्लास्टिक प्रतिबन्ध, सड़क पर सब्जी बेचने वाले ठेला दुकानदारों को पुराने सब्जी मंडी में भेजने आदि मुद्दों पर चर्चा किया गया। व्यापारियों के विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए पूर्व अध्यक्ष चिन्तामणि तिवारी ने कहा की नगर परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा रात्रि में सड़कों और गलियों के सफाई के साथ मूत्रालयों की नियमित सफाई होनी चाहिए ताकि दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी नहीं हो। वहीं नये अध्यक्ष रामबाबू प्रसाद ने कहा कि खंडहर बने पुराने सब्जी मंडी को साफ सफाई कर सब्जी विक्रेताओं को सब्जी मण्डी में भेजने पर पहल किया जाए। इससे सड़क को स्वच्छ रहने के साथ साथ जाम से निजात मिलेगी। नगर परिषद के स्वच्छता ब्रान्ड एम्बेसडर सदाकान्त शुक्ला ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है इसलिए हम सब को इसके प्रति जागृत होना होगा और समाज को भी जागृत करना होगा प्लास्टिक हमारे भविष्य के लिए घोर घातक है। इसलिए प्लास्टिक प्रतिबंध को सफल बनाने के लिए नगर परिषद द्वारा चौपाल लगाकर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने की तैयारी की जा रही है ताकि लोगों को प्लास्टिक से फैलने वाले प्रदूषण से मुक्त कराया जा सके। मौके पर अलाउद्दीन राईन, पार्षद प्रतिनिधि व पार्षद विजेन्द्र चौबे, राकेश सिंह, आसिफ अली, वृजेश ओझा, अखिलेश साह, उत्तम प्रसाद, जावेद अख्तर, पिंटू गुप्ता, मुन्ना गोंड, राजू पटेल, तकी अहमद, शाहबाला समेत अन्य पार्षद और दुकानदार उपस्थित रहे।

ख़ास ख़बर

चंद्रयान-3 की टीम में गाजीपुर का लाल, बोले पिता- हो रहा गर्व

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर। इसरो का मिशन चंद्रयान-3 देश के साथ-साथ जिले के लिए भी खास है। वह इसलिए कि रेवतीपुर के वैज्ञानिक कमलेश शर्मा भी मिशन की टीम का हिस्सा हैं। यही वजह है कि जिले के लोग मोबाइल फोन व टेलीविजन चैनलों के जरिए चंद्रयान-3 की पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखे हुए हैं। जिले के रेवतीपुर गांव के तेजमल राय पट्टी के रहने वाले वैज्ञानिक कमलेश शर्मा बेंगलुरु में इसरो के मिशन चंद्रयान 3 लैंडिंग को चांद की सतह पर उतारने के लिए पूरी टीम के साथ लगे हुए हैं। कमलेश मंगलयान अभियान में प्राइम कंट्रोलर के रूप में अहम भूमिका निभा चुके हैं। वैज्ञानिक कमलेश शर्मा के पिता अधिवक्ता वेद प्रकाश शर्मा ने बताया कि कमलेश चंद्रयान 3 की रिव्यू टीम का हिस्सा है। देश के इस बड़े मिशन में बेटे के योगदान को लेकर उन्होंने खुशी भी जाहिर की है। जिले के रेवतीपुर गांव में सामान्य परिवार में 15 सितंबर 1986 को जन्मे कमलेश की प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। हाईस्कूल और इंटर की शिक्षा आदर्श इंटर कालेज महुआबाग से ली। 12वीं में कमलेश ने पूरे जिले में टॉप किया था। इसके बाद की पढ़ाई लखनऊ यूनिवर्सिटी से हुई। साल 2008 में गणित से परास्नातक करने वाले कमलेश ने कुल 10 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। जिससे उनका मेधावीपन साफ नजर आता है। अप्रैल 2010 में उन्होंने बतौर वैज्ञानिक इसरो से जुड़ गए।

लेह लद्दाख के खाई में वाहन पलटने से नौ शहीदों को कैंडील जलाकर श्रद्धाजली

दैनिक शुभ भास्कर , संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर । भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के जखनिया बाजार में सैनिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष संतोष मौर्य के नेतृत्व में दर्जनों रिटायर सैनिकों और सम्मानित जनों के मौजूदगी में 19 अगस्त को लेह लद्दाख में सेना के जवानों का वाहन खाई में गिरने से दो जेसीओ सहित नौ सैनिकों की शहीद हो गए थे ।जिनके श्रद्धांजलि के लिए जखनिया शिव मंदिर से कैंडल जलाकर सब्जी मार्केट होते हुए महावीर चक्र विजेता शहीद रामउग्रह पांडे के प्रतिमा पर कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर सैनिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष संतोष मौर्य, रामप्रवेश गोड, अशोक मद्धेशिया, प्रशांत सिंह, अजय सिंह , अध्यापक रमेश यादव, सहित अन्य रिटायर्ड सैनिक भी मौजूद रहे।

बिहार के बाद यूपी में सियासत बिछा रही जदयू,की अहम बैठक

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, दुल्लापुर गाजीपुर। दुल्लापुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर खुर्द गांव के पास जदयू के प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग के हरिबंश चौहान के आवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि जयराम यादव सिवान चेयरमैन पति व जदयू प्रदेश सचिव ने कहा कि 27 अगस्त को सुबह 11:00 बजे दुल्लापुर थाना क्षेत्र के हरदासपुर खुर्द गांव में मां वीणा वादिनी इंटर कॉलेज परिसर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा । जिसके मुख्य अतिथि राज्य मंत्री श्रवण कुमार बिहार सरकार होंगे।जिसमें पार्टी के मजबूती पर बल दिया जाएगा और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में नितीश जी के अगुवाई में जमकर विकास कार्य हुए शिक्षा का स्तर भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि जदयू के साथ मिलकर हर चुनाव में भागीदारी लिया जाएगा। इस मौके पर सिवान मैरवा पूर्व ब्लाक प्रमुख मोहन राजभर, जिला अध्यक्ष गाजीपुर लल्लन चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र राजभर, जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान शैलधारी राजभर ,राजा चौहान सहित अन्य उपस्थित रहे।

गोपीनाथ पीजी कालेज से जन-जागरुकता रथ रवाना

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। देश के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी महाअभियान मेरी माटी मेरा देश के अंतर्गत केंद्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय आजमगढ़ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जनपद गाजीपुर के देवली, सलामतपुर स्थित गोपीनाथ पीजी कालेज व आसपास के गांवों में प्रचार-प्रसार कर आमजन को "मेरी माटी- मेरा देश" अभियान के उद्देश्यों के बारे में बताया गया। वीर शहीद पुरुषों और महिलाओं के सम्मान में मेरी माटी मेरा देश अभियान चलाया जा रहा है और इसके बारे में विद्यार्थियों और नई पीढ़ी को जानना अति आवश्यक है। जागरूकता चेतना रथ को जनपद के कासिमाबाद में स्थित गोपीनाथ पीजी महाविद्यालय के संरक्षक श्री राकेश त्रिपाठी, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ सुधा त्रिपाठी और ग्राम देवली के ग्राम प्रधान श्री हीरामणि चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्राचार्या ने कहा कि 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के तहत देशभर में 'अमृत कलश यात्रा' भी निकाली जाएगी। देश के गांव-गांव से कोने-कोने से 7500 अमृत कलशों में मिट्टी लेकर ये यात्रा देश की राजधानी दिल्ली पहुंचेगी। ये यात्रा अपने साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से पौधे भी लेकर आएगी। 7500 कलशों में आई माटी और पौधों से मिलाकर नेशनल वॉर मैमोरियल के समीप 'अमृत वाटिका' का निर्माण किया जाएगा। ये 'अमृत वाटिका', 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का भी बहुत ही भव्य प्रतीक बनेगी। कार्यक्रम के दौरान एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई जिसमे लगभग एक हजार छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी तारिक अजीज ने बताया कि मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान 9 अगस्त से पूरे देश में चलाया जा रहा है। जो कि आने वाली 30 अगस्त तक चलने वाला है। इसी अभियान के अंतर्गत जनपद में जन-जागरुकता रथ के साथ-साथ बैनर, पोस्टर, हैंडबिल्स, पम्पलेट, स्टिकर आदि के माध्यम से भी आजादी के अमृत महोत्सव में मेरी माटी, मेरा देश अभियान के उद्देश्यों के बारे में लोगों को जागरूकता संदेश दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 24 और 25 अगस्त, 2023 को जनपद के कासिमाबाद में स्थित गोपीनाथ पी0जी0 कॉलेज में "मेरी माटी, मेरा देश अभियान" मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन विषय पर चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। इस दौरान क्षेत्रीय प्रचार सहायक राम खेलावन, जयप्रकाश, डॉ अंजना तिवारी, डॉ0 गिरीश चंद्र, डॉ0 चंद्रमणि पांडे, डा0 ऋषिकेश तिवारी, डा0 प्रतिमा पांडेय, सईदुज्जफर, डॉ0 वेद प्रकाश तिवारी आदि लोगों के साथ साथ भारी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता अंकित दुबे, गाजीपुर। अपराध एवम अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सादात थाना पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाने पर पंजीकृत बाइक चोरी के मुकदमें के सन्दर्भ में सुरागरसी पतारसी में लगी पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त धर्मेन्द्र कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी ग्राम डुढुवा (रजवारी) थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को चोरी गयी मोटरसाइकिल पैशन प्रो (ब्लैक कलर) वाहन सं. यूपी 50 ए डब्ल्यू 8591 के साथ क्षेत्र के कनेरी रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय की सुपुर्दगी में दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, आरक्षी अरुण कुमार, अखिलेश यादव, मोतीलाल तथा प्रबुद्ध कुमार थाना सादात जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिंचाई विभाग तिराहे पर सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंका निवासी शिवम गुप्ता 20 वर्ष पुत्र श्याम मोहन गुप्ता उर्फ पिंटू जो सुबह स्कूटी से कही जा रहा था कि स्कूटी स्लीप कर गयी और गंभीर रुप से घायल हो गया। उन्हे तत्काल अस्पताल ले जाया गया हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उन्हे वाराणसी रेफर कर दिया। रास्ते में उनकी मौत हो गयी। शहर कोतवाल ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

ठेकेदार के साथ काम करने गए राजमिस्त्री की छत से गिरने से हुई मौत, गांव में मचा कोहराम

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर । भुड़कुड़ा थाना क्षेत्र के भुड़कुड़ा गांव निवासी पिंटू राम 22 वर्ष पुत्र चंद्रिका राम 10 दिन पूर्व गांव के ठेकेदार और लेबर के साथ वाराणसी की भोजुबीर में छत ढालने के बाद सारे मजदूर नीचे उतर गए थे। सेटरिंग का काम देख रहा है पिंटू राम 22वर्ष छत से संतुलित होकर नीचे गिर गए। आनन फानन में मजदूर और ठेकेदार ने पंडित दीनदयाल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शाम 5:00 बजे शव गांव पर आने से कोहराम मच गया। सैकड़ो की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। परिजन दहाड़े मारकर रोने बिलखने लगने लगे। मालूम कि मृतक पिंटू राम दो भाई दो बहनों में सबसे छोटा था और सेटिंरीग का काम करता था। मृतक पिंटू की 20 जून 2023 को दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के बखरा गांव निवासी प्रियंका कुमारी से शादी हुई थी। प्रियंका अभी 15 दिन पूर्व ससुराल से अपने मायके गई। उसके बाद पिंटू भी रोजी-रोटी की तलाश में गांव के लोगों के साथ वाराणसी चला गया। मृतक की पत्नी प्रियंका देवी भी रोते बिलखते ससुराल पहुंचे तथा मृतक की मां सविता देवी भी रोने बिलखनेलगी। इस मौके पर भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, गोरखनाथ बौद्ध, प्रधान मदन कुमार, राहुल रावते सहित अन्य लोगों ने पहुंचकर परिवार को ढाढस बंधाने लगे।

सफलत कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय का नारा लगाकर खुशी जाहिर किया

चंद्रयान-3 की लैंडिंग रचा इतिहास

दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर। आज देश के वैज्ञानिकों द्वारा चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और वंदे मातरम का नारा लगाकर खुशी जाहिर किया। इस अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा यदि आपको अपने राष्ट्र पर विश्वास है, तो परिणाम निश्चित रूप से सकारात्मक होंगे। आज, इसरो के वैज्ञानिकों के प्रयासों से चन्द्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर पूरा देश एक गौरवशाली क्षण का गवाह बना। दुनिया में अब तक चांद पर सिर्फ तीन देश सफलतापूर्वक उतर पाए थे। अमेरिका, रूस (तब सोवियत संघ) और चीन। भारत के चंद्रयान-3 को सॉफ्ट लैंडिंग से भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया है और दक्षिणी ध्रुव के इलाके में लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बन गया, यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है। आज हमारे इसरो के वैज्ञानिकों ने जो करिश्मा कर दिखाया है, निश्चित रूप से हर भारतीय का सीना चौड़ा हुआ है। हमारा भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उभरता भारत, बदलता भारत, और विश्व का नेतृत्व करने वाला भारत बनता जा रहा है। आज का यह पल निश्चित रूप से हर भारतीयों के लिए गौरव का पल है। और अब हमारे चंदा मामा दूर के मामा नहीं रह गए, चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग से चांद पर नए इतिहास का अब आरंभ होगा। आने वाला समय भारत का होगा, भारत का तिरंगा अब चांद पर शान से लहराएगा। वहीं जलालपुर बाजार में लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, खुशी जाहिर की , इस मौके पर , प्रशांत सिंह, उमाशंकर यादव, धर्मवीर राजभर, पीयूष सिंह, धर्मेंद्र कुशवाहा, अजय विक्रम सिंह, छोटेलाल प्रजापति, धर्मेंद्र चौरसिया, अभय सिंह, राजेश गुप्ता, संजय यादव, वरुण पांडेय, रविकांत भारद्वाज, अशोक गुप्ता ,और प्रमुख कार्यकर्ता, व्यापारी उपस्थित रहे।

नगरी काशी के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ

दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर। देश के प्रधानमंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन से प्रदेश में तेजी के साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध हुई है। यह बातें उत्तर प्रदेश के आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने सैदपुर से इलेक्ट्रिक बस के संचालन के अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि इससे हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी और ध्वनि प्रदूषण भी कम होगा। दयालु ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में ध्वनि और वायु प्रदूषण से मुक्त परिवहन सेवा, समय की मांग है। आज इसी श्रृंखला में सिद्ध नाथ धाम सिधौना, गाजीपुर से धर्म और अध्यात्म की नगरी काशी के लिए वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय धार्मिक एवं पौराणिक स्थलों का विकास होने के साथ ही पर्यटन स्थल के रूप में महत्व बढ़ेगा। इस अवसर पर उन्होंने लोगों का अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई दी एवं सभी से इसका उपयोग करने व लाभ लेने की अपील भी की।

ख़ास ख़बर

नौ सितंबर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी गोण्डा। आगामी 9 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद - न्यायालय गोण्डा एवं समस्त तहसील स्तर पर किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव ने बताया कि इस लोक अदालत में धन वसूली, मोटर वाहन दुर्घटना, वैवाहिक, श्रम, झगड़े, राजस्व, पानी बिल, सर्विस मेटर, वन अधिनियम जैसे सभी लेवल के पेंडिंग केसों का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा समस्त वादकारियों से अपील है 9 सितम्बर को सम्बन्धित न्यायालय/ ट्रिब्यूनल में पंहुचकर राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराकर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सहयोग करें। विद्युत अधिनियम के अन्तर्गत सुलह योग्य वाद, पब्लिक प्रिमिसेज एक्ट सम्बन्धी मामले उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आयुध अधिनियम के उपयुक्त प्रकरण, बीमा सम्बन्धी वाद, स्थानीय विधियों के अन्तर्गत शमनीय वाद, सेवा/वेतन संबंधी वाद, सेवानिवृत्ति परिलाभों से सम्बन्धित प्रकरण, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, ई-चालान, , उत्तर प्रदेश एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, चलचित्र अधिनियम के अन्तर्गत, आबकारी अधिनियम सम्बन्धी वाद, गैम्बलिंग एक्ट के अन्तर्गत चालान, नगर पालिका के अन्तर्गत चालान विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान मेड़बन्दी एवं दाखिल खारिज वाद, मोबाइल फोन एवं केबल नेटवर्क सम्बन्धी प्रकरण, प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मनरेगा प्रकरण, शिक्षा का अधिकार सम्बन्धी प्रकरण, राशन कार्ड बी0पी0एल0कार्ड जाति एवं आय प्रमाण पत्र से सम्बन्धित प्रकरण, एवं अन्य प्रकार के वादों प्रकरणों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर तथा अर्थदण्ड अधिरोपित करके किया जायेगा।

हर समिति में प्रत्येक को 200 सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। आगामी 1 से सितम्बर तक सहकारिता सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। 93 समिति से प्रत्येक में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके सदस्यता प्रभारी सहकारी बैंक के सभापति धर्मेन्द्र प्रताप सिंह टिल्लू, सहप्रभारी सहकारी सभा के सभापति अंकुर सिंह के बनाया गया है। इसको लेकर तैयारी बैठक का आयोजन सहकारी बैंक के सभागार में किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक विपणन सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष नवलेश प्रताप सिंह ने सदस्य बनाने को लेकर जिम्मेदारियां सौपी। उत्तर प्रदेश राज्य औद्यानिक विपणन सहकारी संघ लिमिटेड के अध्यक्ष नवलेश प्रताप सिंह ने कहा कि हर समिति में प्रत्येक को 200 सदस्य बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जिसकी रुपरेखा सहकारी बैंक के सभापति तैयार करेंगे। सहकारी बैंक अध्यक्ष धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कहा कि कृषि व कृषकों के उत्थान के लिए सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। गांवों के सर्वांगीण विकास की अवधारणा को एक प्लान्ड तरीके से लागू किया गया है। बैठक में जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह, राकेश पांडे राणा अध्यक्ष नगर पंचायत बीकापुर, कृष्ण कुमार पांडे, राम मोहन भारती, शंभू सिंह, अंकित दुबे जिला संयोजक सहकारिता, मुन्ना सिंह महानगर संयोजक सहकारिता, शैलेंद्र सिंह, सुनील मिश्रा आदि आदि संचालक लोग उपस्थित रहे।

सचिव ने किया वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गोण्डा के सचिव नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी ने गोण्डा के वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधीक्षिका केस वर्कर निधि त्रिपाठी ने बताया कि कुल 6 पीड़िताऐं वन स्टाप सेन्टर गोण्डा में संरक्षित हैं। सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर में उपस्थित पीड़िताओं से मुलाकात की गई तथा उनके खान-पान एवं रहन-सहन के बारे में उनसे जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा समस्या के विषय में पूछे जाने पर प्रभारी अधीक्षिका केस वर्कर ने बताया कि वन स्टाप सेन्टर में आने के लिये सामने से कोई रास्ता नही है, मर्चुरी एवं ट्रांसफार्मर से होते हुये आना पड़ता है। रात में पीड़ितायें उसी रास्ते से आती हैं, जिससे आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस पर सचिव द्वारा जिलाधिकारी से वार्ता कर समाधान करवाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता दीपशिखा शुक्ला, स्टाफ नर्स कृष्णावती पाण्डेय, कम्प्यूटर आपरेटर रिचा तिवारी, मल्टी पर्पज अर्चना उपाध्याय, वन स्टाप सेन्टर की महिला आरक्षी गीता यादव, कंचन सिंह, रीना वर्मा व रश्मि वर्मा उपस्थित रही।

उद्यमियों को ऋण को उपलब्ध करायें बैंक- आयुक्त

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा। बुधवार को मण्डलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मंडल स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। बैठक में कई उद्यमियों द्वारा बैंको द्वारा ऋण उपलब्ध न कराने और चोरी आदि समस्या उठाई गयी। बैंकों द्वारा ऋण उपलब्ध न कराने की समस्या पर मण्डलायुक्त ने एलडीएम को निर्देश दिए कि आवेदक के प्रपत्रों की जांच कर जल्द से ऋण उपलब्ध कराया जाये जो बैंक लापरवाही बरते उन पर कार्यवाही की जाये। उद्यमियों द्वारा उठाई गई चोरी की समस्या पर बैठक में मौजूद डीआईजी ने कहा की चोरी रोकने के लिये पुलिस द्वारा नियमित सघन

निगरानी की जा रही है परन्तु अब और अधिक सुरक्षा बढ़ा दी जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि सभी व्यापारी भी अपने अपने संस्थानों पर सीसीटीवी कैमरा अवश्य लगवाये। इससे चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने में आसानी होगी, साथ ही अन्य अपराधों में अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलेगी। मण्डलायुक्त ने सभी उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि उद्योग बंधुओं की समस्याओं का निस्तारण जनपद स्तर पर कराया जाये। सभी उद्यमियों व व्यापरियों की सुरक्षा को दुरुस्त रखा जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी गोण्डा, संयुक्त आयुक्त उद्योग सविता भारती रंजन, उपायुक्त उद्योग गोंडा बाबूराम, उपयुक्त उद्योग बलरामपुर राजेश कुमार पाण्डेय, उपायुक्त उद्योग बहराइच केशव राम, सहायक प्रबंधक श्रावस्ती मनीष वर्मा मौजूद रहे।

आयुक्त ने 6 विचाराधीन मामलों को सुनाः मंडलायुक्त ने उत्तर प्रदेश मण्डलीय माइको एण्ड स्माल इण्टरप्राइजेज, फैसिलिटेशन काउन्सिल की बैठक मैं विचाराधीन मामलों को भी सुना। आयुक्त ने काउंसिल के समक्ष विचाराधीन 6 मामलों पर सुनवाई की। इसमें से चार मामलें कोन्सीलियेशन और दो मामले आर्बीट्रेशन के अन्तर्गत विचाराधीन थे।

देवीपाटन मंडल में पहला कैंसर रिसर्च सेंटर का हुआ उद्घाटन

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा। देवीपाटन मंडल में बुधवार सरकुलर रोड पर नारायण हास्पिटल एंड कैंसर रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया गया। जिसमें जिले के नामचीन डाक्टरों की टीम उद्घाटन के मौके पर पहुंची। जिले में देवीपाटन मंडल का पहला कैंसर रिसर्च सेंटर का उद्घाटन हास्पिटल के चेयरमैन डा. अनिल प्रकाश श्रीवास्तव के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें कैंसर रोग विशेषज्ञ डा.सुब्रहर्ष सिंह समेत तमाम नामचीन डाक्टरों ने शिरकत किया। हास्पिटल के प्रबंधक डा. शरद श्रीवास्तव ने बताया कि उनके हास्पिटल खोलने का उद्देश्य यह है कि अभी तक बहुत से कैंसर के मरीज इलाज के आभाव से दम तोड़ देते थे। क्योंकि बाहर मंहगी दवाओं व महंगे इलाज के चलते वह अपने मर्ज का इलाज नहीं करा पा रहे थे। यहां तक उन मरीजों को कैंसर के इलाज के लिए बाहर भी

जाना पड़ता था। लेकिन अब कैंसर जैसी गंभीर बिमारी से त्रस्त मरीजों का इलाज उन्हें अब अपने जनपद पर ही किफायती दामों में उपलब्ध होगी। कैंसर रोग विशेषज्ञ डा. सुब्रहर्ष सिंह का कहना है कि आज के दौर में ज्यादातर लोग मुंह के कैंसर से पीड़ित है। क्योंकि ज्यादातर लोगों में पान मसाला गुटखा व तम्बाकू खाने की आदत आम हो गई है। जोकि यह आदतें इंसान को कैंसर के मुंह में ले जा रही है। इसी तरह आर्थो सर्जन डा. अतुल सिंह ने बताया कि हड्डियों से सम्बंधित भी कई ऐसे केस होते है जिसके इलाज के लिए भी मरीज को बाहर जाना पड़ता है। उन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए इस अस्पताल का उद्घाटन जिले में किया गया है।

स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या, बीकापुर- अयोध्या। कोतवाली क्षेत्र में पिछले कई बरसों से पनप रहे स्मैक के धंधे पर अंकुश लगाने के लिए कोतवाली पुलिस द्वारा एक बार फिर शिकंजा कसना शुरू किया गया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश तिवारी के दिशा निर्देश पर स्मैक के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा बुधवार दोपहर एक आरोपी को गिरफ्तार करके 10 ग्राम स्मैक बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने बताया कि आरोपी मुसम्मी यादव उर्फ राजू यादव निवासी गंगेतारा मजरुद्दीनपुर बीकापुर को पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवार दोपहर कोतवाली क्षेत्र के बह्म बाबा देव स्थल खजुरहट के पास से गिरफ्तार किया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अभियान चलाकर लिये कई नमूने

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोंण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार प्रवर्तन कार्यवाही के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य-II अजीत कुमार मिश्र द्वारा गठित विशेष अभियान के अंतर्गत मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में बेलसर रोड तिवारी बाजार एवं आवास विकास चौराहा, जजेज कॉलोनी, अंबेडकर चौराहा, मुन्न खां चौराहा पर टीम द्वारा दूध एवं दुग्ध उत्पाद एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच की गई। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान टीम द्वारा चार दूध, एक पेड़ा का नमूना जांच हेतु संग्रहित किया एवं एक दूध का सर्विलांस नमूना जांच हेतु संग्रहित किया गया। इस मौके पर जांच टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश, विनोद वर्मा, युगुल किशोर, संतोष कुमार, मनीष मल्ल आदि उपस्थित रहे।इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि भैंस का दूध मड़ईया चौराहा गोंडा, मिश्रित दूध आवास विकास, भैंस का दूध आवास विकास, मिश्रित दूध आवास विकास, पेड़ा अंबेडकर चौराहा, गाय का दूध सर्विलांस जजेज कॉलोनी गोंडा से नमूना लिया गया।

प्रचार प्रसार के अभाव में हुआ रोजगार मेले का आयोजन

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लॉक मुख्यालय परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। एसबीआई सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड, ब्राइट फ्यूचर कार्बनिक हर्बल, बूसा मैनेजमेंट मार्केटिंग, रॉयल एनफील्ड सहित आधा दर्जन कंपनियों के प्रतिनिधियों ने साक्षात्कार के माध्यम से 148 युवाओं का चयन किया। इंटरव्यू की कसौटी पर खरे उतरने वाले 71 युवाओं का नौकरी के लिए चयन हुआ। सफल उम्मीदारों को नौकरी के लिए ऑफर लेटर प्रदान करते हुए शीघ्र ही ज्वाइनिंग के निर्देश दिए गए।रोजगार मेले में नौकरी हासिल करने के लिए सुबह से युवाओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ।सबसे पहले अभ्यर्थियों को नौकरी प्रदान करने वाली कंपनियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही कंपनी के काम की भी जानकारी दी गई।सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या मंडल अयोध्या पदवीर कृष्ण ने बताया कि प्रति माह सेवायोजन की ओर से रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है। युवाओं को निजी संस्थाओं में नौकरी के लिए आगे आना चाहिए।साथ ही सेवायोजन में पंजीयन बेहद जरूरी है। ताकि उन्हें रोजगार मेले का लाभ मिल सके। अभ्यर्थियों से उनकी शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि की जानकारी ली गई। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के 71 बेरोजगारों का नौकरी के लिए चयन हुआ।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 210 ग्राम पंचायत है लेकिन रोजगार मेले के प्रचार प्रसार के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के युवा रोजगार मेले में शामिल नहीं हो पाए मंत्र 148 युवाओं ने जानकारी पाने के बाद प्रतिभा किया जिनमें से 71 युवाओं का चयन किया गया। सेवायोजन कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सभी खंड विकास अधिकारियों को रोजगार मेले के प्रचार प्रसार करने के लिए लेटर भेजा गया था लेकिन जितने युवाओं की रोजगार मेले में आने की अपेक्षा की थी उतने युवा नहीं पहुंच सके कहीं ना कहीं प्रचार प्रसार का ही अभाव रहा।

पर्याप्त सफाई मित्र ना होने से मेला क्षेत्र में गंदगी अंबार

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। सावन झूला मेला के लिए ढाई सौ सफाई मित्र का ठेका आईजी कंपनी एंटरप्राइजेज को मिला परंतु कंपनी द्वारा 18 अगस्त को 21, 19 अगस्त को 45 लेबर और 20 अगस्त को 53 सफाई मित्र ही मौजूद रहे नगर निगम के अधिकारी द्वारा जांच में इतने ही सफाई कर्मी कार्य करते मिले स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिए गए ठेके में ठेकेदार द्वारा आई जी कंपनी के मालिक ने पर्याप्त लेबर न लगाकर मात्रा खाना पूर्ति की जिसके चलते पूरे मेला क्षेत्र में गंदगी का अंबार लगा हुआ है जो भी कर्मचारी सफाई मित्र लगाए भी गए हैं उनसे ठेकेदारों के आदमियों द्वारा अतिरिक्त काम लिया जा रहा है जिसके चलते सफाई कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है नालियों में कीचड़ जमा है पानी सड़कों पर बह रहा है बारिश का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है आम जनमानस आक्रोश में है।

जिला जज दिखायेंगे वैन को हरी झण्डी

शुभ भास्कर ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा। नौ सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए गुरुवार को जिला जज द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जायेगा। यह वाहन चारों तहसीलों में जाकर राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करेगी। अपर जिला जज ने बताया कि नौ सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमे बैंक वसूली, किरायेदारी वाद, मोबाइल फोन व केबल संबंधित प्रकरण, आयकर, बैंक व अन्य वित्तीय संस्थाओं से संबंधित प्रकरण, दीवानी वाद, उत्तराधिकार वाद, पारिवारिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, चेक बाउंस के मामले, आर्बिट्रेशन वाद, चालानी एवं अन्य शमनीय प्रकृत के फौजदारी मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने वादों का निस्तारण कराने की अपील की है।

श्रीराम साहित्य के सन्दर्भ में गोस्वामी जी के बाद डॉ0 स्वामीनाथ जी का साहित्यिक अवदान स्तुत्य

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या। विचारगम्यता और साहित्यिक धूनी में सिद्ध सारस्वत प्रतिभा के धनी डॉ0 स्वामीनाथ पाण्डेय ने अपना सम्पूर्ण जीवन श्रीराम और हिन्दी साहित्य को समर्पित कर दिया। दक्षिणपंथी विचारधारा से परिपाक धूप-अगरबत्ती, कण्ठी, तिलक, माला व दिखावा से दूर अमीर खुसरो की ब्रजभाषाई सूफीयाना अन्दाज "छाप तिलक सब छीनी रे, मो से नैना मिलाई के" भक्ति की उस पराकाष्ठा को पार कर देता है, जहाँ सधे योगियों को भी वह आनन्द नहीं आता, जितना उनके द्वारा रचित दर्जनों साहित्य से प्रस्फुटित होता है। बंगाली लिबास धोती, कुर्ता में मदमस्त विद्वान को चौराहे पर अक्सर पहचान वाले मिलते और अभिवादन, शिष्टाचार और संवाद से गम्भीरता और व्यंग्यता आ ही जाती थी। डॉ0 पाण्डेय जी की अँगरेजी में लिखित गोस्वामी तुलसीदासः हिज लाइफ एण्ड वर्क्स में उन्होंने गोस्वामी जी का जन्मस्थान गोण्डा का वराह क्षेत्र न होकर चित्रकूट के राजापुर को सिद्ध किया। इसमें सबसे बड़ी स्मरणीय तथ्य यह है कि गोस्वामी जी जैसे रामभक्ति धारा के महत्त्वपूर्ण संत के जन्मस्थान में उन्होंने सैकड़ों उद्धरण व प्रमाण दिया है, जो जिज्ञासुओं के लिए वरदान है। वैसे तो अयोध्या में मध्यकाल के आध्यात्मिक क्रान्ति के प्रणेता, महाकवि, हिन्दूधर्मोद्धारक परमपूज्य गोस्वामी श्रीतुलसीदास जी महाराज को भावात्मक श्रद्धांजलि देने की परम्परागत शैली रही है; इसके इतर गृहस्थ परिवार में होते हुए अपने उच्चादर्शों एवं समर्पण भाव से तुलसी साहित्य को शोधपरक रचनाधर्मिता से समृद्धि करने वाले स्मृतिशेष डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय जी की कालजयी रचनायें "जब तक श्रीराम हैं, तब तक" उनको सारस्वत श्रद्धांजलि प्रदान करती रहेगी। वरिष्ठ समाजसेवी व कलमकार उत्तम पाण्डेय ने गोस्वामी तुलसीदास एवं डॉ0 स्वामीनाथ पाण्डेय जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि- "मुझे यह सौभाग्य मिला कि गुरुवर्य श्री पाण्डेय जी की रचनायें जिनमें-तुलसीसुधाबिन्दुशतकम् (संस्कृत), दोहावली शतकम् (संस्कृत), गोस्वामी तुलसीदासः हिज लाइफ एण्ड वर्क्स (अँगरेजी), आदि का मुद्रण कार्य करने का गौरवपूर्ण अवसर मिला। इसके अतिरिक्त श्रीराम साहित्य पर गोस्वामी जी की विश्वप्रसिद्ध रचना श्रीरामचरितमानस की प्रथम टीका (पूज्य श्रीरामचरणदास जी महाराज "करुणासिन्धु" जी विरचित) प्रथम प्रकाशन अवध अखबार लखनऊ सन् 1800 का) बड़ास्थान, जानकीघाट के रसिकपीठाधीश्वर श्रीमहान्त जन्मेजयशरण महाराज से माध्यम से कार्य करने का सुअसवर मिला।

कार्यक्रम | तुलसीदास जयंती के अवसर पर अवधी महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया

गोस्वामी तुलसीदास जन-जन के कविः कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ,अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के अवधी भाषा साहित्य एवं संस्कृति विभाग, वशिष्ठ फाउंडेशन, अयोध्या, ग्लोबल अवधी कनेक्ट, दुबई व तेजस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को तुलसीदास जयंती के अवसर पर अवधी महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया। महोत्सव का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल एवं मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, अधिष्ठाता छात्र-कल्याण प्रो0 नीलम पाठक व संयोजक डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने कहा कि तुलसी और अवधी एक दूसरे से भिन्न नही है। तुलसी ने जिस प्रकार अवधि भाषा का प्रचार प्रसार किया है शायद ही किसी और भाषा का प्रसहर किसी सहित्यकार ने किया होगा। कुलपति ने कहा कि मेरे परिवार का माहौल बहुत ही धार्मिक रहा है। मेरे नाना ने मेरी माँ को विवाह के समय उपहार में दो बहुमूल्य वस्तुएं दी थी जिसमें एक श्रीराम और माँ सीता के विवाह का चित्र और दूसरा पवित्र ग्रन्थ रामचरितमानस। हमे बचपन से

ही रामचरित मानस का पाठ करने को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जरूर अवधी के कवि थे लेकिन वे जन-जन के कवि हैं। उन्हें लोकनायक कवि भी कहा जाता है। वे हमें प्रभु श्रीराम की भक्ति की ओर तो ले ही गए, साथ ही उन्होंने समूची मानव जाति को बहुत से महान संदेश भी दिए। कार्यक्रम में कुलपति ने कहा कि सत्संग की महिमा, सामाजिक समरसता, तपस्या और लगन, नैतिक शिक्षा, परम भक्ति, नारी के प्रति सम्मान सब कुछ रामचरित मानस सिखाता है। तुलसीदास ब्रज और अवधी के कवि थे। कुलपति ने अवधी के शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अवधी और ब्रज में अच्छे-अच्छे शोध करें। क्योंकि विश्वविद्यालय अपने शोध कार्यों से जाना जाता है। अवधी बहुत ही मीठी और सहज भाषा है और मेरी हार्दिक इच्छा है कि अवध में रह कर मैं अवधी सीख पाऊँ।अवधी महोत्सव के मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या अवधी एवं उसकी पहचान पूरे विश्व में है। विश्व के सबसे लोकप्रिय काव्य की जन्मस्थली अयोध्या है। इसलिए अयोध्यावासियों का कर्तव्य है कि अवधी भाषा को सशक्त एवं समृद्ध बनाये। आज हम सभी तुलसीदास जी के जन्मदिन को गहराईयों के साथ स्मरण कर रहे है। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस को पढ़ने के बाद अन्य ग्रन्थ पढ़ने की आवश्यकता नही पड़ती है। यह सम्पूर्णता में लिखा गया काव्य है। इसमें मनुष्य के सामाजिक जीवन से लेकर उसके संभावनाओं व समस्याओं का समाधान है। अवधी भाषा प्रेम, मानवीय मूल्यों, जनजन स्थापित करने वाली भाषा है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बीएनकेबी पीजी कालेज के प्रो0 सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास एकात्मवाद के प्रणेता है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक स्वरूप में महाकवि तुलसीदास का अतुलनीय योगदान रहा है। अंतोदय की अवधारणा को रामराज्य में स्थापित किया है। तुलसी साहित्य शोध के अंनत सागर है। वर्तमान संदर्भ में तुलसीदा पर शोध की प्रासंगिगता काफी है।

किसान दिवस पर जनपद स्तरीय उत्पादकता गोष्ठी

सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ, अयोध्या। जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन सभागार में किसान दिवस पर जनपद स्तरीय उत्पादकता गोष्ठी, फसल अवशेष प्रबंधन गोष्ठी एवं किसान मेला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि व जिला कृषि अधिकारी को सम्पूर्ण समाधान दिवस, आईजीआरएस पोर्टल व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चति करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि, पशुपालन, उद्यान, गन्ना, सिंचाई आदि विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रदान की गयी नवीन कृषि तकनीकों को अपने खेतों में प्रयोग करने तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषकों को प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने गोष्ठी में उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को कृषकों को अपने-अपने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषकों का समावेशी विकास करने की दिशा में

कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ब्लाक स्तर एवं ग्राम स्तर के कृषि गोष्ठियों के आयोजन के साथ ही छोटे छोटे कृषक समूहों में गोष्ठी आयोजित कर विभिन्न कृषि योजनाओं, कृषि की नवीन तकनीकों की जानकारी देने तथा कृषकों की समस्याओं को जानने व उनका समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कृषकों की मांग के अनुरूप कृषकों का भ्रमण कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिये। नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के शोध कार्यों से किसानों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये तथा लाभान्वित कृषकों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता पर पड़ने वाले प्रभाव का भी रिसर्च कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा।इस अवसर पर उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी व अन्य अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। गोष्ठी में अधिक से अधिक एवं गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन हेतु विभिन्न फसलों हेतु मुख्य पोषक तत्वों के प्रयोग की तकनीकी जानकारी तथा प्राकृतिक खेती, फसल अवशेष प्रबंधन/ पराली प्रबंधन, जैविक खेती, विभिन्न योजनाओं यथा एग्री सेक्सन योजना, श्री अन्न योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। कृषकों को श्री अन्न की खेती करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी अपने अनुभवों को साझा किया गया। इससे पूर्व जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कृषक बंधुओं के साथ दीप प्रज्वलित कर गोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी द्वारा किसान मेला प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी जनकल्याणकारी योजनाओं के स्टालों का अवलोकन भी किया गया।

ख़ास ख़बर

मिट्टी का मकान ढहने से वृद्ध की हुई मौत,कच्चा मकान नहीं सह सका बारिश की मार

दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर । देवीपुर प्रखंड अंतर्गत मानपुर पंचायत के नवाडीह गांव में एक मिट्टी का घर गिर जाने के कारण एक वृद्ध महिला की मौत हो गई है। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि 65 वर्षीय आलिया देव्या अपने घर में सो रही थी और मंगलवार की देर रात हो रही तेज बारिश से।कच्चा मकान होने के कारण मिट्टी गल कर गिर गया और पूरा का पूरा मकान वृद्ध महिला के ऊपर गिर गया। जिसके अंदर वे दबकर रह गई। जिसके बाद परिजनों द्वारा उनको किसी तरह मिट्टी के मलबे से बाहर निकाला गया लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।वहीं मृतक के पोते ने बताया कि आज अगर पक्का मकान होता तो उनकी दादी की मृत्यु नहीं होती।लेकिन सालो से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से पक्के आवास के लिए गुहार लगाते रहे हैं लेकिन आज तक किसी ने मेरी फ़रियाद को गम्भीरता से नहीं लिया। जिसका नतीजा आज सब के समाने है।मौके पर पुत्रबधु किशनी देवी कहती हैं कि मृतक उनकी सास एक झोपड़ी बनाकर रहती थी। जो तेज बारिश को झेल नहीं पाया और मकान गिर गया, जिसकी वजह से उनके सास की मृत्यु हो गई।बहरहाल जहां एक और सरकार सभी को पक्का मकान देनें की बात कहते नहीं थकती है वहीं वृद्धा की मौत ने व्यवस्था की पोल खोल कर रख दिया है।वहीं इस सम्बंध में जब प्रखंड विकास पदाधिकारी और पंचायत के मुखिया से बात करनें का प्रयास किया गया तो ऊक्त दोनों लोगों ने फोन नहीं उठाया है। जबकि पीड़ित परिवार को सरकारी मदद की आस है।

श्रावणी मेला 2023 पर डीसी एसपी ने की सामूहिक प्रेस वार्ता

दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर। देवघर में अब सावन अंतिम पड़ाव पर है जो 31 अगस्त को समाप्त हो जायेगा। मेला को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा विधि व्यवस्था पर साप्ताहिक प्रेस कांफ्रेंस किया जाता है । इसी क्रम में स्थानीय आर मित्रा स्कूल में बनाए गए मिडिया सेंटर में सातवीं सोमवार समाप्ति के बाद बुधवार को प्रेस से बात करते हुए उपायुक्त विशाल सागर ने बताया कि अधिक मास के बाद श्रावण दूसरे पक्ष की सोमवारी में कांवरियों का जन्म सैलाब देवघर में उमड़ पड़ा था, लेकिन व्यवस्था और अधिकारियों की तत्परता से करीब 2.70 लाख श्रद्धालुओं को देर रात तक सुलभ जलार्पण कराया गया। 4 जुलाई से लेकर 21 अगस्त तक कुल 44.46 लाख कांवरियों ने जलार्पण किया है। जिसमें 1.14 लाख कावरियों ने शीघ्र दर्शनम के जरिए बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक किया है। मंदिर को अब तक कल 5 करोड़ 45 लाख 59 हजार की आय प्राप्त हुई है। जिनमे एक बड़ी संख्या शीघ्र दर्शनाम का है। जिससे मंदिर को कुल 3 करोड़ 43 लाख की आय प्राप्त हुई है।

मंदिर की परंपरा को तोड़ना अनुचितः कृष्णानंद झा

दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर । पिछले दिनों बाबा मंदिर में देर रात तक चल चढ़ने को लेकर मंदिर के मुख्य ट्रस्टी पूर्व मंत्री कृष्णानंद झा ने कड़ा एतराज जताया है। श्री झा ने कहा कि बाबा मंदिर की सारी परंपराओं को मंदिर में पद स्थापित पदाधिकारीगण तोड़ते हुए इसे ध्वस्त करने का कार्य किया है। अब तक के इतिहास में सुबह साढ़े तीन बजे जो मंदिर का पट खुलने का समय है। उस वक्त बाबा का संध्याकाल में होने वाला श्रृंगार किया गया। ये कहीं से भी न धर्मगत है,और न ही बैद्यनाथधाम की पूजा पद्धति के अनुकूल ही है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि जब तक मंदिर की व्यवस्था सरकारी पदाधिकारी के नियंत्रण में रहेगा,इसी तरह के अनुचित कार्य किये जाते रहेंगे ताकि मंदिर की परंपरा समाप्त हो जाय। झा ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा इस तरह के कार्य से बैद्यनाथधाम की शास्त्र संगत नियम सिर्फ मजाक बनकर रह जायेगा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि भारत मे जितने भी मंदिर सरकारी तंत्र के अधीन हैं, वहां इस प्रकार की परंपरा नहीं तोड़ी गई है,जो हमारे यहां बैद्यनाथ मंदिर में हुआ। अंत मे झा ने कहा कि अब समय आ गया है कि इस तरह के क्रिया कलाप के विरुद्ध उच्च न्यायालय को अवगत कराना चाहिए,ताकि उच्च न्यायालय से उचित मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की विशाल संकल्प यात्रा एवं जनसभा की तैयारी अंतिम चरण पर

दैनिक शुभ भास्कर, प्रेम रंजन झा, देवघर । भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की विशाल जनसभा जसीडीह हाई स्कूल के मैदान में 24 अगस्त को जसीडीह हाई स्कूल के मैदान में होगी। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। उनके सभा में आगमन पर महिला मोर्चा की बहने पुष्प वर्षा कर तिलक लगाकर उनका स्वागत करेगी एवं आदिवासी परंपरा गत तरीके से आदिवासी नृत्य के साथ उनका अभिनंदन किया जाएगा।साथ ही साथ कार्यक्रम स्थल पर पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का भव्य स्वागत किया जाएगा। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष जी मंच से पार्टी के कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन को संबोधित करेंगे एवं सभी कार्यकर्ताओं मैं जोश भरेंगे 2024 में केंद्र एवं राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है सभी कार्यकर्ताओं में सरकार बनाने के लिए सभी को अभी से लग जाने के लिए जोश भरने का कार्य करेंगे। साथ ही साथ पूरे विधानसभा से हजारों हजार की संख्या में कार्यकर्ता जसीडीह हाई स्कूल मैदान में पहुंचेंगे।

बीपीएससी परीक्षा की सभी तैयारियां पूरीः डीएम

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। डीएम मनेश कुमार मीणा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित परिचर्चा भवन में बिहार लोक सेवा आयोग पटना द्वारा आयोजित प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय अध्यापक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 को लेकर संयुक्त रूप ब्रीफिंग की गई। उन्होंने बताया कि 24 एवं 25 अगस्त 2023 को दो पालियो में (प्रथम पाली 10 बजे पूर्वाहन से 12 बजे मध्यान तक एवं द्वितीय पाली 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक) सीतामढ़ी जिला मुख्यालय अंतर्गत प्रथम पाली में 25 परीक्षा केंद्रों एवं द्वितीय पाली में 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई है उक्त परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त आयोजन कराने के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट है। कदाचार मुक्त परीक्षा के संचालन के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी के द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों जोनल, सुपर जोनल दंडाधिकारी,उड़नदस्ता एवं वरीय दंडाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग की गई एवं शांतिपूर्ण परीक्षा के आयोजन के मद्देनजर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी सूरत में कोताही/ लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और ऐसा करने वाले के विरुद्ध विधि सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग एवं जिला प्रशासन इस बात के लिए सचेष्ट है कि परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में स्वच्छ एवं कदाचार रहित संचालित हो। परीक्षा संचालन से सबंधित सभी पदाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षक पूरी तत्परता एवं निष्ठा से कार्य करेंगे और यह उनकी जिम्मेवारी होगी कि कदाचार रहित परीक्षा संचालन कराएं। उनका यह कर्तव्य होगा कि किसी भी हालत में परीक्षा केंद्र पर कोई गड़बड़ी पैदा ना हो एवं परीक्षा कदाचार रहित संपन्न हो। एक बेंच पर दो से अधिक उम्मीदवार नहीं बैठेंगे तथा एक बेंच से दूसरे बेंच की समांतर दूरी कम से कम 3 फीट अवश्य होगी। परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों का प्रवेश एवं संचालन के संबंध में उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी अपना ई-एडमिट कार्ड आयोग के वेबसाइट www.bpsc.bih.nic अथवा onlinebpsc.bihar.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं, और वैसे ई-एडमिट कार्ड परीक्षा में बैठने के लिए मान्य है। अभ्यर्थियों को प्रत्येक पाली में अतिरिक्त ई-एडमिट कार्ड लेकर उपस्थित होना है जिसे परीक्षा अवधि में वीक्षक को हस्ताक्षरित करते हुए समर्पित करना है। निर्देश दिया गया कि प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारी स-समय अपने कार्यस्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा हॉल /कक्ष में प्रवेश प्रथम पाली 07:30 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगा एवं 09:00 बजे पूर्वाह्न तक द्वितीय पाली 01:00 बजे अपराह्न से 02:30 बजे अपराह्न तक उम्मीदवार अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे। इसके पश्चात प्रवेश एवं परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा प्रारंभ होने के एक घंटा पहले एवं परीक्षा अवधि की समाप्ति के पूर्व किसी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा भवन में मोबाइल फोन ,कैलकुलेटर ,ब्लूटूथ, वाईफाई गैजेट, इलेक्ट्रॉनिक पेन पेजर, रिस्ट वॉच (सामान्य/स्मार्ट)इत्यादि जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा व्हाइटनर ,इरेजर ,ब्लेड जैसी सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं है। यदि इसका उल्लंघन किसी के द्वारा किया जाता है तो इसे कदाचार मानते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कदाचार करते हुए पाए जाने की स्थिति में इस परीक्षा सहित आगामी 5 वर्षों के लिए आयोग की परीक्षाओं में भाग लेने से वंचित किया जाएगा तथा परीक्षा से संबंधित भ्रामक एवं सनसनीखेज अफवाह फैलाने की स्थिति में 3 वर्ष के लिए आयोग की परीक्षाओं से वंचित किया जाएगा। कदाचार मुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में स्टैटिक दंडाधिकारी-सह- प्रेक्षक,जोनल दंडाधिकारी, उड़नदस्ता एवं वरीय दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पर्याप्त संख्या में पुलिस बलों को भी प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण एवं परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में दूरभाष संख्या 06226- 250316 पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अरविंद शाही, नगर आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, ओएसडी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं पुलिस विभागों के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्मृतिशेष डॉ अभिषेक कुमार भैया की पाँचवी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजली सभा आयोजित

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा । जामताड़ा सदर अस्पताल के पूर्व चिकित्सा पदाधिकारी स्मृतिशेष डॉ अभिषेक कुमार भैया की पाँचवी पुण्यतिथि पर जामताड़ा के दुमका रोड स्थित जलीय सूर्य मंदिर परिसर में श्रद्धांजलि सभा व उनकी स्मृति में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। ग़ौरतलब है कि जामताड़ा के पूर्व विधायक स्वर्गीय विष्णु भैया व समाजसेवी चमेली देवी के पुत्र डॉ अभिषेक कुमार महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जमशेदपुर से एमबीबीएस की डिग्री लेने के उपरांत राँची रिम्स व उसके बाद जामताड़ा सदर अस्पताल में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित थे। बता दें कि वर्ष 2018 में दुर्गापुर में इलाज के दौरान उनके आकस्मिक निधन ने जामताड़ा ज़िले के चिकित्सा जगत व समाजसेवियों को स्तब्ध कर दिया था। इस कार्यक्रम में उनकी माता सह विष्णु भैया मेमोरियल फाउंडेशन की मुख्य संरक्षक चमेली देवी, पौध प्रहरी मनोहर राय, कामता सिंह, जीतू सिंह, सूर्य मंदिर के पुरोहित हृदय झा, अजय पांडेय, विजय राउत, पूर्णेंदु चक्रवर्ती, अष्टम महतो सहित कई लोगो ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला, जामताड़ा। राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत मध्य विद्यालय नाला में सभी शिक्षक -शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दी गई। इस दौरान प्रशिक्षक जितेंद्र कुमार वर्मा, थेरेपिस्ट विवेक विकास चंद, सुशीला रानी आदि के द्वारा प्रशिक्षण दी गई। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं को विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। मालूम हो कि यह प्रशिक्षण विद्यालय जाने वाले सभी विद्यार्थियों का नेत्र जांच एवं उन्हें मुफ्त चश्मा उपलब्ध कराने हेतु सभी विद्यालय से एक -एक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया ताकि विद्यालय में पढने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का प्रारंभिक नेत्र जांच किया जा सके। इस अवसर पर दिवाकर कापरी, महेश्वर घोष, रानी कुमारी हेम्ब्रम, आजाद अंसारी,उत्तम कुमार लायेक, जिवनधन मित्र,अगनेस सोरेन, रीना कुंभकार,शांतिमय राणा,सोमेन चक्रवर्ती, राम किस्कु, धृतेश्वर मुर्मू,मोहित कुमार यादव,संजय कुमार झा,लखीराम हांसदा, सुरजमुनी हेम्ब्रम, महावीर मरांडी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

संकल्प यात्रा की सफलता को ले भाजपा नेताओं ने लिया जायजा

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा । बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र मंडल के नेतृत्व में सभी भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण ने संकल्प यात्रा के निमित्त आगामी 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा के पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। संकल्प यात्रा के निमित्त आगामी 27 अगस्त को झारखंड प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का द्वितीय चरण में जामताड़ा विधानसभा के पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज परिसर में विशाल जनसभा का आयोजन होना हैं। इसी निमित्त प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र मंडल ने मुख्य रूप से जनसभा स्थल का मुआवना किया एवं सभी प्रकार के सुविधाएं व आमजनों के सुआगमन एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्था हेतु पबिया में जनसभा स्थल का निरीक्षण किया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह कार्यक्रम संयोजक वीरेंद्र मंडल ने संकल्प यात्रा के निमित्त जन-जन के नेता विकास पुरुष भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगामी 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा अंतर्गत पबिया स्थित टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन होना है। इसी निमित्त आज जामताड़ा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष मंडल महामंत्री एसटी मोर्चा के पदाधिकारीगण एवं सक्रिय कार्यकर्ता गण के साथ पबिया टीचर ट्रेनिंग कॉलेज मैदान में आयोजित होने वाले जनसभा स्थल का निरीक्षण किया एवं सभी प्रकार के सुविधाओं हेतु विचार विमर्श किया गया। संकल्प यात्रा के निमित्त द्वितीय चरण में आगामी 27 अगस्त को जामताड़ा विधानसभा के पबिया में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में आयोजित होने वाला जनसभा पूर्ण रूप से ऐतिहासिक होगा। अभी से संकल्प यात्रा की निमित्त जामताड़ा विधानसभा में आयोजित होने वाले जनसभा को लेकर सभी सक्रिय भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारीगण के साथ आम जनों में काफी उत्साह एवं उमंग हैं। मौके पर मुख्य रूप से नारायणपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय ओझा ,पबिया भाजपा मंडल अध्यक्ष कार्तिक भंडारी ,गोपालपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मंडल , जामताड़ा भाजपा नगर अध्यक्ष पिंटू गुप्ता ,मिहिजाम भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश यादव, जामताड़ा जिला भाजपा एसटी मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष चेतन मरांडी व निर्मल सोरेन सहीत तमाम भाजपा के सक्रिय कार्यकर्तागण एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के आवास एवं कार्यालय में ईडी का छापा

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। शराब घोटाला मामले में ईडी की दबिश बुधवार को जामताड़ा के मिहिजाम में एक प्रतिष्ठित शराब व्यवसाय के ठिकाने पर पड़ी। करोड़ों के शराब घोटाला मामले में शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी के मिहिजाम स्थित आवास एवं कार्यालय पर ईडी की टीम ने सुबह लगभग 7 बजे दबिश दी। और उसके बाद कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इस दौरान पूरे कार्यालय और आवासीय इलाके सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है। अंदर से किसी को आने की इजाजत नहीं दी जा रही है और न हीं कोई बाहर से अंदर जा सकता है। अब तक ईडी की टीम की ओर से क्या कार्रवाई की गई है इस संदर्भ में टीम की ओर से खुलासा नहीं किया गया है। अभी भी अंदर कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार शराब घोटाले मामले में ईडी की कार्रवाई जामताड़ा के मिहिजाम के अलावा झारखंड के अन्य जिलों में भी जारी है।

21 सूत्री मांगो को लेकर मुखिया संघ ने प्रखंड कार्यालय पर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

समस्तीपुर ताजपुर मोहम्मद सिराज। बताते चलें कि प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड कार्यालय के सामने मंगलवार को मुखिया संघ के अध्यक्ष राजमणि कुमारी की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी मुखिया ने 21 सूत्री मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया । अध्यक्षता करते हुए राजमणि कुमारी ने बताया कि ग्राम पंचायत का 73 वा संविधान संशोधन के तहत प्रदत्त 29 अधिकारों को पूर्ण रूपेण ग्राम पंचायत को सौंपा जाए । ग्राम सभा से चयनित योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करे । ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों को वेतन भत्ता में बढ़ोतरी करतें हुए मुखिया को दस हजार, उपमुखिया को सात हजार एवं वार्ड सदस्यवको पांच हजार करने समेत 21 सूत्री मांगो को पूरी की जाए । मौके पर राजीव ठाकुर, धर्मेंद्र कुमार, विश्वनाथ सिंह राकेश, मुखीलाल सिंह, मनोज राय, पूनम देवी, प्रतिनिधि मनीष यादव ।इकबाल जाफरी समेत कई वार्ड सदस्य मौजूद थे ।

शहीद रामफल मंडल भारत छोड़ो आंदोलन के युवा क्रांतिकारी थे। देवेश चंद्र ठाकुर

मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी। जिले के बाजपट्टी थाना छेत्र के मधुरापुर के रहने वाले आजादी की लड़ाई में फांसी के फंडे को गले लगाने वाले शहीद रामफल मंडल के 80वा शहादत दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि शहीद राम फल मंडल भारत छोड़ो आंदोलन के युवा करंतकारी थे! उनहो ने देश की आजादी के लिए फांसी के फंडे को चूम लिया! सन 1942 में गांधी जी के आह्वान पर अंग्रेज़ों के खिलाफ छेड़े गए भारत छोड़ो आंदोलन का बिहार में काफी प्रभाव था। युवाओं ने इस आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस आंदोलन को एक क्रन्तिकारी आंदोलन में तब्दील करने में कोई कसर नहीं छोड़ा। जगह-जगह सरकारी दफ्तरों, थानों पर कब्ज़ा किया गया ! और उन जगहों को आजाद घोषित किया गया। ये घोषित आज़ादी भले ही कुछ दिन टिकी हो पर अपने पिछे एक क्रान्तिकारी विरासत छोड़ गया और उस वक़्त अंग्रेज़ो को यह बता दिया गया कि हिन्दुस्तान में उनके आखिरी दिन चल रहे हैं। शहीद रामफल मंडल भारत छोड़ो आंदोलन के उन्हीं युवा क्रान्तिकारीयों में से एक थे। उनका जन्म बिहार के सीतामढ़ी जिले में बाज़पट्टी थाने के मधुरापुर गांव में 6 अगस्त 1924 को हुआ था। उनके पिता का नाम गोखुल मंडल! माता का नाम गरबी मंडल एवं पत्नी का नाम जगपतिया देवी था। रामफल मंडल जी की शादी 16 वर्ष की उम्र में ही हो कोई थी। 24 अगस्त 1942 को बाज़पट्टी चौक पर रामफल मंडल ने अंग्रेज सरकार के तत्कालीन सीतामढ़ी अनुमंडल अधिकारी हरदीप नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर राममूर्ति झा, हवलदार श्यामलाल सिंह और चपरासी दरबेशी सिंह की हत्या कर दी। जैसे ही अंग्रेज आंदोलन पर काबू पाने में थोड़ा सफल हुए रामफल मंडल गिरफ्तार कर लिए गए। एक सितंबर 1942 को रामफल मंडल को गिरफ्तार कर सीतामढ़ी जेल में रखा गया। 5 सितंबर 1942 को उन्हें भागलपुर केंद्रीय कारागार हस्तांतरित कर दिया गया। अंग्रेज अधिकारीयों कि हत्या के जुर्म में उनपर कांड संख्या 473/42 के तहत भागलपुर न्यायलय में मुकदमा चला गया और 23 अगस्त 1943 को केंद्रीय कारागार भागलपुर में फाँसी दे दी गयी। देश कि आजादी के खातिर अपनी जान कुर्बान करने वाले इस युवा क्रांतिकारी को सलाम। शहादत दिवस पर संबोधित कर ने वालें में बिहार सरकर के मंत्री श्रवण कुमार, पुर्व विधान परिषद् राजकिशोर कुशवाहा, पुर्व विधायक जय नंदन यादव, जद यू जिला अध्यक्ष सतेंद्र कुशवाहा, समेट महागठबंधन के हजारूं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बैठक बैठक में सिंचाई प्रमंडल, जामताड़ा के द्वारा किए जा रहे कार्यों का समीक्षा

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में तकनीकी विभाग का समीक्षात्मक बैठक संपन्न

दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा। बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा शशि भूषण मेहरा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में उपायुक्त द्वारा सिंचाई प्रमंडल, जामताड़ा, लघु सिंचाई, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, भवन प्रमंडल, सिंचाई प्रमंडल कुंडहित, लघु सिंचाई प्रमंडल कुलडंगाल, नाला, एनआरईपी जामताड़ा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। बैठक में उपायुक्त ने सिंचाई प्रमंडल, जामताड़ा के द्वारा किए जा रहे कार्यों का समीक्षा करते हुए कहा की जिस योजना का बिलो में कार्य किया जा रहा है, ऐसे में कार्य की गुणवत्ता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। वहीं उन्होंने कहा की लिफ्ट इरिगेशन में सोलर पंप को बढ़ावा देना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा उन्होंने सिंचाई प्रमंडल को नहर वाले में भी म्यूटेशन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल जामताड़ा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए सभी शौचालय का महत्तम उपयोग हो सके इसके लिए लोगों को जागरूक करें। सिर्फ शौचालय के निर्माण से आपकी जिम्मेवारी खत्म नहीं हो सकता है। जिले में लोग इसका इस्तेमाल करें, इसका उपयोग शौचालय के कार्य में ही हो, इस पर सभी संबंधित अपने दायित्वों को समझते हुए ग्राम स्तर तक जागरूकता का प्रसार करें।वहीं इसके अलावा उन्होंने चापाकलों के बारे में जानकारी ली, साथ ही पूछा की कितने चापाकल ऐसे हैं, जिसमें पाईप पुराने हो चुके हैं, ऐसे सभी चापाकलों को चिन्हित करते हुए पुराने पाइपों को ससमय बदलना सुनिश्चित करें।पथ प्रमंडल जामताड़ा की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने चल रहे परियोजनाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने परियोजनाओं को लेकर भूमि अधिग्रहण एवं ससमय परियोजनाओं के पूर्ण होने की अवधि अब तक हुई प्रगति आदि के बारे में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने परियोजना को जमीन अधिग्रहण संबंधित कार्य को ससमय जिला भू अर्जन कार्यालय से समन्वय स्थापित करते हुए करने का निर्देश दिया गया। वहीं करमाटांड़ में आरओबी निर्माण को लेकर जमीन आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।वहीं इसके आलावा उपायुक्त ने विद्युत प्रमंडल, भवन प्रमंडल के द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बिजली वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ करने, उपभोक्ताओं को बिजली काटने की सूचना समय पर देने सहित कई बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी कार्य एजेंसी को नियमानुसार डीएमएफटी रॉयल्टी को जिला खनन कार्यालय को जमा करने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके आलावा उन्होंने जींस पोर्टल पर सभी लाईन डिपार्टमेंट को 1 सप्ताह के अंदर निबंधन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

पावरलेस होते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूरे परिवार जाएंगे जेलः-निशिकांत दुबे

दैनिक शुभ भास्कर, मो असलम, मधुपुर/ देवघर। झारखंड में हेमंत सरकार लूट खसोट में मस्त है। इस सरकार में पंचायत से लेकर जिला तक सिर्फ कमीशनखोरी चल रही है। यही कारण है जरूरतमंद गरीबों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सरकार कमीशन खोरी का वसूली करने वाले जगह-जगह हर विभाग में अपना दलाल बहाल कर दिया है। जिसके कारण सरकार की योजनाओं का लाभ गरीबों जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। यह बातें बुधवार को मधुपुर शहर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी हाई स्कूल मैदान में भारतीय जनता पार्टी की संकल्प सभा में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में गरीबों से पैसा वसूले जा रहा हैं। ऐसी शिकायत लगातार मिल रही है की प्रति आवास में 20000 वसूली की जा रही है। यही कारण है के प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जरूरतमंदों तक नहीं पहुंच पा रहा है। पैसे वाले को इसका लाभ दिया जा रहा है। अब गरीबों की योजनाओं में भी सरकार कमीशन खोरी कर रही है। कमीशन खोरी पर लगाम कसने के लिए झारखंड के भ्रष्ट हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है तभी हम झारखंड की तरक्की का सपना देख सकते हैं। श्री मरांडी ने कहा कि यह सरकार भ्रष्टाचार पर टिकी हुई है। आने वाले दिन में यह संकल्प ले कि संथाल परगना के सभी सीटों पर भाजपा का झंडा लहराऐंगे और झारखंड में भाजपा की सरकार बनायेंगे । वही गोड्डा लोकसभा के सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड की जनता ने जिस उम्मीद से हेमंत सोरेन की सरकार बनाई जनता के सारे उम्मीद पर पानी फेर गया और खुद हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर लूट खसोट के दुकान खोलकर मस्त है। उन्होंने कहा झारखंड प्रदेश को जिस मकसद से बनाया गया कि यहां के गरीब बेरोजगार नौजवानों के लिए रोजगार का रास्ता खुलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। बाबूलाल मरांडी जब झारखंड का पहले मुख्यमंत्री बने झारखंड में चौतरफा विकास की गाड़ी तेजी से आगे बढा। सीधे गांव को शहर से जोड़ दिया गया। आने वाला विधान सभा चुनाव में अगला मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी होगे इसके लिए सभी कार्यकर्ता इस संकल्प सभा से संकल्प लेकर जाए कि संथाल परगना के सभी सीटों पर भाजपा की जीत होगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन जैसे ही पावरलेस होगी। उनके साथ पूरे परिवार जेल में होगी। मैं वादा करता हूँ कि मधुपुर से अगला विधायक भाजपा का होगा। यह तय है मधुपुर के विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन जिस तरह से लूट और कमीशन वसूली का दुकान खोल कर बैठे हैं। यह सब हमेशा के लिए बंद हो जाएगा।

ख़ास ख़बर

सिवान में चंद्रयान को उतरने की खुशी मनाते देखे गए लोग

सिवान संवाददाता । सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में चंद्रयान-3 के उतरने को लेकर लोगों में उत्सुकता का माहौल देखा गया। बताते चलें कि 5:00 बजे से ही लोग चंद्रयान के उतरने को लेकर लाइव देखे नजर आए। कहीं-कहीं दर्जनों की संख्या में उपस्थित लोगों ने स्मार्ट टीवी लगाकर जश्न मनाते देखे गए। वहीं कहीं लोग अपने-अपने मोबाइल पर लाइव होकर चंद्रयान-3 का उतरना देखते रहे। बताते चलें कि चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने का जश्न मनाते हुए भी जिला मुख्यालय सिवान समेत मैरवा गुठनी दरौली नौतन रघुनाथपुर सिसवन अंदर आदि प्रखंडों में लोगों को देखा गया।

दिन भर होती रही झमाझम बारिश सड़के रहीं सुनी

सिवान जिला। मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों में दिनभर बारिश होने से सड़के सुनसान दिखाई दी। वहीं लोग अपने-अपने घरों में दूबके रहे। बताते चलें कि किसान अपने-अपने खेतों में दिनभर काम करते हुए नजर आए। किसानों की माने तो खेतों में पानी भर गया है । जिससे धान की खेती के बढ़िया होने के आसार बताई जा रहे हैं। वहीं कुछ किसानों ने बताया कि धान के खेत में घास ज्यादा हो गया है। जिसको निकालने का काम सवेरे से लगा हुआ था। वहीं बारिश के वजह से धान के खेत में घास में पानी भर गया है। वहीं कई प्रकार के चर्चे किसानों को करते हुए देखा गया। एक तरफ सड़के सुनसान रही। बहुत अत्यावश्यक कार्य को लेकर ही लोगों को बाहर निकलते हुए देखा गया। दूसरी तरफ दिन भर बरसात के वजह से लोग अपने-अपने घरों में डूब के रहे।

अपने-अपने केदो पर वीक्षको ने किए योगदान

सिवान संवाददाता । सिवान जिला मुख्यालय के विभिन्न केदो पर होने वाले बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर वीक्षक के कार्य में लगे शिक्षकों को जिला मुख्यालय सिवान में आकर योगदान करते हुए देखा गया। बताते चलें कि जिला मुख्यालय सिवान महाराजगंज हुसैनगंज एवं आसपास के प्रखंडों में शिक्षक बहाली को लेकर आज यानी गुरुवार से परीक्षा शुरू होने वाली है। जिसको लेकर दिनभर शिक्षकों को केदो पर आकर योगदान करते हुए देखा गया। एक तरफ बारिश और दूसरे तरफ इस बारिश में भीगते हुए वीक्षकों के अपने केंद्र पर आकर योगदान करने की चर्चा हो रही है।

राज्य में खनिज संपदा के बाबजूद यहां के स्थानीय लोग रोजगार के लिए खा रहे हैं ठोकरें

राजेश कुमार झारखंड । राज्य गठन के 22 वर्ष बाद भी यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध नहीं होना समझ से परे कारण यहां की ग्रामीण इलाकों के पढ़े लिखे शिक्षित युवा पीढ़ी रोजगार के लिए कम पैसा में अपने राज्य से दूसरे राज्य में रोजगार के लिए जाते हैं परंतु वहां पर भी समय पर पैसा नहीं मिल पाता है कारण प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में लोग स्नातक पास आउट हो कर बाहर निकलते हैं 100 लोगो को भी रोजगार उपलब्ध नहीं हो पाना चिंता का विषय है इसलिए हम सरकार से मांग करते हैं कि झारखंड सरकार रोजगार के मामले में मामले मे ठोस कदम उठाया जाना चाहिए क्योंकि शिक्षा बेरोजगारी सबसे बड़ा समस्या है।राजेश कुमार युवा सामाजिक कार्यकर्ता बिरनी गिरिडीह।

बीपीएससी विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा

सीवान संवाददाता। आज दिनांक 22.08.23 को जिला पदाधिकारी सिवान मुकुल कुमार गुप्ता द्वारा बीपीएससी विद्यालय अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2023* से संबंधित जॉइंट ब्रीफिंग की गयी। इस बैठक में प्रतिनियुक्त किये गए सभी सुपर ज़ोनल - सह- चलंत दंडाधिकारी, ज़ोनल - सह - गश्ती दल दंडाधिकारी, स्टैटिक दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे। यह परीक्षा दिनांक 24-08-23 एवं 25-08-23 को दो पालियों (यथा - प्रथम पाली -10 बजे पूर्वा० से 12 बजे मध्याहन तक एवं द्वितीय पाली - 03:30 बजे अपराह्न से 05:30 बजे अपराह्न तक) जिले के 29 परीक्षा केंद्रो पर आयोजित की जायेगी। जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने तथा विधि - व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा अभ्यर्थियों को परीक्षा से संबंधित सूचना एवं सहयोग के लिए " May I Help You" डेस्क महत्त्वपूर्ण स्थानों पर लगाने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा भारी संख्या में आने वाले अभ्यर्थियों के लिए टॉउन हॉल में वैकल्पिक आवासन की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों को 144 निर्गत करने एवं उसका अनुपालन हो यह सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा केंद्र अधीक्षकों को जैमर, CCTV एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को scribe की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

सिवान के शिक्षकों को नहीं मिल पाया वेतन

सिवान संवाददाता । सिवान जिला मुख्यालय समेत जिले के विभिन्न प्रखंडों के नियोजित शिक्षकों को जुलाई तथा अगस्त का वेतन नहीं मिल पाया है। जिसको लेकर पिछले दो महीने से शिक्षकों में त्राहि-त्राहि का माहौल है। बताते चलें कि एक तरफ शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के के पाठक के द्वारा सुबह 9:00 बजे से लेकर 4:00 बजे तक शिक्षकों को लगातार पढ़ाने के लिए रोजाना दर्जनों जांच हर विद्यालय में किया जा रहा है ।वहीं दूसरे तरफ सीवान में शिक्षकों को वेतन नहीं मिलने से शिक्षक भुखमरी के कगार पर हैं। जिसको लेकर चर्चा का माहौल गर्म हो चला है। बताते चलें कि पिछले 2 महीना से वेतन नहीं मिलने से प्रत्येक शिक्षक के बच्चों के पढ़ाई का पैसा, दूध का पैसा, भोजन राशन का पैसा समेत अन्य पैसे के दुकानदारों में गर्मी आ गई है। जो अब उधार नहीं दे रहे। वेतन नहीं मिलने से सभी शिक्षक भुखमरी के कगार पर है ।अब राशन वाला उधार में राशन भी देने को तैयार नहीं है। एक तरफ विभाग के द्वारा लगातार दबाव और निरीक्षण किया जा रहा है।

बीपीएससी की परीक्षा को लेकर पांच शिक्षकों की गई प्रतिनियुक्ति

बड़हरिया/सिवान/संवाददाता। बीपीएससी परीक्षा 2023 में बड़हरिया प्रखंड के शिक्षकों के परीक्षा में शामिल होने एवं परीक्षा केंद्रों पर वीक्षक के रूप में प्रतिनियुक्ति होने के कारण विद्यालय बंद होने की स्थिति में निम्नवत शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति दिनांक 24 व 25 अगस्त 2023 तक किया गया है।विदित हो कि मनोज कुमार शर्मा व वरुण कुमार गिरि नया प्राथमिक विद्यालय भीमपुर से उत्क्रमित मध्य विद्यालय बालापुर,अरविंद कुमार गांधी नया प्राथमिक विद्यालय पिपराही से प्राथमिक विद्यालय पिपराही,टुनटुन कुमार यादव प्राथमिक विद्यालय सावना से नया प्राथमिक विद्यालय प्राणपुर,सुरेंद्र कुमार राम प्राथमिक विद्यालय नासिर छपरा से उत्क्रमित मध्य विद्यालय छक्का टोला वही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि प्रतिनियुक्ति अवधि के पश्चात सभी प्रतिनियुक्त शिक्षक अपने मूल विद्यालय में स्वत विरमित होकर योगदान करेंगे तथा प्रतिनियुक्ति अवधि की भुगतान अनुपस्थित विवरणी के अनुरूप किया जाएगा।

मोनिका मिश्रा को स्कूल ने किया सम्मानित

गुठनी सिवान संवादाता । प्री नेशनल में जगह बनाने वाली शूटर मोनिका मिश्रा को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। इस संबंध में बताया जा रहा है कि पिछले दिनों नालंदा के कल्याण बीघा में संपन्न हुए बिहार स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता में मोनिका मिश्रा ने कांस्य पदक जीतकर प्री नेशनल में जगह बनाया था। गुठनी निवासी मोनिका मिश्रा को लोकमान्य तिलक हाई स्कूल सह इंटर कॉलेज के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। एनसीसी संतोष कुमार ने एनसीसी के तरफ से विद्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया तथा मोनिका मिश्रा को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया । बताते चलें कि मोनिका इसी विद्यालय में पढी और एनसीसी कैडेट रही है। सम्मान समारोह को संबोधित करती हुई ,मोनिका मिश्रा ने विद्यालय के बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित करने और उसको पाने के लिए सतत प्रयास करने की बात कही। मोनिका ने कहा कि हर परिस्थितियों में अपने लक्ष्य तक पहुंचने में लगे रहना चाहिए। जीवन में डिमोटिवेट करने वालों की संख्या अधिक है। इसलिए अपना ध्यान केवल और केवल लक्ष्य के तरफ होना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य दिनेश कुमार एवं एनसीसी शिक्षक संतोष कुमार ने चांदी का मेडल पहनाकर और मोमेंटो देकर मोनिका मिश्रा को सम्मानित किया। इस मौके परः कृष्णा सर ,धीरेंद्र सर ,मदन सर ,सुधीर सर ,पंकज सर,दीवान सर,करुणेश सर विमल सर अर्चना मैडम ,सीमा मैडम ,वीना मैडम ,रश्मि मैडम,जयन्ति मैडम ,सोनू मैडम आदि मौजूद थे।

डीएम ने डॉ महेंद्र कुमार का किया निलंबन मुक्त

डॉ महेंद्र कुमार हसनपुरा (सीवान)। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने आयुष चिकित्सक डॉ महेंद्र कुमार की निलंबन मुक्त कर सिसवन रेफरल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापन किया है। निलंबन अवधि में डॉ महेंद्र कुमार लकड़ी नबीगंज स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित थे। इस मामले में डॉ श्री कुमार ने डीएम श्री गुप्ता को घटना की सारी जानकारी से अवगत करायी थी। तत्पश्चात डीएम श्री गुप्ता ने डॉ महेंद्र कुमार को सही ठहराते हुए उनका मुक्त करते हुए पदस्थापन रेफरल/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवन में किया है। आयुष चिकित्सक (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हसनपुरा सीवान को अधोहस्ताक्षरी के ज्ञापांक 925 दिनांक 14 जुलाई 2023 के द्वारा निलंबित किया गया था। उक्त के आलोक में जिलाधिकारी महोदय के संचिका आदेश दिनांक 18 अगस्त 2023 के आलोक में डॉ महेंद्र कुमार आयुष चिकित्सक (आरबीएसके) को पत्र निर्गत के तिथि से निलंबन से मुक्त करते हुए डॉ महेंद्र कुमार की पदस्थापना रेफरल/प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिसवन में किया गया है।

बुलबुल का भोला दरवार बेजोड़ बा..गाना बज रहा चारों ओर

सिवान संवाददाता । सिवान जिला मुख्यालय के मैरवा गुठनी दरौली नौतन जिरादेई रघुनाथपुर बड़हरिया समेत सभी प्रखंडों एवं बगल के उत्तर प्रदेश के देवरिया गोरखपुर गाजीपुर मऊ समेत विभिन्न जिलों में गुलशन कुमार के टी-सीरीज का शिव भजन भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा...बजाते हुए देखा जा रहा है। बताते चलें कि यूपी बिहार सीमा पर स्थित सिवान जिले के मैरवा के निवासी विख्यात गायक प्रवीन मिश्रा बुलबुल का गाया हुआ भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा ..लगातार बिहार उत्तर प्रदेश में बसो मे सुना जा रहा है। इस संबंध में बातचीत करते हुए प्रवीण बुलबुल ने बताया कि यह गीत इस बार टी-सीरीज कंपनी ने रिलीज किया है। वही भोले बाबा दरबार बेजोड़ बा गीत में टी-सीरीज के डायरेक्टर दीपश्रेष्ठ ने बेजोड़ डांस किया है । जबकि टी-सीरीज के महत्वपूर्ण व्यक्तित्व ओमप्रकाश पांडे जी का विशेष सहयोग इस गीत में रहा है। दूसरी तरफ मनोज बंटी ने इस गीत में संगीत दिया है।

ज्वेलरी लूट मामले में पुलिस ने दो बादमाशों को किया गिरफ्तार

हसनपुरा (सीवान)। एम एच नगर थाना के उसरी बुजुर्ग स्थित सिमी ज्वेलर्स में बीते 14 अगस्त को हुई लूट की घटना में पुलिस ने दो बादमाशों को गिरफ्तार किया है। बादमाशों में हुसैनगंज निवासी शिवबचन यादव के पुत्र मुन्ना यादव व अजय यादव है। पुलिस ने लूट मामले में घटना में शामिल ब्लू रंग की होंडा साइन बाइक व कपड़े पुलिस ने बरामद की है। घटना के दिन ही पुलिस ने गोपालपुर गांव में छापेमारी कर संदेह के आधार पर बाइक व कपड़े बरामद कर गहन जांच पड़ताल की। जहां कपड़े और बाइक की पुष्टि हुई। पुलिस ने बुधवार को दोनों बादमाशों को जेल भेज दिया। हालांकि इस लूट मामले में पुलिस को नगद व गहने हाथ नहीं लगा है। ज्ञात हो कि एम एच नगर थाना के उसरी बुजुर्ग स्थित सिमी ज्वेलर्स में बीते 14 अगस्त की सुबह 10 बजे तीन बाइक पर सवार सात अपराधियों ने हथियार के बल पर 63 हजार नगद सहित 61 लाख 25 हजार की संपति लूट ली थी।

क्रान्तिकारी | भारत छोड़ो आंदोलन का बिहार में काफी प्रभाव था

जदयू0 ने शहीद रामफल मंडल की मनाई शहादत दिवस

सीवान । बुधवार जनता दल यूनाइटेड सिवान द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद रामफल मंडल का शहादत दिवस पार्टी के जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह की अध्यक्षता मे उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिला अध्यक्ष चन्द्रकेतु सिंह ने इस अवसर पर कहा कि सन 1942 में गांधी के आह्वाहन पर अंग्रेज़ों के खिलाफ छेड़े गए भारत छोड़ो आंदोलन का बिहार में काफी प्रभाव था। युवाओं ने इस आंदोलन में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और इस आंदोलन को एक क्रन्तिकारी आंदोलन में तब्दील करने में कोई कसर नहीं छोड़ा. जगह-जगह सरकारी दफ्तरों थानों पर कब्ज़ा किया गया और उन जगहों को आजाद घोषित किया गया। ये घोषित आज़ादी भले ही कुछ दिन टिकी हो पर अपने पिछे एक क्रान्तिकारी विरासत छोड़ गया है और उस वक़्त अंग्रेज़ो को यह बता गया कि हिन्दुस्तान में उनके आखिरी दिन चल रहे है। शहीद रामफल मंडल भारत छोड़ो आंदोलन के उन्हीं युवा क्रान्तिकारीयों में से एक थे उनका जन्म बिहार के सीतामढ़ी जिले में बाज़पट्टी थाने के मधुरापुर गांव में 6 अगस्त 1924 को हुआ था। उनके पिता का नाम गोखुल मंडल, माता का नाम गरबी मंडल एवं पत्नी का नाम जगपतिया देवी था। रामफल मंडल जी का शादी 16 वर्ष की उम्र में ही हो गया था. 24 अगस्त 1942 को बाज़पट्टी चौक पर रामफल मंडल ने अंग्रेज सरकार के तत्कालीन सीतामढ़ी अनुमंडल अधिकारी हरदीप नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर राममूर्ति झा, हवलदार श्यामलाल सिंह और चपरासी दरबेशी सिंह की हत्या कर दी. जैसे ही अंग्रेजों आंदोलन पर काबू पाने में थोड़ा सफल हुए रामफल मंडल गिरफ्तार कर लिए गए 1 सितंबर 1942 को रामफल मंडल को गिरफ्तार कर सीतामढ़ी जेल में रखा गया। 5 सितंबर 1942 को उन्हें भागलपुर केंद्रीय कारागार हस्तांतरित कर दिया गया अंग्रेज अधिकारीयों कि हत्या के जुल्म में उनपर कांड संख्या 473/42 के तहत भागलपुर न्यायलय में मुकदमा चला और 23 अगस्त 1943 को केंद्रीय कारागार भागलपुर में फाँसी दे दी गयी। देश कि आजादी के खातिर अपनी जान कुर्बान करने वाले इस युवा क्रांतिकारी को सलाम है और ये देश के लिए शहीद हो गए । मौके पर पार्टी के नेता नन्दलाल राम , अरफ अंसारी , मुर्तुजा अली पैगाम, बब्लू चौहान, जिला प्रवक्ता सुनील कुमार, शाहनवाज आलम, फरीद अंसारी, अनवर सिवानी, मतीन अहमद, विजय प्रजापति, संजय चौहान आदि शामिल रहे।

लक्ष्मी स्वरूपा गाय से पशुपालक का पूरा परिवार है गदगद

गांव की नंदनी गाय की अद्भुत कहानी

गुठनी। थाना क्षेत्र के चिताखाल गांव की नंदिनी गाय की अद्भुत कहानी है। बल्कि यह कहें कि यह एक चमत्कार है। पौराणिक कथाओं में लगातार दूध देने वाली गाय कामधेनु का वर्णन आता है, जो देवताओं और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन से निकले 14 रत्नों में से एक थी. जिस किसी को इसकी जानकारी मिलती है, वह आश्चर्यचकित रह जाते हैं। स्वाभाविक है कि कोई गाय यदि लगातार इग्यारह वर्षों से दूध दे, तो उसे अद्भुत ही कहेंगे। डेढ़ दशक में इस गाय ने कभी गर्भधारण नहीं की। बगैर गर्भधारण का दूध दे रही है। यह भाग्यशाली नंदिनी थाना क्षेत्र के चिताखाल गांव निवासी संतोष शर्मा की है। संतोष शर्मा ने बताया की 2012 के जून माह में गाय ने बछड़े को जन्म दिया। उसके बाद से आज तक गर्भधारण नहीं हो सका। उस वक्त यह गाय सुबह और शाम आठ आठ लीटर दूध देती थी। एक वर्ष के बाद दूध की मात्रा कम कर दी। फिलहाल दोनों वक्त मिलाकर छः से आठ लीटर दूध दे रही है। पशुपालक संतोष शर्मा इसे गौ-माता की कृपा बताते हैं। उनका पूरा परिवार इससे गदगद है। मजे की बात तो यह है कि परिवार के सदस्य जब चाहते हैं, गाय से दूध निकाल लेते हैं। संतोष शर्मा कहते हैं कि जब से यह गाय आई है, तब से दूध की समस्या खत्म हो गई है। उन्होंने बताया की समय बीतने के साथ गाय ने फिर कभी गर्भधारण नहीं किया। गर्भधारण को लेकर कई बार चिकित्सकों की सलाह ली। परंतु सफलता नहीं मिली। हालांकि पशु चिकित्सकों का कहना हैं कि यह अजूबा नहीं है, हार्मोन के असंतुलित होने के कारण ऐसा हो जाता है। संतोष शर्मा ने बताया की कई व्यापारी उनके पास आकर गाय खरीदने के लिए एक से दो लाख रुपये के बीच आफर दे चुके हैं, लेकिन गाय को नहीं बेचा। गाय प्रतिदिन पांच से सात लीटर दूध दे रही है। क्या कहते है पशु चिकित्साधिकारी जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार सिंह ने बताया की हार्मोन असंतुलन की वजह से ऐसा हो जाता है। इस तरह के मामले देशी नस्ल की गायों में नहीं पाए जाते। जरसी और होल्स्टेन फेशियन नस्लों की गाय या उनसे क्रास गाय में इस तरह के मामले आ जाते हैं। इसमें कुछ भी अजीब नहीं है।

सैयामी ने घूमर बॉलिंग से सचिन को किया 'बोल्ड'

तेंदुलकर बोले- मैंने उनके जैसा कभी किसी को नहीं खेला

मुंबई (एजेंसी)। सचिन तेंदुलकर करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हाल ही में अभिनेत्री सैयामी खेर ने उनसे मुलाकात की और अपनी घूमर फिल्म के लिए सीखी गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए नजर आई। अभिनेत्री ने अपनी फिल्म घूमर की एक निजी स्क्रीनिंग की मेजबानी की थी और सचिन को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। स्क्रीनिंग के बाद सचिन ने सैयामी से अनुरोध किया था कि वह उन्हें दिखाएं कि उन्होंने फिल्म में बाएं हाथ से कैसे गेंदबाजी की थी।

आर बाल्की द्वारा निर्देशित घूमर में सैयामी एक बल्लेबाज की भूमिका निभाती हैं जो एक दुर्घटना में अपना दाहिना हाथ खो देती है। एक पूर्व क्रिकेटर (अभिषेक बच्चन द्वारा अभिनीत रोल) की मदद से सैयामी का किरदार अनीना बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी करना सीखती है और भारतीय टीम में अपनी जगह बनाती है।

सैयामी द्वारा मंगलवार को पोस्ट किए गए वीडियो में उन्हें और सचिन को एक अस्थायी क्रिकेट पिच पर दिखाया गया है। वह कहती हैं, मैंने फिल्म में आपका एक्शन देखा है। और, मैं इसे वास्तविक जीवन में देखना चाहता हूं। जब सैयामी स्वीकार करती है कि वह उसके सामने प्रदर्शन करने से घबराती है, तो वह उसे आश्वस्त करते हैं। इसके साथ ही, सैयामी अपने शरीर को अपने सिग्नेचर मूव में मोड़ती है, और उसका दाहिना हाथ उसकी पीठ के पीछे छिपा होता है। वह गेंद फेंकती है, जो दूर छोर पर विकेटों के पास जाकर गिरती है। सचिन चकित रह गए और बोले, मैंने कभी किसी के साथ इस तरह...इस हरकत के साथ नहीं खेला। इसके बाद वह उनसे हाथ मिलाने के लिए आगे बढ़ते हैं और अभिनेत्री स्क्रीनिंग में आने के लिए उन्हें धन्यवाद देती हैं।

वीडियो को अपलोड करते हुए एक बहुत ही प्यारा कैप्शन दिया गया, बचपन में आपने कौन सा सपना देखा था जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था कि यह कभी पूरा नहीं होगा? मेरा सपना था कि किसी दिन मैं अपने हीरो, मेरी प्रेरणा, अपने शिक्षक सचिन तेंदुलकर से मिलूंगा। मैंने उन्हें खेलते हुए देखकर इस खेल को पसंद किया है और सीखा है। मैंने उन्हें खेलते हुए देखने के लिए कॉलेज से छुट्टी ले ली है। मैंने नॉर्थ स्टैंड में सबसे ऊंचे स्वर में 'सचिन सचिन' का नारा लगाया है। इसलिए मैं यह नहीं बता सकती कि इसका क्या मतलब है।

कैप्शन में सैयामी ने खुलासा करने से पहले सचिन के करियर के अपने पसंदीदा पलों को सूचीबद्ध किया, उन्होंने कहा, जब मैंने अभिनय करना शुरू किया, तो मेरे दोस्तों ने मेरी आलोचना की और कहा, जा जा, अभिनय कर। किसी दिन सचिन तुम्हारी फिल्म देखेंगे। और यही मेरा लक्ष्य बन गया। कड़ी मेहनत करना और आशा करना कि किसी दिन मास्टर मेरे काम को देखेंगे।

अभिनेत्री ने स्वीकार किया कि सचिन से मुलाकात ने उन्हें पूरी तरह से आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने लिखा, और फिर ऐसा हुआ, क्रिकेट के भगवान ने एक फिल्म देखी जिसमें मैं एक क्रिकेटर की भूमिका निभा रही हूं। क्रिकेट के भगवान ने मुझे उन्हें दिखाने के लिए कहा कि मैंने घूमर कैसे डाला। सपने सच होते हैं। यह मेरे जीवन का हिस्सा है।

सकारात्मक समीक्षाओं और शानदार प्रशंसा के बावजूद घूमर ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, टिकट खिड़की पर अपने पहले चार दिनों में केवल 4 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई की है। हालांकि सैयामी और अभिषेक के अभिनय को व्यापक रूप से सराहा गया है।

इंग्लैंड के कोच ने वर्ल्ड कप 2023 के चुने सेमीफाइनलिस्ट, पाकिस्तान को किया बाहर

लंदन (एजेंसी)। आईसीसी विश्व कप 2023 अब बस कुछ ही हफ्ते दूर है। क्रिकेट का महाकुंभ 5 अक्टूबर से भारत में शुरू होगा और फाइनल 19 नवंबर को होगा। टूर्नामेंट की शुरुआत इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबले से होगी। लेकिन इससे पहले भविष्यवाणियों का दौर शुरू हो गया है और न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और इंग्लैंड टेस्ट टीम के कोच ब्रेंडन मैकुलम ने सेमीफाइनल के लिए चार टीमों को शॉट लिस्ट किया है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इसमें पाकिस्तान टीम शामिल नहीं है।

भारत में अहमदाबाद, चेन्नई, लखनऊ, मुंबई, पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली, कोलकाता, धर्मशाला और हैदराबाद में 10 स्थान खेलों की मेजबानी करेंगे। यह टूर्नामेंट 2011 के बाद पहली बार भारत में होगा और इसमें कुल 48 मैच होंगे और 10 टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। आईसीसी विश्व कप 2023 नजदीक आने के साथ इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कोच ने भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड को चार टीमों के रूप में चुना है।

जिस बात ने कई लोगों का ध्यान खींचा वह यह थी कि उन्होंने पाकिस्तान को छोड़ दिया। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को लगभग हर विशेषज्ञ ने चुना है। अपने गेंदबाजी आक्रमण के कारण मेन इन ग्रीन टूर्नामेंट जीतने के प्रबल दावेदार होंगे लेकिन बाज के लिए वे सेमीफाइनल में नहीं पहुंचेंगे।

4 गेंदों पर 4 विकेट, सोहेल खान ने बनाया रिकॉर्ड

फ्लोरिडा (एजेंसी)। फ्लोरिडा के लॉडरहिल में चल रही यूएस मास्टर्स टी10 लीग 2023 के तहत न्यूयॉर्क वारियर्स की ओर से खेल रहे गेंदबाज सोहेल खान) ने अटलांटा राइडर्स के खिलाफ 4 गेंदों पर 4 विकेट लेकर सनसनी मचा दी। सोहेल ने 10वें ओवर की पहली 4 गेंदों पर यह कारनामा कर दिखाया। उन्होंने मस्कादजा, आजम, इलियट और हरमीत के विकेट चटकाए थे। क्रिकेट जगत में 4 गेंदों पर 4 विकेट लेने वाले गेंदबाज काफी कम है। आइए आपको अंततराष्ट्रीय स्तर पर यह कारनामा करने वाले 4 गेंदबाजों के बारे में बताते हैं।

लसिथ मलिंगा - इस लिस्ट में दूसरा नाम श्रीलंका के तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा का है. मलिंगा टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में पहले गेंदबाज थे जिन्होंने चार गेंदों में चार विकेट लिया था.

जेसन होल्डर - वेस्टइंडीज के हरफनमौला खिलाड़ी जेसन होल्डर ने 2022 में इंग्लैंड के खिलाफ मैच में 4 गेंदों में 4 विकेट लिए थे।

कर्टिस कैम्फर-कर्टिस टी20 विश्व कप मैच में 4 गेंदों में 4 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज हैं। वह ब्रेट ली के बाद आईसीसी टी20 विश्व कप मैच में हैट्रिक पूरी करने वाले दूसरे गेंदबाज हैं।

राशिद खान-अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में चार गेंदों में चार विकेट लिए थे।

बहरहाल, अटलांटा राइडर्स की शुरूआत काफी अच्छी रही थी। ओपनर रॉबिन उथप्पा और लिंडेल सिमंस ने पहले विकेट के लिए 81 रन जोड़े थे। उथप्पा ने जहां 25 गेंदों पर 32 रन बनाए तो वहीं, सिमंस ने 23 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से 41 रन का योगदान दिया। टीम जब 98 के स्कोर पर पहुंची तब उनके लगातार चार विकेट गिर गए। नासिर हुसैन ने 5 रन बनाकर स्कोर 103 तक पहुंचाया।

एशिया कप से पहले बांग्लादेश को बड़ा झटका, तेज गेंदबाज इबादत हुसैन चोटिल होकर टूर्नामेंट से बाहर

ढाका। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज इबादत हुसैन पिछले महीने अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के दौरान घुटने में लगी चोट के कारण मंगलवार को आगामी एशिया कप से बाहर हो गए। इबादत को 10 दिन पहले एशिया कप के लिए चुनी गई 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया था लेकिन वह निर्धारित समय-सीमा के अंदर चोट से उबरने होने में विफल रहे। टीम में उनकी जगह 20 वर्षीय नए तेज गेंदबाज तंजीम हसन को शामिल किया गया है। यह देखना होगा 29 साल का यह खिलाड़ी पांच अक्तूबर से भारत में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए समय पर फिटनेस हासिल कर लेगा या नहीं। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के मुख्य चिकित्सक डॉ देवाशीष चौधरी ने कहा, इबादत छह सप्ताह से रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) में है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट का ऐलान

भेदभाव मिटाते हुए महिला क्रिकेटरों के लिए उठाया बड़ा कदम

जोहान्सबर्ग (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए समान वेतन प्रदान करने वाले देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है। दक्षिण अफ्रीका ने पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए समान मैच फीस देने की घोषणा की है। प्रोटियाज न्यूजीलैंड और भारत के साथ ऐसे देशों में शामिल हो गया हैं जिन्होंने पहले लिंग के आधार पर वेतन समानता का खुलासा किया था। देश भर के क्रिकेट जगत की प्रमुख हस्तियां मंगलवार को तशवाने में एकत्रित हुईं और अपनी घरेलू महिला प्रतियोगिता के लिए एक अद्यतन संरचना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरुष और महिला दोनों खिलाड़ियों के लिए समान वेतन की घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेटरों के लिए मैच फीस में बदलाव अगले महीने शुरू होगा जब वे एशियाई टीम के खिलाफ छह मैचों के सफेद गेंद दौरे के लिए पाकिस्तान की यात्रा करेंगी।

दक्षिण अफ्रीका का नवीनतम विकास राष्ट्रीय महिला टीम के लिए बेहद सफल 18 महीनों के बाद आया है जिसने उन्हें 2022 में न्यूजीलैंड में महिला क्रिकेट विश्व कप के

सेमीफाइनल तक पहुंचाया और फिर इस साल की शुरुआत में महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी करते समय फाइनल में जगह बनाई। न केवल महिला अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी अपने पुरुष समकक्षों के समान मैच फीस अर्जित करेंगी, बल्कि महिलाओं की घरेलू लीग भी पेशेवर होंगी।

नई घरेलू संरचना मौजूदा 16-टीम, दो-स्तरीय सेट-अप से अपनी रूपरेखा लेगी जिसे शीर्ष छह और निचले दस में विभाजित किया गया है, बाद वाले को पदोन्नति-प्रत्यारोपण प्रणाली के साथ पांच-पांच के दो समूहों में विभाजित किया गया है। शीर्ष छह टीमों को अब अधिकतम 11 खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति दी जाएगी - पिछली छह की तुलना में पांच अधिक - और वे अपने सेट-अप में अधिक पूर्णकालिक कोच और सहायक स्टाफ भी जोड़ सकेंगे। शीर्ष छह टीमें 50-ओवर और 20-ओवर की प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करेंगी, दृश्यता बढ़ाने के लिए सबसे छोटे प्रारूप के मैच पुरुषों की प्रतियोगिता के समान दिन खेले जाने की संभावना है।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के सीईओ फोलेत्सी ने कहा, महिलाओं की घरेलू संरचना के व्यावसायीकरण का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को चमकने के लिए एक मंच प्रदान करके, खेल उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देकर और खिलाड़ियों की अगली पीढ़ी को प्रेरित करके महिला क्रिकेट परिदृश्य को ऊपर उठाना है। मोसेकी ने कहा, वैश्विक मंच पर दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट की सफलता के साथ हमारा मानना है कि यह स्थानीय प्रतिभाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा, जिससे एक ऐसा वातावरण तैयार होगा जो विकास, लचीलेपन और खेल के प्रति गहरे प्रेम को बढ़ावा देगा।

उन्होंने कहा, महिलाओं के घरेलू ढांचे को पेशेवर बनाने को प्रशंसकों, खिलाड़ियों और प्रायोजकों से समान रूप से उत्साह मिला है। हम ब्रांडों से महिला क्रिकेट के लिए अपना समर्थन जारी रखने का आह्वान करते हैं।

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक के निधन की खबर इंटरनेट पर फैली, पूर्व साथी हेनरी ने कहा खबर झूठी

हरारे (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के सबसे गौरवान्वित क्रिकेटों में से एक पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक के बुधवार को 49 वर्ष की आयु में निधन होने जानकारी सामने आई थी। हालांकि ताजा रिपोर्ट के मुताबिक यह खबर झूठी है और वह जिंदा हैं। जिम्बाब्वे टीम में उनके पूर्व साथी हेनरी ओलोंगा ने इस बात का खुलासा किया है।

स्ट्रीक की मौत की खबर के बाद ओलोंगा के नए ट्वीट में लिखा है, मैं इस बात की पुष्टि कर सकता हूं कि हीथ स्ट्रीक के निधन की अफवाहों को बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। मैंने अभी उनसे सुना है। तीसरे अंपायर ने उन्हें वापस बुला लिया है। वह बिल्कुल जिंदादिल हैं।



49 वर्षीय ने 2005 में 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। स्ट्रीक अभी भी 100 से अधिक टेस्ट और 200 से अधिक एकदिवसीय विकेट लेने वाले जिम्बाब्वे के एकमात्र गेंदबाज बने हैं। उन्होंने 2000 में जिम्बाब्वे की कप्तानी की, उस समय जब बोर्ड और टीम के बीच संबंधों में खटास आने के कारण कई खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम से हट गए थे। अपने शानदार करियर में स्ट्रीक ने 65 मैच खेले और 2.69 की इकॉनमी से 216 विकेट लिए। वनडे प्रारूप में स्ट्रीक ने 189 मैचों में 4.51 की इकॉनमी से 239 विकेट लिए। उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 5-32 था।

स्ट्रीक ने लाल गेंद प्रारूप में 22.4 की औसत से 1,990 रन बनाए। उन्होंने अपने देश के लिए 65 टेस्ट मैच खेले। वनडे में स्ट्रीक ने 73.4 की स्ट्राइक रेट और 28.3 की औसत से 2,934 रन बनाए। 1993 में स्ट्रीक ने पाकिस्तान के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के साथ क्रिकेट की दुनिया में अपना आगमन दर्ज कराया। उन्होंने रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ अपने दूसरे टेस्ट में 8 विकेट लेकर खुद को एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया।

व्यापार

नौ महीने में पहली बार घटा रूस से कच्चे तेल का आयात

नई दिल्ली, एजेंसी। रूस से भारत का जुलाई में कच्चे तेल का आयात नौ माह में पहली बार कम हुआ है। ओपेक और अन्य देशों में उत्पादन कटौती से सऊदी अरब से भी ढाई वर्षों में आयात सबसे कम हो गया। आंकड़ों के अनुसार, दुनिया में तेल के तीसरे सबसे बड़े आयातक भारत और चीन ने रूस और सऊदी अरब से तेल की कीमतें बढ़ने से जुलाई में आयात घटा दिया था। इस वजह से रूस और सऊदी को उत्पादन भी घटाना पड़ गया। सऊदी अरब ने जुलाई से सितंबर तक उत्पादन में 10 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) की कटौती की है। रूस भी अगस्त में निर्यात में 5 लाख बीपीडी की कटौती करेगा। रूस से आयात 5.7 प्रतिशत गिरकर 18.5 लाख बीपीडी व सऊदी अरब से 26 प्रतिशत गिरकर 4.70 लाख बैरल प्रतिदिन रह गया। कुल आयात जुलाई में 5.2 प्रतिशत घटकर 44 लाख बीपीडी रहा। होंडा कार्स इंडिया बढ़ती लागत के प्रभाव को आंशिक रूप से कम करने के लिए सितंबर से वाहनों की कीमतें बढ़ाने की योजना बना रही है। यह भारत में सिटी और अमेज बेचती है। हालांकि, कीमतें कितनी बढ़ेंगी, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। एलआईसी ने जियो फाइनेंशियल सर्विसेस में 6.66 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है। एलआईसी ने शेयर बाजारों को बताया, हिस्सा खरीदने का मूल्य रिलायंस इंडस्ट्रीज से जियो के अलग होने से पहले की लागत का 4.68 प्रतिशत था। जियो में अंबानी परिवार के पास 46 प्रतिशत हिस्सा है। भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 8.5 फीसदी की रफ्तार से बढ़ सकती है।

सरपट दौड़ रही चांदी, सोना भी हो रहा महंगा, वायदा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त देखी जा रही है। घरेलू वायदा बाजार में भी सोने की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 अक्टूबर 2023 की डिलीवरी वाला सोना बुधवार दोपहर 0.05 फीसदी या 31 रुपये की मामूली बढ़त के साथ 58,605 रुपये प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड करता दिखाई दिया। वहीं, वैश्विक स्तर पर भी सोने और चांदी दोनों की कीमतों में बढ़त देखी गी गई है।

चांदी में उछाल : चांदी की घरेलू वायदा कीमतों में बुधवार को बढ़त देखने को मिली। एमसीएक्स एक्सचेंज पर 5 सितंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी का भाव बुधवार दोपहर 0.90 फीसदी या 645 रुपये की बढ़त के साथ 72,627 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करता मिला। वहीं, 5 दिसंबर 2023 की डिलीवरी वाली चांदी इस समय 0.90 फीसदी या 660 रुपये की बढ़त के साथ 74,049 रुपये प्रति किलोग्राम पर ट्रेड करती दिखी।

सोने का वैश्विक भाव : वैश्विक बाजार की बात करें, तो यहां भी सोने की कीमतों में बढ़त देखने को मिली है। कॉमेक्स पर सोने का वायदा भाव 0.30 फीसदी या 5.70 डॉलर की बढ़त के साथ 1931.70 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव 0.35 फीसदी या 6.66 डॉलर की बढ़त के साथ 1904.36 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखाई दिया।

चांदी का वैश्विक भाव : वैश्विक बाजार में चांदी के भाव भी बुधवार को बढ़त के साथ ट्रेड करते दिखे। कॉमेक्स पर चांदी वायदा 1.44 फीसदी या 0.34 डॉलर की बढ़त के साथ 24.11 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। वहीं, चांदी का वैश्विक हाजिर भाव 1.31 फीसदी या 0.31 डॉलर की बढ़त के साथ 23.71 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

हिंडनबर्ग का अदाणी ग्रुप पर नहीं हुआ कोई असर, पहली तिमाही में 42 प्रतिशत बढ़ा ईबीआईटीडीए

नई दिल्ली, एजेंसी। अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी के नेतृत्व वाले अदाणी ग्रुप का चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में प्री-टैक्स प्रॉफिट में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़ा है। अदाणी ग्रुप की ओर से बुधवार को ये जानकारी दी गई।

अदाणी ग्रुप की ओर से एक बयान जारी कर कहा गया कि ग्रुप ने अप्रैल-जून के बीच 23,532 करोड़ रुपये का ईबीआईटीडीए दर्ज किया है। यह कंपनी द्वारा पोस्ट किया गया अब तक का सबसे बड़ा ईबीआईटीडीए का आंकड़ा है। अदाणी ग्रुप की करीब 10 कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं। इसमें अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पावर, अदाणी ग्रीन एनर्जी, अदाणी ट्रांसमिशन, अदाणी पोर्ट्स और अदाणी टोटल गैस जैसी कंपनियों का शामिल हैं।

कंपनियों के पास मौजूद कैश बैलेंस 42,115 करोड़ रुपये को मिला दिया जाए, तो ग्रुप पर 18,689 करोड़ रुपये का कर्ज है।

हिंडनबर्ग के बाद रिकवरी कर रहा अदाणी ग्रुप : 24 जनवरी को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अदाणी ग्रुप के शेयरों में बड़ी गिरावट आई थी। इस कारण ग्रुप मार्केट कैप 150 अरब डॉलर कम हो गई थी। हालांकि, अदाणी ग्रुप की ओर से इन सभी आरोपों से इन्कार किया गया था। निवेशकों की चिंताओं को देखते हुए कर्ज भी लौटाना शुरू किया था। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद अदाणी ग्रुप को जीक्यूजी जैसे बड़े निवेशक मिले हैं, जिसने ग्रुप की पांच कंपनियों में निवेश किया है। पहली तिमाही में सलाना आधार पर अदाणी एंटरप्राइजेज का ईबीआईटीडीए करीब दोगुना होकर 1,718 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

3 साल में 500 प्रतिशत रिटर्न, सुजलॉन एनर्जी ने निवेशकों को किया मालामाल

नई दिल्ली, एजेंसी। मल्टीबैगर स्टॉक्स की जब बात होती है तो सुजलॉन एनर्जी का नाम भी आता है। सुजलॉन एनर्जी के शेयर ने पिछले 3 साल में 500 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। सुजलॉन ग्रुप रिन्यूएबल एनर्जी सोल्यूशंस में एक प्रमुख प्लेयर है। यह दुनियाभर के 17 देशों में 20 गीगावाट से अधिक की प्रभावशाली पवन ऊर्जा क्षमता का दावा करता है। यह ग्रुप सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड और इसकी सहायक कंपनियों से बना है। सुजलॉन ग्रुप का मुख्यालय पुणे में है।

जर्मनी, नीदरलैंड, डेनमार्क और भारत सहित कई देशों में ग्रुप के एकीकृत अनुसंधान और विकास केंद्र हैं। भारत में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाओं के साथ सुजलॉन 28 से अधिक वर्षों से काम कर रहा है। कंपनी भारत की प्रमुख पवन ऊर्जा सेवा प्रदाता है। यह विंड एनर्जी एसेट्स में 14 गीगावाट से अधिक के सर्विस पोर्टफोलियो को मैनेज करती है। भारत से बाहर लगभग 6 गीगावॉट की स्थापित क्षमता के साथ सुजलॉन ग्रुप इंटरनेशनल लेवल पर भी मजबूत उपस्थिति रखती है। सुजलॉन एनर्जी लिमिटेड ने हाल ही में अपने क्यू1एफवाय24 परिणामों की घोषणा की है। इसके अनुसार कंपनी की बिक्री में क्यू1 एफवाय23 की तुलना में 2 प्रतिशत की कमी आई है। यह 1,351 करोड़ रुपये रही। जबकि कंपनी के परिचालन लाभ में 7 प्रतिशत की गिरावट आई और यह 199 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह, कंपनी का शुद्ध लाभ 101 करोड़ रुपये रहा। जबकि वित्त वर्ष 23 की पहली तिमाही में यह 2,433 करोड़ रुपये था। सुजलॉन एनर्जी के शेयर ने पिछले एक साल में 166 प्रतिशत का शानदार रिटर्न दिया है। वहीं, कंपनी ने पिछले 3 वर्षों में 519 फीसदी का असाधारण रिटर्न दिया है। इसके अलावा, कंपनी का 20.6 प्रतिशत का आरओसीई है। बुधवार को कंपनी के शेयरों में 5 प्रतिशत का अपर सर्किट लगा, जिससे यह 21.93 रुपये पर पहुंच गया। इसके अलावा, शेयर की वॉल्यूम में 1.43 गुना से अधिक की वृद्धि हुई।

फ्रैंकलिन टेम्पलटन की छह बंद योजनाओं का एसबीआई फंड्स ने किया परिसमापन

नई दिल्ली, एजेंसी। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसने फ्रैंकलिन टेम्पलटन म्यूचुअल फंड की बंद हो चुकी छह ऋण योजनाओं में परिसंपत्तियों का परिसमापन कर दिया है और यूनिटधारकों को 27,508 करोड़ रुपए वितरित किए हैं। फ्रैंकलिन टेम्पलटन ने अप्रैल, 2020 में अपनी छह बॉन्ड म्यूचुअल फंड योजनाओं को बाजार में तरलता के अभाव में बंद करने की घोषणा कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने वर्ष 2021 में एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट को इन बंद योजनाओं की परिसंपत्तियों का निपटारा करने और भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट ने बयान में कहा कि उसने 217 प्रतिभूतियों का परिसमापन करते हुए इनके मद में 27,508 करोड़ रुपए का भुगतान इसके यूनिटधारकों को कर दिया है। यह इन योजनाओं के बंद होने की तारीख 23 अप्रैल, 2020 को रहे प्रतिभूतियों के मूल्य 25,215 करोड़ रुपए का 109 प्रतिशत है। इन बंद योजनाओं में फ्रैंकलिन इंडिया लो ड्यूरेशन फंड, फ्रैंकलिन इंडिया डाइनमिक अक्रुअल फंड, फ्रैंकलिन इंडिया क्रेडिट रिस्क फंड, फ्रैंकलिन इंडिया शॉर्ट टर्म इनकम प्लान, फ्रैंकलिन इंडिया अल्ट्रा शॉर्ट बॉन्ड फंड और फ्रैंकलिन इंडिया इनकम ऑपर्च्यूनिटीज फंड शामिल थीं।

ख़ास ख़बर

भाकपा माले के सदस्यों ने दरपा पिपरा क्षेत्र में दौरा कर आम लोगों से शांति, आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने की अपील की

मोतिहारी। 24 अगस्त रक्सौल अनुमंडल संवाददाता बृज किशोर

भाकपा माले का जिला स्तरीय जांच टीम दरपा थाना अंतर्गत पिपरा गांव में दौरा किया और ग्रामीण जनता से मिलकर सामाजिक सौहार्द एवं शांति बनाए रखने की अपील-की। दरपा थाना के पिपरा गांव में महावीरी झंडा निकालने के तय सीमा से आगे बढ़ने को लेकर, हिंदू -मुस्लिम समुदायों में तनाव बढ़ गया था ! गांव से पश्चिम दिशा में पोखरा के दक्षिण किनारे मेन सड़क समीप भगदड़ मची एवं कुछ लोगों को जख्मी होने की रिपोर्ट जांच टीम को ग्रामीणो ने दी। अल्पसंख्यक समुदाय के टोला में 5 व्यक्तियों को थोड़ी नुकसान हुई थी एवं रात्रि में कब्रिस्तान की दीवार तोड़ने की रिपोर्ट मिली । स्थानीय प्रशासन की प्रतिनियुक्ति भी थी ! विगत कुछ महीनों से धार्मिक उन्माद फैलाने एवं हुड़दंग मचाने एवं दबंगता का प्रदर्शन करने में एक दल विशेष की वाहिनी बजरंग दल के सदस्य सक्रिय थे ! पर्व त्यौहार को राजनीति का मोहरा बनाकर क्षेत्र में उन्माद फैलाना चाहते थे । घटनास्थल पर मौजूद अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस उपाध्यक्ष रक्सौल से भाकपा माले के जिला सचिव प्रभुदेव यादव ,अंचल सचिव रूपलाल शर्मा मिले ! दंगा की मंसूबा बनाए रखने वाले उन्मादियों पर कड़ी नजर रखते हुए करवाई करने की मांग की ! भाकपा माले के जिला सचिव ने कहा कि ग्रामीण इलाके में आम जनता की एकजुटता बनाए रखने में, भाकपा माले की अहम भूमिका रही है ! और आगे भी सामाजिक ताना-बाना को आबाद रखने में माले नेताओं का प्रयास जारी रहेगा ! जांच टीम में भाकपा माले जिला सचिव प्रभु देव यादव, अंचल सचिव रूप लाल शर्मा, जिला कमिटी सदस्य उपेंद्र सहनी जीत लाल सहनी और छबिलाल पासवान , अतिउल्लाह मियां ,अवधेश पंडित, अनुज पासवान, दीनानाथ राम शामिल थे !

कटिहार में दुश्मनी के कारण तालाब में डाला जहर, दो क्विंटल से अधिक मछली की हुई मौत, पीड़ित किसान इंसाफ की लगा रहे गुहार

दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्र। नगर थाना क्षेत्र के खनका मोहल्ला स्थित एक तालाब में कुछ लोगों के द्वारा दुश्मनी के कारण जहर डाल दिया गया। जहर डालने से तालाब में मौजूद सभी मछलियां मर गई। जिसके कारण किसान को दो लाख रुपए से अधिक की क्षती हुई है। घटना के बारे में पीड़ित किसान मो जमाल और उनकी पत्नी समस्या खातून ने बताया कि इस तालाब में वे लोग कई वर्षों से मछली पालन कर रहे है और अपने तथा अपने परिवार का भरण पोषण इसी से करते हैं। लेकिन उनके ही मोहल्ले के कुछ लोगों से उनका विवाद चल रहा था और उनसे बदला लेने के लिए उन लोगों ने रात के अंधेरे में तालाब में जहर डाल दिया। जब सुबह वे लोग अपने तालाब मछलियों को देखने पहुंचे तो सारी मछलियां तालाब के ऊपर मारकर तैर रही थी। लगभग दो क्विंटल मछलियां तालाब में थी और सारी की सारी मछलियां मर गई। पीड़ित पक्ष ने बताया कि कुछ माह पहले उनके पुत्र की भी हत्या कर दी गई थी। पुत्र की हत्या के मामले में कुछ लोगों को भी आरोपी बनाया गया था और उन लोगों के द्वारा बार-बार केस उठाने के लिए कहा जा रहा था। जहां वे लोग केस नहीं उठा रहे थे। जिस कारण बेटे की हत्या करने के आरोप में बनाए गए आरोपियों के द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दे दी गई है। इधर मछली के मरने के बाद पीड़ित पक्ष का रो-रो कर बुरा हाल है।

तीन माह से वेतन के लिए तरस रहे हैं शिक्षक- पंकज सिंह

छातापुर। सुपौल। तीन माह से आवंटन के अभाव में वेतन से वंचित शिक्षकों का आवंटन राज्य से जारी हुए दस दिनों से ज्यादा होने के बाद भी भुगतान करने के लिए अधिकारियों को समय नही मिल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है।यहां तक कि जिला शिक्षा कार्यालय की उदासीनता के चलते आवंटन रहने के बाद भी जनवरी से जुलाई तक का चार प्रतिशत डी ए ऐरियर का भुगतान नही हो पाया है।उक्त बातें बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सह सुपौल जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह ने कही।बताया कि त्रिवेणीगंज की शिक्षिका हुस्न आरा सहित दर्जनों शिक्षक/शिक्षिकाओं का बिना कारण कई वर्षों से वेतन बंद होने की समस्याओं के संबंध में विगत दिन जिलाधिकारी के वैश्म में संघ के प्रतिनिधियों से हुई वार्ता के आलोक में जिलाधिकारी महोदय ने डी पी स्थापना को भुगतान करने का आदेश दिया था। जिस पर वेतन तो चालू कर दिया गया लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी बकाया राशि का भुगतान नही किया जाना चिंताजनक है। कहा कि छोटी -छोटी बातों पर शिक्षकों को प्रताड़ित करने वाले शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार के आदेश का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है। कहा कि प्राधिकार के आदेश से बहाल दर्जनों शिक्षकों को बिना किसी कारण के चार-चार वर्षों से वेतन बाधित किए हुए है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय पटना के न्यायादेश के आलोक में अपर मुख्य सचिव ने पूर्व में ही सभी डी इ ओ को स्पष्ट पत्र प्रेषित कर कार्यरत शिक्षकों को भुगतान का आदेश दिया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया है कि सभी विषयों पर संज्ञान लेते हुए अविलंब तीन माह से वेतन के लिए तरस रहे शिक्षकों का भुगतान सुनिश्चित करवाया जाए।

मतदान केंद्रो के भवन व स्थल परिवर्तन प्रस्ताव से संबंधित बैठक

संवाददाता/ हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार समाहरणालय सभा कक्ष में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदान केन्द्रों का पुनर्वव्यस्वीकरण एवं स्थल परिवर्तन के संदर्भ में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में 4, बरही विधानसभा क्षेत्र में 9, मांडू विधानसभा क्षेत्र में 11, हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में 4 सहित कुल 28 मतदान केंद्रों के भवन या स्थल परिवर्तन प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत सहमति जताई गई। विदित हो कि सहायक निर्वाचन निर्वाचक पदाधिकारी की ओर से मतदान केंद्रों की वर्तमान भौतिक स्थिति यथा भवन की जर्जरता,मतदाताओं को अधिक दूरी तय करने तथा मूलभूत सुविधाओं के आभाव आदि के मापदंडों के सन्दर्भ में मतदान केंद्रों की वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं का सत्यापन कराया गया था। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जयनगर प्रखंड के बूथ संख्या 75 को नवनिर्मित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सरमाटांड़, बूथ संख्या 41 को पंचायत सचिवालय करियावां, चलकुशा प्रखंड के बूथ संख्या 287 को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मस्केडीह, बूथ संख्या 311 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महतोड़ीह,चौबे में परिवर्तित किया गया है। बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बरही प्रखण्ड के बूथ संख्या 304 को मध्य विद्यालय बेंदगी पूर्वी भाग,बूथ संख्या 305 को मदरसा अजीजया जियाउल उलूम रसोईया धमना में, बूथ संख्या 306 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लसकरी में, बूथ संख्या 323 को प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 1 में, बूथ संख्या 330 को प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 1 एवं बूथ संख्या 331 प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय बरही के कमरा संख्या 2 में, बूथ संख्या 401 को नव प्राथमिक विद्यालय अलगडीहा में,चंदवारा प्रखण्ड अन्तर्गत बूथ संख्या 223 को आंगनवाड़ी केंद्र पथलगड़ा में, बूथ संख्या 224 को उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय पथलगड़ा में परिवर्तित किए जाने का प्रस्ताव दिया गया है। मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाडी प्रखंड के बूथ संख्या 71 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय बलसगरा के उत्तरी भाग के भवन संख्या 2, बूथ संख्या 111 को नव प्राथमिक विद्यालय डोकाबेड़ा में, बूथ संख्या 113 को राजकीयकृत मध्य विद्यालय की गिद्दी सी के भवन संख्या 2 में,मांडू प्रखण्ड अंतर्गत बूथ संख्या 144,145,146,147 को श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल अमर नगर घाटो के कमरा संख्या क्रमशः 1,2,3,4 में, बूथ संख्या 184 को नव प्राथमिक विद्यालय गायत्री नगर झारखंड 15 नंबर में, बूथ संख्या 185 को विवाह भवन सीसीएल झारखंड 15 नंबर में, बूथ संख्या 243, 244 को वन विभाग कार्यालय नया भवन कूजू पश्चिमी भाग एवं उतरी भाग में परिवर्तित करने का प्रस्ताव दिया गया। हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम के बूथ संख्या 244 को आनंदा उच्च विद्यालय हजारीबाग में, सदर प्रखंड अंतर्गत बूथ संख्या 396 को मॉडल आंगनबाड़ी नर्सरी स्कूल केंद्र केसुरा 2 में, बूथ संख्या 381 को पंचायत भवन बहेरी के हॉल में, बूथ संख्या 383 को पंचायत भवन बहेरी के कमरा संख्या एक में परिवर्तित करने का प्रस्ताव दिया गया। इस प्रकार आज कुल 28 मतदान केंद्रों के स्थल परिवर्तन हेतु प्रस्ताव पर चर्चा की गई।इस बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, बरही, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह-भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बरही, उप निर्वाचन पदाधिकारी, हजारीबाग एवं सभी प्रखण्डों के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि यथा- आम आदमी पार्टी से देव चौहान, बहुजन समाज पार्टी से शीला देवी, भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी से गणेश कुमार सीटू इंडियन नेशनल काँग्रेस से कृष्णा प्रसाद सिंह एवं मनोज नारायण भगत इत्यादि उपस्थित थे।

तेज रफ़्तार ट्रक के चपेट में आने से बुजुर्ग की दर्दनाक मौत

शुभ भाष्कर/ बहादुरगंज, अजमल अख्तरख, बहादुरगंज। किशनगंज मुख्य मार्ग पर गोपालपुर चिमनी भट्ठा समीप तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मोपेड बाइक पर सवार 60 वर्षीय अधेड़ की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. सड़क दुर्घटना बुधवार को दिन के 2 बजे की है. स्थल पर ट्रक भी दुर्घटना का शिकार हुआ है. जहाँ परिस्थिति की नजाकत को देखते हुए ट्रक चालक स्थल से फरार हो गया. सूचना पर पहुंची बहादुरगंज पुलिस ने भीड़ के बीच लाश को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए किशनगंज भेज दिया है. उधर दुर्घटना से आक्रोशित लोगों ने सरकारी मुआवजा की मांग के साथ शव को सड़क पर रख मुख्य मार्ग को घंटों जाम कर दिया एवम व्यवस्था के विरोध में जमकर नारेबाजी की. जहाँ पुलिस - प्रशासन के समुचित आश्वासन एवम हस्तक्षेप के बीच किसी तरह सड़क जाम को हटाया गया. तब जाकर आवागमन को चालू किया जा सका. मिली सूचना के अनुसार , भौरादह निवासी मौलवी इदरीश आलम अपने मोपेड बाइक में सवार होकर किशनगंज से बहादुरगंज होकर अपने घर की तरफ आ रहे थे. इतने में पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने ओवरटेकिंग के चक्कर में गोपालपुर समीप अचानक ही बाइक सवार को अपने चपेट में ले किया. इतने में बाइक सवार अधेड़ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. हो - हल्ला के बीच जबतक आसपास के लोग एवम अन्य राहगीर घटना स्थल पर आये तबतक सबकुछ खत्म हो चुका था. एक तरफ सड़क पर शव पड़ा था तो दूसरी ओर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक भी सड़क के किनारे गड्ढे में गिरा पड़ा था एवम ट्रक के ड्राइवर मौके से नदारद ही थे. इस बीच सूचना के साथ ही मृतक के परिजन एवम सगे - संबंधी दुर्घटना स्थल पर पहुचे एवम दर्दनाक परिस्थिति के बीच स्थल में ही दहाड़ मारकर रोने लगे. जहाँ दर्दनाक दृश्य पर हर किसी के चेहरे पर मायूसी ही मायूसी थी.

चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करने पर गर्वः भाकपा अंचल सचिव कामरेड रघुनंदन पासवान

छातापुर।सुपौल। चंद्रयान-3 के विक्रम लैंडर के चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंड करने पर भाकपा अंचल सचिव कामरेड रघुनंदन पासवान ने कहा कि हमें अपने वैज्ञानिकों पर गर्व है। भारतीय वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में भारत को ऐतिहासिक उपलब्धि दिलाई है।1962 से देशहित में अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए समर्पित भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों ने चंद्रमा पर इतिहास रचा है। आज 140 करोड़ भारतीय को इसरो के वैज्ञानिकों पर गर्व है। भारत दुनिया का चौथा देश है जो चंद्रमा पर पहुंचा है इससे पहले अमेरिका, रूस और चीन भी चांद पर पहुंच चुके है लेकिन अपने काबिल कर्मठ और समर्पित वैज्ञानिकों के बल पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला भारत पहला देश बन गया है।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सिकटा सेवा केंद्र द्वारा भूमिपूजन संपन्न

नरकटियागंज, अशोक वर्मा। सिकटा में पूर्व से संचालित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विधालय सेवाकेंद्र द्वारा अपने निजी जमीन पर नये भवन का भूमिपूजन किया गया। भक्ति मार्ग में नाग पूजन तिथि का विशेष महत्व होता है।नागपंचमी के दिन आयोजित भूमिपूजन मे माउंट आबू के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय से पधारे बीके बीरेन्द्र भाई ने निर्माणा धीन सेवाकेंद्र का नक्शा बनाया जिसमें रिसेप्शन काउंटर ,बाबा का कमरा ,क्लासरूम एवं बहन भाइयों के लिए अलग-अलग कमरा है। उन्होंने जल्द से जल्द निर्माण कार्य शुरू करने और जल्द से जल्द निर्माण संपन्न करने की शुभकामना व्यक्त की। भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित भाई बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम संगम युग अब बिल्कुल समाप्ति की ओर है। उन्होंने यह भी कहा कि धन को सार्थक करने का अभी सुनहरा अवसर है, परिवर्तन सन्निकट है। शिलान्यास के बाद उन्होंने सभी भाई बहनों का उमंग उत्साह बढाया।उन्होंने कहा कि बाबा का यह कार्य जल्द शुरू होने वाला है और पुरा हुआ ही पड़ा है। भूमि पूजन के अवसर पर नरकटियागंज सेवा केंद्र प्रभारी बीके अबिता बहन के अलावा सेवा केंद्र के अन्य भाई-बहन उपस्थित थे।

चंद्रयान ने सफलतापूर्वक चंद्रमा की सतह पर किया लैंड

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। चंद्रयान-3 की कामयाब लैंडिंग पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने सड़क पर उतरकर खुशी का इजहार किया। विधायक मनीष जायसवाल ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झंडा चौक पर जमकर आतिशबाजी की और एक दूसरे के बीच मिठाई बताकर और गले मिलकर भारत के द्वारा इतिहास रखे जाने पर गर्व की अनुभूति करते हुए सभी को इस उपलब्धि की बधाई दी। विधायक मनीष जायसवाल ने इसरो के वैज्ञानिकों को विशेष बधाई देते हुए उनके काबिलियत की सराहना की और कहा कि संपूर्ण विश्व में इसरो के वैज्ञानिकों ने जो डंका बजाय वह भारत बेहद गर्व का पल है।

अमृत कलश नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक आकाश कुमार को सम्मान पूर्वक सौंपा

हज़ारीबाग मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बरही प्रखंड के सभी पंचायतो से मिट्टी संग्रह कर अमृत कलश बनाया गया

संवाददाता/हज़ारीबाग सोहैल किरमानी बरही। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत बरही प्रखंड के सभी पंचायतो से मिट्टी संग्रह कर अमृत कलश बनाया गया जिसे दिल्ली भेजा जाएगा। इस अमृत कलश को प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने आगे जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक आकाश कुमार को सम्मान पूर्वक सौंपा। आकाश कुमार ने बताया कि देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले 'वीरों' को श्रद्धांजलि देने के लिए दिल्ली में 'अमृत वाटिका' बनाई जानी है जिसके लिए देश के कोने-कोने से मिट्टी लेकर 'अमृत कलश यात्रा' निकाली जाएगी। यह 'अमृत वाटिका' 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक होगी। यह अभियान 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' का समापन कार्यक्रम है। बरही प्रखंड में मेरी माटी मेरा देश अभियान में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य के साथ नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों ने सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिसके लिए उन्होंने सभी का आभार भी प्रकट किया। नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी रुद्र शेखर व प्रखंड विकास पदाधिकारी के प्रति भी कृतज्ञता प्रकट की , जिन्होंने कार्यक्रम का सही मॉनिटरिंग किया। उन्होंने स्वयंसेवक निर्देशित करते हुए कहा अमृत कलश को नेहरू युवा केंद्र हजारीबाग के जिला युवा अधिकारी के साथ जिला ग्रामीण विकास अभिकरण,हजारीबाग के निदेशक को सम्मान पूर्वक सौंपे ताकि बरही प्रखंड की पवित्र मिट्टी दिल्ली पहुंच पाए।

विधि कॉलेज के 81 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का मामला उठाया

संवाददाता /हज़ारीबाग सोहैल किरमानी। भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग के पूर्व जिला अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि हजारीबाग, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य,कोडरमा जिला भाजपा संगठन प्रभारी टुनु गोप ने विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अधीन विधि कॉलेज के द्वारा विधि कॉलेज के 81 छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने का मामला उठाया है।श्री गोप ने मामले के बारे में जानकारी देते हुए कहा की विश्वविद्यालय प्रशासन और विधि कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल के आपसी रंजिश कारण छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है।इन छात्रों की समस्या को लेकर जब कुलपति से मुलाकात किया तो उनका कहना है की इनका एडमिशन गलत तरीके से किया गया है,जबकि सभी छात्रों ने बकायदा कॉलेज द्वारा अयोजित परीक्षा टेस्ट में परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपना नामांकन 18,000/ शुल्क जमा कर किया था।नामांकन हो जाने पर 3 महीने विधि कॉलेज में नियमित रूप से क्लास भी किया।जब फाइनल एग्जामिनेशन के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जाने लगा तो इन 81 छात्रों को रोक दिया गया और कहा गया की आपका नामांकन गलत तरीके से किया गया है। इस गलती के लिए छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना सरासर ग़लत है।इसके विरुद्ध मैं इन सभी छात्रों के साथ दिनांक 04/09/2023 को विनोबाभावे विश्व विद्यालय के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करूंगा जिसकी सूचना जिला प्रशासन को कर दिया हूं। मेरी एक ही मांग है की इन छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करना बंद कर इनका एडमिशन को नियमित करते हुए इन सभी छात्रों का रजिस्ट्रेशन कराया जाए जिससे भविष्य सुरक्षित हो।जिसकी विधिवत सूचना हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा जी को भी दिया गया है,उन्होंने इस अवसर पर कहा के इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बच्चों के भविष्य सुरक्षित हो सके।उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

ख़ास ख़बर

जुआ खेलते चार गिरफ्तार

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। पुलिस अधीक्षक चंदौली के निर्देशानुसार मुखबिर की सूचना पर सामुदायिक शौचालय वँशीपुर के पीछे जुआ खेल रहे चार लोगों को किया गिरफ्तार जिसमें शुभम मौर्य,मनु मौर्य,भीष्म नारायन वह अनिल कुमार बताए जाते हैं।जिनके पास से पुलिस ने 1420 रुपए नगद सहित ताश के 52 पत्ते बरामद किए।जिनपर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

विधायक सुशील सिंह ने सीएम से चन्दौली में 18 घण्टे बिजली आपूर्ति का किया मांग

धीना। किसानों के खेती व उमस भरी गर्मी को देखते सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्रक देकर चन्दौली में निर्बाध 18 घण्टे बिजली आपूर्ति का मांग किया है।इस पर सीएम ने जनपद में 18 घण्टे बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया।विधायक के मांग से अब किसानों व आमजनमानस को बिजली समस्या से निजात मिल जाएगा। जनपद में मांग के अनुरूप बारिश न होने व बिजली की लो वोल्टेज व ट्रिपिंग के चलते किसानों को खेती के लिए पानी की समस्या झेलना पड़ रही थी।समस्या को देखते हुए सैयदराजा विधायक सुशील सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्रक देकर जनपद में 18 घण्टे बिजली आपूर्ति देने का मांग किया।पत्रक के माध्यम से कहा कि सैयदराजा विधानसभा सहित जनपद में अघोषित बिजली कटौती से आम जनमानस का जन जीवन काफी प्रभावित हो गया है।जनपद में लो वोल्टेज, ट्रिपिंग व फाल्ट के चलते मात्र आठ घण्टे बिजली आपूर्ति हो रही है।कृषि प्रधान जनपद में बारिश न होने से बिजली की खपत के साथ कृषि कार्य अवरुद्ध हो गया है।जनपद में इस साल 1.26 लाख हेक्टेयर की भूमि पर खरीफ की फसल की बुआई की गई है।बिजली आपूर्ति की समस्या से सरकारी नलकूप, ट्यूबवेल व पम्प कैनाल नहीं चल पा रहे है।इस पर सीएम ने मांग के अनुरूप बिजली उपलब्ध करवाने का विधायक को भरोसा दिया।जनपद में बिजली कि समस्या दूर होने पर किसानों व आम जनमानस को काफी सहूलियत हो जाएगी।

चंद्रयान-3 की सफलतापूर्वक अपने देश के गर्व की बात है -सुशील शर्मा

चंदौली। खबर यूपी के चंदौली से है जहां चंद्रयान-3के मिशन सफल के लिए सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल में बच्चों ने भगवान से प्रार्थना की वही चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए बच्चों ने लाइव प्रसारण देखा आज पूरे देश की निगाहें चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग पर टिकी थी जहां पूरे विश्व के लोगों ने बुधवार की सायं 5:15 से लेकर 6:15 तक सबकी निगाहें चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर टिकी हुई थी वही सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चंद्रयान-3 की लाइव प्रसारण विद्यालय परिसर में देखा सैयदराजा किड्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग लाइव प्रसारण देखते ही वैज्ञानिकों की प्रति उत्साहवर्धन किया इस दौरान प्रबंधक सुशील शर्मा ने कहा कि शायद राजा किड्स पब्लिक स्कूल की तरफ से अपने देशवासियों सहित अपने देश के वैज्ञानिकों को चंद्रयान-3 के सफलता के लिए आप सभी को बधाई देता हूं आज अपने देश का ऐतिहासिक दिन किसी त्योहार से कम नहीं है आज अपने देश के प्रति गर्व की बात है जो वैज्ञानिकों की मेहनत से आज बुधवार की शाम 6:05 पर चंद्रयान 3 के लिए सफलतापूर्वक अपना परचम तिरंगे के साथ लहराया हम सभी अपने आप को गौरववन्तित महसूस कर रहे हैं हमारा देश इसी तरह आगे बढ़ता रहे हम भगवान से ही प्रार्थना करते हैं इस दौरान चंद्रयान 3 लाइव प्रसारण देखने के लिए विद्यालय मौजूद प्रधानाचार्य अर्चना सोनी ,प्रेम कुमार किरण शर्मा, निक्की ,दिव्या ,भागेश्वरी, विशाल शर्मा व आकाश शर्मा आदि शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे?

बिहार में पत्रकार की हुई हत्या के विरोध में निकला मौन जुलूस

पीडीडीयू नगर(चंदौली)। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के तत्वाधान में पीडीडीयू नगर में मौन जुलूस निकाला गया। बिहार में हुए पत्रकार विमल यादव की हत्या के विरोध एवं हत्यारों की गिरफ्तारी तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी व उचित मुआवजा बिहार सरकार से मांग के लिए लाल बहादुर शास्त्री पार्क से सुभाष पार्क मुगलसराय तक मौन जुलूस निकाला गया।वह कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।इस बाबत तहसील अध्यक्ष अमरेन्द्र सिंह ने कहा की पत्रकारों के साथ अत्याचार अब सहन नही किया जायेगा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रताड़ित पत्रकारो का खुल कर साथ देगी,नगर अध्यक्ष शाकिर अंसारी ने कहा की पत्रकारों के साथ हम लोग कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे।इस मौके पर सभी पत्रकार उपस्थित रहे तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष शाकिर अंसारी महामंत्री गोविंद मल गुप्ता,मंत्री चंचल सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश तिवारी, साजिद अंसारी,इकबाल हुसैन,संता सिंह राजन, धनंजय कुमार,तलवार सिंह, आनंद उपाध्याय, सूरज सिंह,रवि जायसवाल, आफताब आलम,कमलेश तिवारी,भागवत नारायण चौरसिया, विजय गुप्ता अन्य मौजूद रहे।

मासूम को बंदी बना कर किया था रेप, कोर्ट ने सुनाई 21 साल की कठोर सजा

अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली। यूपी के चंदौली में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम तथा त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

रेप के आरोपी को मिली सजाः खबर यूपी के चंदौली जिले से है जहां बीते 2018 में सैरदराजा थाना क्षेत्र में हुए रेप के एक मामले में विशेष न्यायाधीश पास्को की अदालत ने अपना फैसला सुना दिया है। मामले में आरोपी ज्ञान प्रकाश को अदालत ने 21 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने आरोपी पर 16 हजार का अर्थदंड भी लगाया। वैज्ञानिक विवेचना, अचूक साक्ष्य संकलन और पुलिस तथा लोक अभियोजक की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप दोषी को सजा मिल पाया।

फरवरी 2018 की है घटनाः जानकारी के अनुसार 26 फरवरी 2018 को सैयदराजा क्षेत्र में एक 11 साल के नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर, कमरे के अन्दर बंदी बना कर रेप करने के मामले में पुलिस ने आरोपी ज्ञान प्रकाश उर्फ ज्ञानू पांडे पर 84/2018 धारा 342,376(2)च भादवि व 5m/6 पाक्सो एक्ट में मुजदमा दर्ज किया। जिसके बाद पुलिस द्वारा वैज्ञानिक विवेचना व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया।

प्रभावी पैरवी के कारण मिली सजाः स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो) की प्रभावी पैरवी के चलते आज विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) जनपद चन्दौली द्वारा नाबालिग बच्ची को बंदी बनाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी ज्ञान प्रकाश पाण्डेय उर्फ ज्ञानू पुत्र गौरी शंकर उपाध्याय को 21 वर्ष का कठोर कारावास व 16 हज़ार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

हैप्पी बर्थडे विधायक जीः चाहने वालों ने कहा लग जाये हमारी उम्र

अशोक कुमार जायसवाल, चंदौली। यूपी के चंदौली जिले के मुग़लसराय विधायक का आज 51वां जन्मदिवस है। विधायक के चाहने वालों ने उनका जन्मदिवस आज धूमधाम से मनाया और शुभकानाएं दी। इससे पहले मुग़लसराय विधायक रमेश जायसवाल के करीबी लोग तथा कार्यकर्ता गल्ला मंडी चौराहे पर ढोल नगाड़ों पर थिरके और जमकर आतिशबाजी की। साथ ही गायक ओम तिवारी ने कुछ गीत और गजल गाकर समा बांधा। इस दौरान मुग़लसराय विधायक के करीबी लोगों ने विधायक रमेश जायसवाल के लिए मंगल कामना किया और कहा कि विधायक को उनकी उम्र भी लग जाये। मौजूद सभी ने केक काट कर मुग़लसराय विधायक के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया।इस दौरान लक्ष्मण जायसवाल, मंगल जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, पप्पू, प्रिंस जायसवाल, रमेश सिंह चौहान, मनोज जायसवाल, जीव जायसवाल, विवेक जायसवाल, राकेश तिवारी, गुड्डू जायसवाल, सागर गुप्ता, विजय गुप्ता, शादाब अशरफ, जयप्रकाश जायसवाल, ओम तिवारी गायक, सुधीर चौहान, प्रभु नाथ जायसवाल, मालती गुप्ता, आराधना गुप्ता, महेंद्र चौहान, सुजीत नेता सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहें।

चंद्रयान-3 के सफलता हेतु छात्रों ने की ईश्वर से प्रार्थना



पीडीडीयू/चंदौली। अलीनगर सकलडीहा रोड स्थित ज्योति कॉन्वेंट स्कूल में दिन बुधवार चंद्रयान-3 के सकुशल सफलता के लिए विद्यालय के छात्रों ने ईश्वर से प्रार्थना की और साथ ही चंद्रयान-3 की आकृति बनाकर इसरो के वैज्ञानिकों को एवं देशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय के चेयर पर्सन कृष्ण मोहन गुप्ता ने बताया की विद्यालय के छात्र चंद्रयान 3 को लेकर काफी उत्साहित है और आज सायं 5:30 से 6:30 के बीच इसका अपने राष्ट्रीय चैनल दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण भी देखेंगे। उन्होंने कहा हमें गर्व है अपने देश और के वैज्ञानिकों के ऊपर साथ ही देश के प्रधानमंत्री को भी धन्यावाद दिया को उन्होंने हमेशा अपने वैज्ञानिकों का उत्साह वर्धन करते रहते है। वही इस सभा के दौरान विद्यालय के छात्र हरिओम सिंह कक्षा 7 ने ने चंद्रयान-3 के बारे में विस्तृत जानकारी अन्य छात्रों को दी।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मौर्या,उप प्रधानाचार्य प्रकाश मंडल, अध्यापकजनों में तापसी मंडल,शीतल कुमारी दीपांजलि पांडेय,रितु, राजकुमारी ,रीना,सीमा,सुजैन,जानकी, पूजा ,अन्नू,सनोज कुमार,हेमंत शर्मा,नवीन भूषण,आनंद तिवारी,सन्नी कुमार,हिमांशू शर्मा,प्रभात शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

राधा कृष्ण संकर पार्वती दुर्गा काली भगवान के भेस धरे कलाकार अश्लील गीतो पर नृत्य

डीडीयू नगर मुगलसराय। सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त काशी का गौरव झांकी परिवार संस्थान के पदाधिकारियों की एक बैठक संस्था कार्यालय में संपन्न हुई। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि शादी विवाह , धार्मिक अवसरों एवं किसी भी शुभ अवसर पर राधा , कृष्ण , संकर , पार्वती , दुर्गा , काली इत्यादि भगवान का रूप धरकर कलाकार अश्लील गीतों पर भाव नृत्य , खैनी , सिगरेट , बीड़ी , पान, तंबाखू , गुटका , शराब , वियर इत्यादि नसीले पदार्थों का सेवन करते हुए मेकप ग्रीन रूम या स्टेज पर पकड़े जाने , वीडियो या फोटो वायरल होने पर आर्थिक दण्ड लगाने के साथ साथ झाकी कार्यक्रम करने से बहिस्कृत करने का सर्व सम्मती से निर्णय लिया गया। अन्य शहरों बाहर से आए हुए कलाकारों को संस्था का सदस्य बनना जरुरी है नहीं तो उनके कार्यक्रम पर रोक भी लगाने का प्रावधान बनाया गया तथा कई प्रमुख बिंदुओं पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। झांकी के मंडली मास्टर एवं कलाकारों का प्रमाण पत्र , आई कार्ड बनाने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसमें कुछ मंडली मास्टर व कलाकार फार्म भरकर अपना प्रमाण पत्र , आई कार्ड प्राप्त भी कर लिये है। जो झाकी के मंडली मास्टर कलाकार हमारे संस्था द्वारा बनाए गए नियमावली का पालन करते हुए संस्था से जुड़कर कार्य करेंगे काशी का गौरव झांकी संस्था हर दुख सुख में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम करेगी। उक्त अवसर पर सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक एवम सांस्कृतिक सुर सरिता संस्था के सचिव एवं काशी का गौरव झांकी परिवार संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गायक अशोक सिद्धार्थ ने सभी पदाधिकारियों को मैडल पहनाकर सराहनीय कार्य के लिए संस्था के महामंत्री राजकुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात संस्था की संरक्षक पदमा किन्नर जी ने अशोक सिद्धार्थ को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।बैठक की अध्यक्षता विजय बाल्मिकी जी एवं सफल संचालन गायक अशोक सिद्धार्थ केसरवानी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पदमा किन्नर सरंक्षक , विजय बाल्मिकी अध्यक्ष , गायक अशोक सिद्धार्थ वरिष्ठ उपाध्यक्ष , राजकुमार महामंत्री , डा परसा नाथ कोषाध्यक्ष , सशांक मिश्र संगठनमंत्री , बड़ी मुस्कान मंत्री , अनिल यादव गणेश उपमंत्री , गोलू सूचनामंत्री , अशोक कुमार जायसवाल मीडिया प्रभारी , अमित कनौजिया दुर्गा सदस्य उपस्थित होकर अपना अपना विचार व्यक्त किये।

चहनियां क्षेत्र के बिजलीं की समस्या को लेकर एमडी से मिले

चहनियां। चंदौली चहनियां क्षेत्र में बिजलीं की समस्या को लेकर सहकारी समिति नादी के प्रतिनिधि अजीत सिंह बुधवार को वाराणसी स्थित बिजली विभाग के एमडी शंभु कुमार से मुलाकात कर बिजलीं की कटौती व फाल्ट का मुख्य कारण बताया । मंगलवार को वे ऊर्जा मंत्री से भी मिले थे । जिसे ऊर्जा मंत्री व एमडी ने जल्द समस्या को दूर करने का आश्वाशन दिया । पत्रक देते हुए अजीत सिंह ने एमडी को बताया कि धानापुर से आयी 33 हजार की मेन सप्लाई से सुरतापुर,मारूफपुर व चहनियां बिद्युत उपकेन्द्र का मेन सप्लाई एक ही में ज्वाइंट कर दिया गया है । जिसे अलग करने के लिए केबिल की आवश्यकता है । इसके लिए विभाग से एक साल पहले ही प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है । यदि इन तीनो को अलग अलग कर दिया जाय तो फाल्ट व लोड की समस्या खत्म हो जायेगी । लोगो को सरकार के अनुरूप 18 घण्टे सप्लाई मिलेगी । उन्होंने यह भी बताया कि इधर विगत एक दो महीने से बिजलीं की जटिल समस्या उतपन्न हो गयी है । इधर पांच छह दिनों से और समस्या उतपन्न हो गयी है । दिन व रात मिलाकर कुल 5 या 6 घण्टे की सप्लाई मिल रही है । लोगो को पानी मिलना भी मुश्किल हो गया है । लोगो का इन्वर्टर,मोबाइल तक चार्ज नही हो पा रहा है । इसके अलावा जनपद में भी बिजलीं की समस्या को लेकर चर्चा किया । एमडी ने आश्वाशन दिया कि एडिशनल विजनेस प्लान में बजट पास कराकर दिया जा चुका है । विभाग ने इसे अवगत कराया था । जल्द ही इस समस्या को दूर करने के लिए एक्सीयन को निर्देशित किया जा चुका है ।

कैलीचौराहे को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग लगभग एक दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है



शुभ -भास्कर सकलडीहा। चंदौली क्षेत्र के स्थानीय चौराहे से होकर कैली चौराहे को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग लगभग एक दशक से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है बरसात के दिनों में फिसलन हो जाने के कारण अक्सर आवा गमन करते समय राजगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं राहगीरों के कहीं बात शिकायत के बाद मात्र 1 किलोमीटर सड़क का मरम्मत 6 महीने पूर्व कराया गया जिसकी गिट्टियां चंद महीनों में ही उखाड़ कर सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई क्षेत्र ही नहीं बल्कि जनपद की तमाम सड़के मरम्मत क्या भाव में वर्षों से बदली पद आंसू बहा रही है इसके तहत तारा जीवनपुर चौराहे से होकर कैली चौराहे को जोड़ने वाली लगभग 5 किलोमीटर सड़क एक दशक से अपनी बदली पर आंसू बह रही है जगह-जगह सड़क पर बने गधों में पानी भर जाने वह फिसलने बढ़ जाने के कारण अक्सर आवागमन करते समय जागीर गिरकर छोटी हो जा रहे हैं यही नई स्थानी चौराहे से रुपीपुर रेलवे फाटक तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क का मगरमच्छ 6 महीने पूर्व कराया गया इस सड़क की गिटीया चंद महीने मैं उखाड़ कर किनारे लग गई जिससे यहां भी स्थिति जस की तस हो गई इसको लेकर क्षेत्र के राजकुमार पप्पू प्रदीप वारिस अंसारी श्रवण यादव राम आधार सासहुद हाशमी अनिल प्रजापति यशवंत नामवर यादव शाहिद तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया

लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारी का चयन करने का काम कर रही है

शुभ भास्कर सकलडीहा। चंदौली समाजवादी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर निरंतर संगठन को मजबूत बनाने के लिए पदाधिकारी का चयन करने का काम कर रही है इसके तहत रेवसा गांव निवासी विजय गौड बॉर्डर को समाजवादी पार्टी ने अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त कर संगठन को धार देने का काम किया है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के संतुष्टि पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के निर्देश पर समाजवादी पार्टी अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष व्यास जी गोंड द्वारा चंदौली के गांव निवासी युवा नेता विजय बॉर्डर को प्रदेश के राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव मनोनीत कर युवाओं में जोत भरने का काम किया है उन्होंने निरंतर समाजवादी पार्टी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाने का काम करते चले आ रहे हैं प्रदेश सचिव नियुक्त किए जाने पर उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों के हित में काम किया है हमें जी भी यह सम्मान मिला है।

तेल माफिया का 60 लाख की संपत्ति जब्त

चंदौली। उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित संगठित अपराध की रीढ़ पर प्रहार नीति के तहत चन्दौली पुलिस व प्रशासन द्वारा संगठित तथा पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अलीनगर पुलिस द्वारा तेल माफिया के विरुद्ध कार्यवाही की गई।करीब 60 लाख की संपत्ति जब्तपुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एसपी डॉ0 अनिल कुमार के निर्देशन में कुख्यात, गैंगस्टर अभियुक्तों की अवैध सम्पत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अलीनगर पुलिस ने 17/2023 धारा-3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी किया-कलाप (निवारण) अधिनियम से संबंधित शातिर तेल माफिया श्रवण चौहान, निवासी वार्ड नं0 5 बिछड़ी थाना अलीनगर द्वारा अपने आर्थिक, भौतिक और अनुचित दुनियाबी लाभ हेतु आपराधिक कृत्यों से अर्जित धन से ग्राम मुगलचक परगना धूस तहसील पीडीडीयू नगर जनपद चन्दौली में मकान निर्माण कराया जा रहा था। जिससे अपने अवैध धन को वैध रूप दे सके, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 60 लाख रुपये है। आपराधिक कृत्यों के अर्जित धन से क्रय की गई, उक्त सम्पत्ति को जिला मजिस्ट्रेट चन्दौली द्वारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत राज्य सरकार के पक्ष में कुर्क करने हेतु दिए गए।

अभियान महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण को ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है

चलाया जा रहा विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान

पीडीडीयू नगर (चंदौली)। "मिशन शक्ति"अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण एवं जागरूकता हेतु पूर्व में चलाए गए 15 दिवसीय सफल अभियान के उत्साहवर्धक परिणामों के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार मुख्यालय महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, लखनऊ के आदेश के क्रम में प्रत्येक माह 10 दिवस हेतु (दिनांक 21 से 30 तक) पुनः विशेष महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण अभियान चलाया जा रहा है। जनपद के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांवों में भ्रमण कर प्राथमिकता के आधार पर महिला/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना,पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नहीं आना पड़ेगा अपितु"शक्ति दीदी" नियमित अन्तराल पर ग्राम चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनसे संवाद कर उनकी शिकायतों का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कराया जा रहा है। महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव की महिलाओं के साथ एक"शक्ति दीदी" के रूप में जुड़ कर

उन्हें सशक्त व सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। समस्या कोई भी हो कभी भी कहीं भी ग्रामीण महिलाएं "शक्ति दीदी"से निसंकोच बात कर सकती हैं।उसी क्रम में आज जनपद के विभिन्न गांवों में चौपाल लगा तथा विद्यालयों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन)के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर, जैसे- 1090,112,1076, 1098,108 आदि की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकता पड़ने पर इनके प्रयोग हेतु बताया गया।साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी गई।सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर उन्हें जागरूक किया गया।

आठ सुत्रीय मांग को लेकर किया धरना प्रदर्शन

चहनियां ।चंदौली। ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश द्वारा बुधवार को ब्लाक मुख्यालय परिसर में आठ सुत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया इस दौरान रोजगार सेवक मंडल अध्यक्ष सावित्री सिंह ने कहा कि 4अक्टूबर 2021 में डिफैस एक्सपो वृंदावन लखनऊ के मैदान में आयोजित सम्मेलन में प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री के द्वारा ग्राम रोजगार सेवकों व मनरेगा कर्मियों के सम्बन्ध में कि गयी घोषणाओं पर आदेश निर्गत कराये जाय जिससे जाब चार्ट में कार्य जोड़ना सेवा समाप्ति उपायुक्त मनरेगा की ही सहमति से व एच आर पालिसी लागू किया जाय मध्यप्रदेश, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान कि तरह वेतनमान मानदेय बढ़ोतरी ग्राम विकास अधिकारी भर्ती में 50 प्रतिशत का कोटा रोजगार सेवक के लिए आरक्षित ग्राम रोजगार सेवकों से मुल ग्राम पंचायत के साथ साथ रिक्त ग्राम पंचायतों में लिया जाय एवं मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ रोजगार सेवकों को हि दिया जाय कोविड के अतिरिक्त अकास्मिक दुर्घटना से मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवा समायोजित ईपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों के यूएएन खाते में भेजी जाय ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा व पदनाम ग्राम विकास सहायक करने के साथ ही पूर्व वित्तीय वर्षों का बकाया मानदेय दिलाया जाय। उन्होंने ने अपनी आठ सुत्रीय मांग का पत्रक खंड विकास अधिकारी प्रमोद गुप्ता को दिया खंड विकास अधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा कि आप लोगों का मांग पत्र ज़िले के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए माग पत्र दे दिया जायेगा।इस दौरान रामअवतार चौहान पवन शर्मा, रविशंकर प्रसाद, सतीश चौहान, सुरेन्द्र कुमार, संतोष कुमार, रीमा सिंह, आरती देवी,पुनम,रूपा, सुनिता, मधुलिका, ममता,रेनु, गुप्तनाथ, बलिराम पांडेय आदि लोग मौजूद रहे। संचालन रामअवतार चौहान ने किया।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324
सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।